CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम : 09°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 4 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 323 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करा रही सरकार : राहुल पेज 2



विराट कोहली वनडे बैटिंग रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंचे खेल टाइम्स



भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना सम्पादकीय



अफगानिस्तान: 13 साल के बच्चे ने दी मौत की सजा पेज 12



हैदराबाद : सिकंदराबाद में पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते अग्निवीर।

# भारत-रूस एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे

**मास्को।** रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने भारत और रूस के बीच हुए एक सैन्य समझौते (आरईएलओएस) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, फैसिलिटीज व संसाधनों का इस्तेमाल और एक्सचेंज कर सकेंगी।

इनके विमान, वॉरशिप ईंधन भरने, मिलिट्री बेस पर डेरा डालने या अन्य लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पर आने वाला खर्च बराबर-बराबर उठाया जाएगा। यह मंजूरी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से दो दिन पहले दी गई है। यह समझौता इस साल 18 फरवरी को भारत और रूस के बीच किया गया था। पिछले हफ्ते रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने इसे संसद में मंजूरी के लिए भेजा था। रूसी संसद के स्पीकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते बहुत मजबूत हैं और यह समझौता उन रिश्तों को और बेहतर बनाएगा। रूसी सरकार ने भी बताया कि इस समझौते से दोनों देशों की सैन्य साझेदारी ज्यादा मजबूत होगी और जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करना आसान हो जाएगा। इस समझौते के बाद भारत ऐसा पहला देश बन जाएगा, जिसका अमेरिका और रूस के साथ सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर साझा करने का समझौता होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रूस के साथ यह समझौता अंतिम चरण में है। इससे अमेरिका-रूस के बीच किसी सैन्य टकराव की नौबत पैदा नहीं होगी। इस समझौते के तहत जंग या किसी सैन्य संघर्ष के दौरान मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत -**शेष पृष्ठ दो पर**



- रक्षा समझौते को रूसी संसद की मंजूरी, जंग के समय मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी

### पुतिन की यात्रा से पहले दिल्ली में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू हो रही दो दिवसीय भारत यात्रा से पहले राष्ट्रीय राजधानी में असाधारण, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह हाई-प्रोफाइल यात्रा दिल्ली में लाल किले के पास हुए पूरे देश को झकझोर देने वाले आतंकी हमले के ठीक 25 दिन बाद हो रही है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती मानी जाती है। इसे देखते हुए सात-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रूसी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की टीमें पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं। और सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनके यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी व यूपी समेत 5 राज्यों के एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** देश के 5 राज्यों के एयरपोर्ट में बुधवार को उड़ानें प्रभावित रहीं। इनमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक शामिल हैं। कहीं पर तकनीकी समस्या को वजह बताया गया तो किसी एयरपोर्ट पर क्रू की कमी की बात सामने आई। दिल्ली में चेक इन प्रोसेस में दिक्कत आई, जिसके बाद उसे मैन्युअल कर दिया गया। सबसे ज्यादा असर इंडिगो की फ्लाइट पर पड़ा। देशभर में इसकी 70 उड़ानें कैंसिल की गईं। जिसमें से 11 मध्य प्रदेश की थीं। वहीं हैदराबाद में 13, बेंगलुरु में 42 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ीं। वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों को बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ने दुनियाभर में बड़ी सर्विस आउटेज की रिपोर्ट दी है।

### राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट, बीकानेर में तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में दिसम्बर की शुरुआत से बर्फबारी का मौसम बन रहा है। इसके चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार से तापमान और गिर सकता है। इसका असर इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग में सबसे ज्यादा रहेगा और सर्दी बढ़ेगी। इससे पहले मंगलवार को भोपाल और इंदौर में न्यूनतम पारा 9 डिग्री से नीचे रहा। राजस्थान में बुधवार से अगले 3 दिन शीतलहर की चेतावनी है। चूरू, झुंझुनूं और सीकर में कोल्डवेव का येलो अलर्ट रहेगा। मंगलवार को सबसे कम तापमान बीकानेर के पास लूणकरणसर में 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### प. बंगाल में 32000 टीचर्स की नौकरी नहीं जाएगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 32000 प्राइमरी टीचर्स की नौकरी अब नहीं जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने बुधवार को 2023 का फैसला पलट दिया। जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस रीताब्रत कुमार मित्रा की बेंच ने कहा कि 9 साल बाद नौकरी खत्म करने का प्राइमरी टीचरों और उनके परिवारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। 2023 में जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय की सिंगल बेंच ने 2016 में भर्ती हुए टीचरों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। इस भर्ती के खिलाफ कुछ कैंडिडेट ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

# सरकार ने संचार साथी एप की अनिवार्यता हटाई

## कहा: इसकी स्वीकार्यता बढ़ रही, जन भागीदारी बढ़ाना था उद्देश्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संचार साथी एप को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार ने फोन में इस एप के प्री-इंस्टॉलेशन को जरूरी नहीं बताया है। दूरसंचार मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट जारी कर इस एप की प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता को हटाने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है.. . संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए अनिवार्य प्री-इंस्टॉलेशन को हटाने का फैसला लिया है। बता दें कि केंद्र सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। 28 नवम्बर को सरकार से आदेश मिलने -**शेष पृष्ठ दो पर**



- एप पर बढ़ रहा था राजनीतिक घमासान
- अब तक 1.4 करोड़ डाउनलोड
- रोजाना लगभग 2000 ऑनलाइन फ्रॉड मामलों की जानकारी भेज रहे

### डुप्लीकेट IMEI नंबर से बढ़ रहा साइबर क्राइम

**नई दिल्ली।** भारत में 1.2 अरब से ज्यादा मोबाइल यूजर्स हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा मार्केट है, लेकिन फर्जी या डुप्लीकेट आईएमईआई नंबर की वजह से साइबर क्राइम बढ़ रहा है। आईएमईआई एक 15 डिजिट का यूनीक कोड होता है, जो फोन की पहचान करता है। अपराधी इसे क्लोन करके चोरी के फोन को ट्रैक से बचाते हैं, स्कैम करते हैं या ब्लैक मार्केट में बेचते हैं। सरकार का कहना है कि यह एप पुलिस को डिवाइस ट्रेस करने में मदद करेगा। सितम्बर में डीओटी ने बताया था कि 22.76 लाख डिवाइस ट्रेस हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि संचार साथी एप से यूजर्स को सीधा फायदा मिलेगा। चोरी का फोन होने पर आईएमईआई चेक करके तुरंत ब्लॉक कर सकेंगे। फ्रॉड कॉल रिपोर्ट करने से स्कैम कम होंगे, लेकिन एप डिलीट न होने से प्राइवेसी ग्रुप्स सवाल उठा सकते हैं। सरकार के मुताबिक, यूजर कंट्रोल कम होगा। भविष्य में एप में और फीचर्स जुड़ सकते हैं, जैसे बेहतर ट्रैकिंग या एआई बेस्ड फ्राड डिटेक्शन। डीओटी का कहना है कि यह टेलीकॉम सिक्योरिटी को नेक्स्ट लेवल पर ले जाएगा।

# बांग्लादेश डिपोर्ट की गई गर्भवती महिला को वापस लाएं: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: कानून इंसानियत से बड़ा नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह नौ महीने की गर्भवती सोनाली खातून और उसके 8 साल के बच्चे को बांग्लादेश से वापस लाए। कानून को कभी-कभी इंसानियत के आगे झुकना होता है। यह फैसला उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें बांग्लादेश डिपोर्ट किए गए परिवार को वापस भारत लाने की मांग की गई थी।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया सरकार सोनाली और उनके बेटे को भारत आने देगी। उन्होंने साफ किया कि यह अनुमति मानवीय आधार पर होगी । इससे नागरिकता से जुड़े मुद्दों पर सरकार का रुख प्रभावित नहीं होगा। दरअसल सोनाली खातून और परिवार के 5 लोगों को बांग्लादेशी होने के शक में जून में दिल्ली से हिरासत में लिया गया था। इसके बाद 27 जून को उन्हें सीमा पार बांग्लादेश भेज दिया गया था। कोर्ट इस मामले में आगे की कार्यवाही 10 दिसम्बर को करेगा, जिसमें परिवार के अन्य सदस्यों की वापसी पर सुनवाई होगी। सोनाली , उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने 18 जून 2025 को रोहिणी इलाके से हिरासत में लिया था। पुलिस को उनके बांग्लादेशी होने का शक था।

केंद्र सरकार ने जून में परिवार को देश से निकाला था



### 15 मिनट में बात खत्म कीजिए, दिल्ली दंगा मामले में आरोपियों के वकीलों को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इस मामले में बहस काफी लंबी हो चुकी है, इसलिए अब समय सीमा तय की जा रही है। अदालत ने आरोपियों के वकीलों से कहा कि वे अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट में सीमित रखें। इस दौरान न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारिया की पीठ ने यह भी कहा कि आरोपियों की दलीलों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की तरफ से की जाने वाली सफाई या जवाब 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 9 दिसम्बर के लिए तय की है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के वकीलों को उनके स्थायी पते जमा करने का भी निर्देश दिया।

# जल्द लागू होगी ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता को मजबूत करने के उद्देश्य से खिड़की से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित टिकट वितरण प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है।

रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह नई व्यवस्था अगले कुछ दिनों में देशभर के सभी आरक्षण काउंटरों पर लागू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि रेलवे ने जुलाई में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए 'आधार' ओटीपी सिस्टम लागू किया था। इसके बाद अक्टूबर में सभी सामान्य आरक्षण



बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली शुरू की गई थी। इन दोनों पहल को यात्रियों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया, जिससे टिकट वितरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी। विज्ञप्ति के मुताबिक रेलवे द्वारा नवम्बर में काउंटर बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था।

# दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में भाजपा को दो सीटों का नुकसान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों पर उपचुनावों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने 7, आम आदमी पार्टी ने 3 और कांग्रेस-ऑल इंडिया फॉर्वर्ड ब्लॉक ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की है। इससे पहले 12 वार्डों में से 9 भाजपा और 3 आप के पास थे।

दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद हुए इस पहले चुनाव में पार्टी को 2 सीटों का नुकसान हुआ है। वहीं, कांग्रेस अपना खाता खोलने में कामयाब रही है। बीजेपी ने जिन वार्डों में जीत दर्ज की उनमें द्वारका-बी, अशोक विहार, ग्रेटर कैलाश, दिचाऊं कलां, शालीमार बाग-बी, विनोद नगर और चांदनी चौक शामिल हैं। आप ने नरैना, मुंडका, दक्षिणपुरी और एक अन्य सीट जीती। कांग्रेस के सुरेश चौधरी ने संगम विहार-। से 3628 वोटों की बढ़त से जीत हासिल की। यह कांग्रेस की एकमात्र जीत रही। चांदनी महल से एआईएफबी के मोहम्मद इमरान जीते। इन 12 वार्डों में मतदान 30 नवम्बर को हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत 38.51 फीसदी रहा, जो 2022 में 250 वार्डों पर हुए चुनावों के 50.47 फीसदी टर्नआउट से काफी कम है। इस उपचुनावों में भाजपा ने जिन 2 सीटों को खोया है, वो दोनों सीट आप को मिली है। आप को भी अपनी 2 पुरानी सीटों पर हार मिली, इस वजह से उसके पास पहले की तरह 3 ही सीटें रही।

- नौ से घटकर सात सीटें हुईं, कांग्रेस का खाता खुला, 'आप' की तीन सीटें बरकरार

# मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

जगदलपुर, वार्ता

**दंतेवाड़ा व** बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। एनकाउंटर में 12 माओवादियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान बलिदान हो गए हैं, जबकि दो जवान घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी है, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी, जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एएलआर राइफलें, .303 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया है। मारे गए माओवादियों की पहचान की जा रही है। इस ऑपरेशन में बीजापुर डीआरजी के दो जवान बलिदान हो गए हैं। बलिदान हुए जवानों के नाम प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, डीआरजी, आरक्षक दुकारू गोंडे, डीआरजी, जवान रमेश सोड़ी, डीआरजी हैं। बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है। बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चौतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चौतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गईं।

- ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद, और बढ़ सकती है मारे गए नक्सलियों की संख्या

# कांग्रेस ने मोदी का चाय बेचते एआई वीडियो किया पोस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- चाय बोलो, चाय चाहिए बोलते दिखाया गया
- भाजपा बोली- शर्मनाक, जनता कभी माफ नहीं करेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाय बेचते हुए एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इसमें पीएम को चायवाला दिखाया गया है। उनके हाथ में चाय की केतली है।

दूसरे हाथ में ग्लास है। वीडियो में मोदी को जोर-जोर से चाय बोलो, चाय-चाय चाहिए बोलते दिखाया गया गया है। एआई वीडियो में पीएम रेड कारपेट पर चल रहे हैं। उनके पीछे भारत सहित कई देशों के झंडे लगे हैं। इनमें भाजपा का भी झंडा है। इस एआई वीडियो को कांग्रेस प्रवक्ता डा. रागिनी नायक ने पोस्ट किया है। रागिनी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा कि अब ई कौन किया बे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे शर्मनाक बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नामदार कांग्रेस ओबीसी समुदाय से आने वाले कामदार प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर सकती। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस की तरफ से पीएम का एआई वीडियो शेयर किया गया है। इससे पहले 12 सितम्बर को बिहार कांग्रेस ने एक्स पर पीएम मोदी और उनकी मां का एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि साहब के सपनों में आईं मां। देखिए रोचक संवाद। वीडियो में दो किरदार दिखाए गए। इनमें एक बुजुर्ग महिला को दिखाया गया, जो शक्ल से पीएम मोदी की दिवंगत मां हीराबेन जैसी दिख रही थीं।



## संक्षिप्त समाचार

### रुपया 90.30 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर गिरा

**मुंबई।** रुपये में बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 43.50 पैसे गिरकर 89.9650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 89.96 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला और 89.93 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। दोपहर के समय यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया था। शाम 4.30 बजे भारतीय मुद्रा 22.75 पैसे नीचे 90.1925 प्रति डॉलर पर थी। बाजार में अभी कारोबार जारी है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपया कमजोर हुआ।

### बीएचयू में जमकर हुआ बवाल, छात्रों व सुरक्षाकर्मियों में पथराव

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में मंगलवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर पथराव हुआ। परिसर कुछ देर के लिए जंग के मैदान जैसा बन गया। तोड़फोड़ में कई गमले, वाहन और कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही कई थानों की पीएसी बल मौके पर पहुंचा तथा काफी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित की। घटना की शुरुआत राजाराम छात्रावास के पास हुई, जहां एक वाहन ने कथित तौर पर एक छात्रा को टक्कर मार दी। शिकायत करने पहुंचे छात्रों के साथ सुरक्षाकर्मियों की बहस हो गई। दूसरी ओर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कर्मियों का कहना है कि कुछ छात्र एक अन्य लड़के से पहले से ही विवाद कर रहे थे। जब उन्हें रोका गया, तो वे सुरक्षाकर्मियों से ही उलझ गए। देखते-देखते बड़ी संख्या में छात्र जमा हो गए।

### सीएम के अवैध घुसपैठियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

# यूपी के हर मंडल में बनेंगे डिटेंशन सेंटर: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम का रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कड़ा प्रहार
■ 17 नगर निगम निकायों में सूची तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठ को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार की तरफ से रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान को और भी तेज कर दिया है। सीएम योगी के निर्देश पर 17 प्रमुख नगर निगम निकायों में काम करने वाले संदिग्ध विदेशी नागरिकों की सूची तैयार करने का काम शुरू हो गया है।

सरकार की तरफ से हर मंडल में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने के आदेश दे दिए गए हैं। घुसपैठियों की पहचा कर उन्हें हिरासत में लेकर उनके देश निर्वासित करने का भी निर्देश दे दिया गया है। बता दें कि सरकार की तरफ से ये कार्रवाई नवंबर 2025 से चल रही थी। हाल ही में लखनऊ में मंत्री आवास के पास बने अवैध बस्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों (डी) को अवैध प्रवासियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया मुख्यमंत्री ने 17 शहरी स्थानीय निकायों जैसे लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, वाराणसी, कानपुर, आगरा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशी मूल के लोगों की सूची तैयार करें। यह सूची कमिश्नर और आईजी को सौंपी जाएगी, जो पहली चरण में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने का काम संभालेंगे। बताया जा रहा है कि यूपी में भी विदेशी घुसपैठियों को निर्वासित करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर डिटेंशन सेंटर बनाए जाने हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद इसकी प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। उनको वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए जगह तलाशी जा रही हैं। शासन की तरफ से अधिकारियों को घुसपैठियों को रखने के लिए खाली सरकारी इमारतों, सामुदायिक केंद्र, पुलिस लाइन, थाने चिह्नित करने का निर्देश भी दे दिया गया है। दिल्ली में इस समय18 डिटेंशन सेंटर हैं। गोमती नगर में चेकिंग अभियान के लिए आए पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस्ती में रहने वाले लोगों से उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड चेक किए जा रहे हैं। इनमें से ज़्यादातर लोग हरदोई और सीतापुर के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम इनका वैरिफिकेशन करते रहते हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा कि अभी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के ज़रिए वैरिफिकेशन किया जा रहा है।

### यूपी के कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया, तो प्रमोशन नहीं

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 31 जनवरी 2026 से पहले सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया ह। सरकार ने कहा है कि 1 फरवरी 2026 से होने वाली किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में उन कर्मचारियों का नाम तक नहीं लिया जाएगा, जिन्होंने संपत्ति का ब्योरा नहीं भरा होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कई कर्मचारी सोचते थे कि ये सिर्फ औपचारिकता है। अब जब प्रमोशन रुकने और कार्रवाई की बात आई है तो सबके होश उड़ गए हैं। उत्तर प्रदेश में अब सरकारी जॉब करने वालों की जेब और संपत्ति दोनों पर सरकार की नजर रहेगी। सरकार ने चेतावनी दी है कि जो भी अधिकारी और कर्मचारी 31 जनवरी 2026 तक अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं डालेंगे, उनका प्रमोशन (पदोन्नति) हमेशा के लिए रुक जाएगा, इतना ही नहीं उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी।

## प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करा रही सरकार: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ विपक्ष के नेता ने मोदी सरकार पर बोला हमला

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर अरावली पहाड़ियों पर प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार आने वाली पीढ़ियों के हितों की अनदेखी कर प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रही है।

राहुल गांधी ने यह टिप्पणी कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अखबार में प्रकाशित उस लेख के संदर्भ में की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार अरावली पहाड़ियों के लिए पर्यावरणीय परिभाषा बदल रही है और इससे पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरु से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है। वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है। उन्होंने सवाल किया क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए कि उससे लाखों लोगों के हितों को नजरदअंदाज किया जाए। श्रीमती गांधी ने अपने लेख में लिखा कि अरावली पहाड़ियों को लेकर जो नीतियां तैयार की हैं उसके तहत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। उच्चतम न्यायालय ने भी इसे बरकरार रखा है। उन्होंने लिखा कि गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतीय श्रृंखला ऐतिहासिक रूप से देश की भूगोलिक और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन अब सरकार की नई नीतियों ने इन पहाड़ियों के लिए प्रभावशाली रूप से मौत का फरमान जारी कर दिया है। इससे पहले ही अवैध खनन ने मानव जीवन पर बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है। गांधी ने कहा कि इस तरह की नीति बदलाव अवैध खनन करने वालों और माफियाओं को अरावली श्रृंखला के 90 प्रतिशत हिस्से को नष्ट करने के लिए खुला निमंत्रण

## अंबेडकर की पुण्यतिथि पर ताकत दिखाएगी बसपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मायावती शामिल नहीं होंगी

**लखनऊ।** आगामी 6 दिसम्बर को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर बहुजन समाज पार्टी अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। हालांकि पुण्यतिथि के मौके पर इस बार सार्वजनिक तौर पर कार्यक्रम में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती शामिल नही होंगी।

उन्होंने कहा है कि डा. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल तथा गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) स्थित 'राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल' में भारी संख्या में पहुंचकर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उनके नेतृत्व में बनी उत्तर प्रदेश की बीएसपी सरकार ने हमेशा बहुजन समाज के महापुरुषों, संतों, गुरुओं और समाज सुधारकों को पूर्ण आदर-मान दिया है और उनकी स्मृति में अनेक भव्य स्मारकों, पार्कों व योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। उन्होंने विशेष रूप से महात्मा ज्योतिबा फुले, राजा छत्रपति शाहूजी महाराज, श्री नारायण गुरु, परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर तथा मान्यवर श्री कांशीराम सहित अन्य महान विभूतियों का उल्लेख किया और कहा कि समाज सुधार के उनके योगदान को सदैव बीएसपी ने सम्मानित किया है।

मायावती ने कहा कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर सरकारी प्रबंधन के कारण जिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उसे देखते हुए अब वे अनेक कार्यक्रमों में स्वयं उपस्थित नहीं होंगी, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पार्टी जनहित के इन कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखेगी और उनके अनुयाई महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते रहेंगे।

## निहाल अयोध्या समन्वय समिति के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी नियुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता



■ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रौनक ने पुष्प भेंट कर दी मुबारकबाद

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** अयोध्या सदभावना समन्वय समिति की एक बैठक संस्था के कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें संस्था ने सर्वसम्मति से एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. पंडित अमरनाथ मिश्रा के निर्देश पर लखनऊ निवासी निहाल हैदर रिजवी को अयोध्या सदभावना समन्वय समिति का राष्ट्रीय प्रसार प्रचार प्रभारी नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि निहाल रिजवी पिछले कुछ वर्षों से मुजफ्फरनगर स्थित किदवई नगर में निवास कर रहे हैं। इस उपलक्ष्य में हुसैनी वेल्फेयर सोसायटी मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रौनक हसनैन जैदी(राजू) एवं समाजसेवी शबी हैदर ने उनकी नियुक्ति पर उनके निवास पर पहुंचकर पुष्प भेंट किए और मुबारकवाद दी।

### आयुष्मान योजना के तहत स्वीकृत राशि के दुरुपयोग का लोकसभा में उठा मामला

**नई दिल्ली।** आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों के उपचार के दौरान अनेक निजी अस्पतालों की ओर से मंहगे पैकेज के जरिए अनुचित लाभ उठाए जाने और फर्जी बिल दिए जाने का मामला बुधवार को लोक सभा में उठाया गया और सरकार से इसका दुरुपयोग रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की गई। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने शून्य काल के दौरान कहा कि अनेक निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत आए मरीजों के उपचार में मंहगे पैकेज दिखाकर उनके कार्ड की पांच लाख रुपये की पूरी राशि खर्च कर देते हैं, जिससे उन्हें और उनके अन्य परिजनों को आगे उपचार के लिए योजना की कोई राशि नहीं बचती। इससे आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। चौधरी ने कहा कि कई अस्पताल फर्जी बिल बनाकर इस योजना के तहत स्वीकृत राशि हड़प लेते हैं।



सेंसेक्स 85106.81
निफ्टी 225.986



सोना रु. 128550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार




चांदी रु. 189906
प्रति किलो



## रुपये में कमजोरी से लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



रुपये में ऐतिहासिक गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन गिरावट रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 अंक से नीचे उतर गया। एक दिन पहले 90 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर को छूने के बाद रुपया आज और 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया। इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 31.46 अंक (0.04 प्रतिशत) नीचे 85,106.81 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह करीब 375 अंक गिरकर 84,763.64 अंक तक उतर गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 46.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 225,986 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयर भी टूट गए। सार्वजनिक बैंकों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, एफएमसीजी, रियलिटी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। आईटी कंपनियों और निजी बैंकों में तेजी देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में बीईएल का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में भी 1.50 फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। टीसीएस का शेयर करीब डेढ़ फीसदी चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।

### नए ऑर्डर, उत्पादन बढ़ने से सेवा क्षेत्र में तेजी

**मुंबई।** नए ऑर्डर और उत्पादन वृद्धि की रफ्तार बढ़ने से नवम्बर में देश के सेवा क्षेत्र में तेजी रही। एचएसबीसी द्वारा बुधवार को जारी भारत सेवा पीएमआई अक्टूबर के 58.9 प्रतिशत से बढ़कर नवम्बर में 59.8 प्रतिशत दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि को और उससे नीचे रहना गिरावट को दिखाता है।

## राकेट की स्पीड से भाग रही है चांदी, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी में तूफानी तेजी देखी गई। एमसीएक्स में दोपहर 3 बजे तक चांदी ने 189,906 रुपये प्रति किलो पहुंचकर नया रिकार्ड बना लिया। अगर ऐसी बढ़ोतरी जारी रहती है तो बहुत जल्द 1 किलो चांदी का भाव 2 लाख रुपये प्रति किलो पहुंच सकता है। वहीं 10 ग्राम सोना 957 रुपए महंगा होकर 1,28,550 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोना 1,27,593 रुपए का था। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

चांदी के दाम आज ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार ये आज 3,504 रुपए बढ़कर 1,78,684 रुपए हो गया है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेंकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं।

इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। जब बड़े बैंक लगातार खरीदते हैं तो बाजार में सोने की मांग बनी रहती है और कीमत ऊपर जाती है। क्रिप्टो में इस समय काफी उतार-चढ़ाव हो रहा है। ऐसे में कुछ निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया। शादियों का सीजन शुरू होने से भी सोने की डिमांड बढ़ गई है।

## चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट रही, जबकि चीनी के भाव बढ़ गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,842.17 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,841.35 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल नरम हुआ। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल और उड़द दाल 19.19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घटी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा तीन रिंगिट फिसलकर 4,156 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.57 प्रतिशत गिरकर 52.38 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 31 रुपये और वनस्पति पांच रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल 22 रुपये सूरजमुखी तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुए। सरसों तेल की कीमत भी छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत छह रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7865.85 रुपये, मसूर काली 8161.63 रुपये, मूंग दाल 10085.26 रुपये, उड़द दाल 10365.22 रुपये, तुअर दाल 10615.08 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2841.35 रुपये और चावल 3842.17 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत-रूस...**

नहीं होगी। यह सिर्फ लॉजिस्टिक सपोर्ट और पीस-टाइम मिलिट्री कोऑपरेशन के लिए है। लॉजिस्टिक सपोर्ट का मतलब है कि देश एक-दूसरे की सेनाओं को जरूरत पड़ने पर ईंधन, सामान, मरम्मत जैसी मदद दें। वहीं, पीस-टाइम मिलिट्री कोऑपरेशन का मतलब है कि शांतिपूर्ण समय में दोनों देशों की सेनाएं मिलकर ट्रेनिंग और सहयोग करें। रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट को दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी में अब तक के सबसे अहम रक्षा समझौतों में से एक माना जा रहा है। यह एक डिफेंस लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज समझौता है। इसके जिसके तहत भारत और रूस की सेनाएं एक-दूसरे के सैन्य बेस, बंदरगाह, एयरफील्ड और सप्लाई पाइंट का इस्तेमाल कर सकेंगी। यह उपयोग सिर्फ ईंधन भरने, मरम्मत, स्टाक रिफिल, मेडिकल सपोर्ट, ट्रांजिट और मूवमेंट जैसे कामों के लिए होगा। भारत ने ऐसे ही समझौते अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों के साथ किए हैं। अब रूस भी इसमें शामिल हो रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आ रहे हैं। वे नई दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

**सरकार ने...** के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इन्कार कर दिया था। कंपनी ने कहा था कि यह कदम आईफोन यूजर्स के निजी डेटा को खतरे में डाल सकता है। एपल ने एक न्यूज एजेंसी के हवाले से कहा था कि कंपनी अपनी चिंताएं सरकार के सामने रखेगी। मंत्रायल के मुताबिक यह एप जन भागीदारी को बढ़ावा देता है, क्योंकि नागरिक किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की रिपोर्ट कर सकते हैं और खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस एप का कोई अन्य उद्देश्य नहीं है और यदि उपयोगकर्ता चाहें तो वे इसे कभी भी अनइंस्टॉल कर सकते हैं। बता दें कि स्मार्टफोन में एप के प्री-इंस्टालेशन को 90 दिनों के भीतर अनिवार्य बनाने के आदेश के बाद विपक्ष ने संसद में कड़ा विरोध दर्ज कराया था। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दूरसंचार विभाग के निर्देश पर कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराते हुए इसे तानाशाही करार दिया था। वहीं, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी आरोप लगाते हुए कहा था कि मोदी सरकार का फोन में संचार साथी एप इंस्टॉल करने का आदेश लोगों की निजता और आजादी पर खुला हमला है। हालांकि, विपक्ष के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संचार साथी एप के जरिये जासूसी बिल्कुल भी संभव नहीं है। यह एप लोगों की सुरक्षा और मदद के लिए बनाया गया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक पहले सरकार ने कहा था कि एप फोन में अनिवार्य होगा और इसे डिलीट नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, विवाद बढ़ने पर दूरसंचार मंत्री ने ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया को बताया था कि जरूरत न होने पर एप को फोन से डिलीट किया जा सकता है। सरकार द्वारा एक्स पर जारी बयान के मुताबिक, अब तक 1.4 करोड़ लोग यह एप डाउनलोड कर चुके हैं और रोजाना लगभग 2000 ऑनलाइन फ्राड मामलों की जानकारी भेज रहे हैं। बयान में कहा गया कि एप डाउनलोड करने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है।

## ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में कहा कि हमारी ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं माना गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में यह बातें कहीं। योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ-साथ कुष्ठावस्था पेंशन की राशि को भी 2,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया गया है। कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए अनुदान राशि 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 की गई है। योगी ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक है। दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। आपकी हिम्मत, आपकी प्रतिभा और आपकी सफलता ही 'नए भारत' की शक्ति है। उन्होंने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सहभाग कर दिव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एवं दिव्यांग बच्चों को पाठ्य सामग्री व मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा है कि दिव्यांगता का शिकार होने पर एक बच्चा यदि परिवार में उपेक्षित कर दिया जाता है, तो ऐसा बच्चा परिवार और समाज का संबल न मिलने के कारण जिदगी भर उपेक्षित और कुंठित दिखता है, जबकि यदि हम उन्हें संबल दे दें, तो अच्छे परिणाम आ सकते हैं।

### सपा के जिसका नाम कट रहा हो, वो हमसे मिले: राजभर

**लखनऊ।** सपा लगातार निर्वाचन आयोग पर सूची से नाम काटने का आरोप लगा रही है। इस बीच सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के जिसका नाम जहां कट रहा हो, वो हमसे आकर मिल लें, उनका नाम दुरुस्त करा देंगे।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे चुनाव आयोग की सही और आवश्यक कार्रवाई बताया है। वर्षों से मृत लोगों के नाम और दोहरी प्रविष्टियां सूची में कायम थीं, जिन्हें हटाकर सूची को पारदर्शी बनाया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डंपर-ई-रिक्शा भिड़ंत में दो की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार शाहपुर से चांदपुर की ओर जा रही ई-रिक्शा को सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बसधाड़ा निवासी जमीला (60 वर्ष) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल कांधला निवासी किशोर शिवा को अस्पताल ले जाते समय उसकी भी मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे में घायल यात्रियों का उपचार जारी है।

## एसआईआर : 30915 मृतकों के नाम भी सूची में मिले दर्ज

# शिफ्ट होने वाले व डुप्लीकेट वोटर भी मिले

■ ग्यारह दिसम्बर तक चलेगा पुनरीक्षण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रो में चलाए गए (एसआईआर) सोशल इन्सेन्टिव रिवीजन अभियान के दौरान अब तक एक लाख ग्यारह हजार 436 वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए है तो वहीं इस अभियान के दौरान कुछ क्षेत्रो में मतदाता पुनरीक्षण अभियान से खुलासा हुआ है कि 30915 ऐसे लोग थे जिनकी मौत हो चुकी है, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज चले आ रहे थे, हालांकि निर्वाचन आयोग की ओर से पुनरीक्षण अभियान की तिथि बढ़ाकर ग्यारह दिसम्बर तक कर दी गई है और अभी यह काम चल रहा है। एडीएम प्रशासन व उक्त निर्वाचन अधिकारी संजय सिंह अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे है। अब तक सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 30915 मृतक, 12315 अनुपस्थित व 59957 दूसरी जगह शिफ्ट होने वाले और 8249 डुप्लीकेट वोटर आए गए है। एसआईआर अभियान के दौरान सामने आया है कि पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में कई वोटरों का नाम तो है, लेकिन जब बीएलओ घर-घर जाकर वोटरों की जानकारी जुटा रहे है तो वहां से वोटर लापता मिलते है। अभी तक 12315 वोटरों को अनुपस्थित और लापता पाया गया है। एडीएम प्रशासन संजय सिंह का कहना है कि अब तक मतदाता सूची में कई हजार मृतकों के नाम हटा दिए गए है। बीएलओ को निर्देश दिए गए है कि एसआईआर कार्य में किसी तरह की कोई गडबडी न हो। कई स्थानों पर रहने वाले लोग अन्य स्थानों पर बस गए है उनकी खोज कराई जा रही है।

## शहर के मुकाबले गांव में वोट रखने की इच्छा जता रहे लोग

**मुजफ्फरनगर।** गांव से नाता टूटने के डर से अधिकतर मतदाता शहर के मुकाबले गांव में ही अपनी वोट रखने की इच्छा जता रहे है।

अधिकतर मामले ऐसे है जहां शहर में निवास करने वाले लोग गांवो से जुडे है और उनकी वोट भी गांव में ही है इसी को लेकर जब बीएलओ शहर के उनके निवास पर पहुंचते है तो वहां से उनका शिफ्ट होना दर्शा दिया जाता है, जबकि वह ग्रामीण पृष्ठ भूमि से जुडे होने के कारण अधिकतर गांव में ही रहना पसंद कर रहे है।

अभियान के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए है जिनकी अधिकतर वोट गांव के साथ-साथ शहर में भी दर्ज हो गई थी अब ऐसी वोट को शिफ्ट होने का नाम लेकर बीएलओ गणना प्रपत्र जमा करा रहे है जबकि उनकी अपनी वोट गांव में ही रखने की इच्छा है।

## ट्रक में लदे माल को चैक कर रहे चालक की करंट से मौत

**मुजफ्फरनगर।** देर रात ओवरलोड ट्रक को चैक करने पहुंचे युवक की करंट से मौके पर ही मौत हो गई, जिससे परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि युवक ट्रक चालक था और मेरठ रोड पर ट्रक में माल की लोडिंग के बाद वह चैकिंग के लिए ऊपर चढ़ा था।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मल्हुपूरा निवासी अमान त्यागी ट्रक चालक था। बीती रात वह मेरठ रोड स्थित एमडीए ऑफिस के बराबर में ट्रक में माल लोड करने के बाद ट्रक के ऊपर चैकिंग के लिए चढ़ा तो इसी दौरान ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास के लोगों की मदद से युवक को नीचे उतारा और जानकारी लेकर घटना की जानकारी परिजनों को दी।



मुजफ्फरनगर: वाल्मीकि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मानित करते मंत्री कपिल देव।

# भगवान वाल्मीकि प्राण प्रतिष्ठा में उमड़े श्रद्धालु

■ सम्मान समारोह व भण्डारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आबकारी रोड के भगवान वाल्मीकि मार्ग स्थित प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर में भगवान वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा मनाया गया।

दो चरणों में हुए इस कार्यक्रम का आगाज 28 नवंबर को मूर्ति परिक्रमा के साथ हुआ था। आज मुख्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी। मंदिर कमेटी के पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भण्डारे का आयोजन किया। यहां विशेष अतिथियों में संरक्षक कुल्लन देवी, पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल, सपा नेता राकेश शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप मौजूद रहे। मंदिर समिति के अनुसार यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और जनभागिता का प्रतीक रहा।

इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्सुकता बनी रही। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने भण्डारा ग्रहण किया।

# ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रक निर्माणधीन पुलिया में गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार देर रात्रि सरधना-कालंद मार्ग पर निर्माण रजवाहे की पुलिया के पास ओवर लोड गन्ने से भरा हुआ ट्रक निर्माणधीन पुलिया में गिर गया। जिससे रोड़ पर जाम की स्थिति बनी रही है। मौके पर राहत बचाव की टीम ने रजवाहें से गन्ने व ट्रक को निक. ालने का प्रयास किया। छुर गन्ना क्रय केन्द्र से मंगलवार रात्रि डाइवर राजू ट्रक में गन्ने लादकर दौराला मिल जा रहा था। कालंद सरधना मार्ग पर निर्माणधीन पुलिया पर पहुंचकर अनियंत्रित होकर ट्रक पुलिया में गिर गया। ट्रक पुलिया में गिरने से डाइवर को चोंटे आई, जिससे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। निर्माणधीन पुलिया होने के कारण दिनभर जाम की लगा रहा। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में परेशानी हुई।

## प्रेमिका के घर पहुंचे युवक को परिजनों ने बनाया बंधक

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमिका के घर पहुंचे युवक को परिजनों ने बंधक बना लिया बाद में दोनों परिवारों की सहमति से दोनों का निकाह कराया गया।

मवाना के मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी अलफात पुत्र नौशाद का परीक्षितगढ़ के एक गांव में एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार देर शाम लड़की के परिजन उपचार के लिए डाक्टर के पास गए थे इसी बीच अलफात अपने दोस्तों के साथ प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा जहां परि. जनों ने उसे बंधक बना लिया। वहीं उसके साथी मौका पाकर फरार हो गए। काफी जद्दोजहद के बाद दोनों परिवारों के बीच समझौता हुआ।

# पुरकाजी के 38 बीएलओ किए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** मतदाता सूचियों के वर्तमान में प्रचलित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर) में लगे विधान सभा 13 पुरकाजी क्षेत्र के उन 38 बी.एल.ओ. को आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफ्फरनगर के कार्यालय में प्रशस्ति पत्र तथा गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने अपने बूथ का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है।

इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राहुल देव भट्ट, एस.डी.एम., राधेश्याम गौड, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार, संदीप कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, राजस्व निरीक्षक इन्द्रीय दमन व ऐनुल हसन समस्त सुपरवाईजर तथा सम्बन्धित बी.एल.ओ. सचिन कुमार, गीता देवी आदि उपस्थित रहे। एस.डी.एम. राहुल देव भट्ट ने बताया कि अपने साथियों के सम्मान से प्रेरित होकर अन्य बी.एल.ओ. भी गुणवत्तापूर्वक कार्य करेगे तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करेंगे। यह भी बताया गया कि जिन सुपरवाईजर का समस्त बूथों पर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जायेगा उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा।

## सदर तहसील के तीन बूथ लेविल महिला अफसरों का भी सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसआईआर अभियान में कर्तव्य निष्ठा और लगन के साथ काम करने वाले सदर तहसील के तीन बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया गया है। समारोह में नगर मजिस्ट्रेट एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंकज प्रकाश राठौर, एडीएम गजेंद्र सिंह और नायब तहसीलदार प्रीति देवी ने इन कर्मठ बीएलओ को शॉल व उपहार देकर कर पुरस्कृत किया। नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर ने कहा कि बीएलओ का कार्य लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने जैसा है। उन्होंने कहा कि सभी को बूथ स्तर पर ऐसी ही मेहनत और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए, ताकि मतदाता सूची में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। एडीएम गजेंद्र सिंह ने डिजिटाइजेशन अभियान में तेजी लाने के लिए बीएलओ के प्रयासों की सराहना की।

सम्मानित होने वाली बीएलओ में भाग संख्या-116 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीनाक्षी वर्मा, भाग संख्या-141 की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भारती देवी तथा भाग संख्या 143 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम शामिल हैं। नायब तहसीलदार प्रीति देवी ने कहा कि महिला बीएलओ द्वारा किया गया यह उल्लेखनीय कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा जताई। समारोह में तहसील के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# ईडी अधिकारी की पत्नी को ठगने वाला शिकंजे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** साइबर पुलिस के शिकंजे में आई ईडी अधिकारी की पत्नी को ठगने वाले आरोपी के खाते में दस करोड 82 लाख 62 हजार रूपये के भारी भरकम लेनदेन का खुलासा सामने आया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि उक्त युवक टेलीग्राम ग्रुप के जरिए ईडी अधिकारी की पत्नी को झांसे में लेकर ट्रेनिंग स्टॉक में निवेश करने का लालच दिया था। ग्रुप का एडमिन सुरेन्द्र कुमार दूबे थे जो सदस्यों को भारी मुनाफा दिखाकर निवेश के लिए उकसाता था।

एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ के मुताबिक ठगी का आरोपी हरियाणा के हिसार जिले के हांसी निवासी नसीबदीन है जो पीड़ितों को झांसे में लेकर रूपये एठने का काम करता था जांच में सामने आया है कि इसी झांसे में आकर पीड़िता ने 65 लाख रूपये चार खातों में जमा किए, लेकिन जब मुनाफा नहीं मिला तो उसे ठगी का एहसास हुआ। उन्होने बताया कि गिरफ्तार नसीबदीन सिर्फ नौवी कक्षा पास है और ई-रिक्शा चलाता है। उन्होने बताया कि कुछ साल पहले उसकी मुलाकात जीवन नाम के एक व्यक्ति से हुई जिसने उसके बैंक खाते, पास बुक, चैक बुक और एटीएम कार्ड के बदले उसे डेढ़ लाख रूपये देने का लालच दिया।

नसीबदीन ने दस्तावेज दे दिए और उसे पचास हजार रूपये पेशगी दी गई। कई महीने बाद कागज वापस मिल गए, लेकिन उसके खाते से ठगी का काम शुरू हो गया। गिरोह पीड़ितो से पैसे मंगवाकर इन्ही खातो में घुमाता था। जांच में सामने आया कि पीड़िता के अट्ठारह लाख रूपये सीधे नसीबदीन के खाते में आए। आरोपी मोबाइल नम्बर बदलकर पुलिस की पकड से बचता रहा, लेकिन उसके खिलाफ अलग अलग 17 शिकायते दर्ज हुई। बताया जाता है कि सोनीपत पुलिस भी उसे ठगी के एक मामले में जेल भेज चुकी है। पुलिस ने जाल बिछाकर नसीबदीन को धरदबोचा।

इस मामले में पुलिस गिरोह के सदस्य अजहर उल्ला को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश में छापेमारी चल रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अंजान लिंक, ऐप या वेबसाइट पर क्लीक न करे। अपना बैंक खाता, पिन, ओटीपी किसी से भी साझा न करे।

## फर्जी कागजों के आधार पर जमानत लेने वाले आरोपी की कोर्ट में पेशी

**मुजफ्फरनगर।** मुर्दे और अन्य व्यक्तियों की फर्जी ढंग से जमानत बनवाकर मेरठ के गैंगस्टर नीरज बाबा उर्फ चीता की जमानत कराने का मामला सामने आने के बाद इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि इस फर्जी खेल में सिविल लाइन थाने में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया।

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शाही के खिलाफ जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विवादों और शिकायतों के घेरे में रहे नगर पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही के खिलाफ अब शासन स्तर पर जांच शुरू हो गई है कंपनी बाग से फलदार वृक्षों की अवैध कटान से लेकर डीजल वितरण भ्रष्टाचार तक के आरोपों में प्रशासन के स्तर पर जांच का सामना कर रहे डॉ. शाही के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्तर से भी जांच शुरू करा दी गई है। इसमें एसीएस फोरेस्ट को शिकायत के आधार पर फलदार वृक्षों का कटान किये जाने में जांच सौंपी गई है। यह कार्रवाई सभासद राजीव शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी गई शिकायत के बाद शुरू हुई, जिसमें अनेक गंभीर आरोपों का उल्लेख किया गया था। सभासद राजीव शर्मा ने 6 नवम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शाही की शिकायत की थी। सभासद ने आरोप लगाये हैं कि पालिका के अधीन आने वाले कम्पनी बाग की चल और अचल संपत्ति की देखरेख वाटिका प्रभारी होने के कारण एनएसए डॉ. शाही के जिम्मे हैं, वहां पर लगे अमरूद, आम, लीची, बैल पत्थर सहित अन्य फलदार वृक्षों को वन विभाग के नियमों के विपरीत काटकर खुर्दबुर्द कर दिया गया। इससे पालिका को तो आर्थिक क्षति हुई ही, साथ ही पर्यावरणीय क्षति भी की गई, जो गंभीर अनियमितता है। इसमें सभासद राजीव शर्मा ने कहा कि 13 अक्टूबर को लोगों को समाचार पत्रों में आई खबर के कारण ही इस धांधली का पता चला। इसी दिन हुई पालिका की बोर्ड मीटिंग में भी यह मामला उठाया गया था। वृक्ष कटान के साक्ष्यों को भी मिटाने का काम किया गया। सभासद ने आरोप लगाते हुए कहा कि एनएसए ने इस प्रकरण के सामने आने के बाद भी कोई सख्त कदम नहीं उठाया और लापरवाही बरती, उनके खिलाफ एफआईआर, पद से हटाकर जांच कराने और पालिका से उनको पदमुक्त करने की मांग के साथ ही पालिका में वाहनों को डीजल वितरण में पूर्व में कर्मचारियों द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराने की मांग की। डीएफओ ने बताया कि इस मामले में हालांकि वन विभाग का सीधा दायित्व नहीं बनता, लेकिन बिना अनुमति वृक्ष कटान पर नगर पालिका को अपना दायित्व निभाते हुए खुद संज्ञान लेना चाहिए। और सारी वास्तविकता से वह अपनी विस्तृत रिपोर्ट में शासन को अवगत कराएंगे।



सदर तहसील क्षेत्र की महिला बीएलओ को सम्मानित करते एडीएम के साथ नगर मजिस्ट्रेट।



पुरकाजी ब्लॉक की बीएलओ को सम्मानित करते अधिकारी।

# दिव्यांग बच्चों ने प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

## डायट में सर्वांगीण विकास के लिए ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समग्र शिक्षा, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चो के बीच विभिन्न प्रकार की क्रीडा प्रतियोगितायें तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रागंण मे किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष नगर पालिका परिषद , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, बाल कल्याण समिति मुजफ्फरनगर के सदस्य डा0 राजीव कुमार एवं श्रुति गुप्ता कोषाधिकारी/वित्त एवं लेखाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा माॅ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया गया। मीनाक्षी स्वरूप द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए अपने सम्बोधन मे कहा कि दिव्यांग बच्चो को सहानुभूति की नही सहयोग की आवश्यकता है, इन बच्चो को अभिभावक घर से बाहर निकालकर समाज की मुख्य धारा से जोडने मे अपना सहयोग प्रदान करे। दिव्यांग बच्चो के बीच हुई विभिन्न प्रतियोगिताओ मे निम्न लिखित बच्चे विजेता रहे। मानसिक दिव्यांग बालि. काओं की जूनियर वर्ग की 50 मीटर दौड मे अर्पिता (मोरना) ने प्रथम, सूरज (शाहपुर) ने द्वितीय, डॉली (चरथावल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बालकों की 50 मीटर दौड मे लक्ष्य (शाहपुर) ने प्रथम, सागर (चरथावल) ने द्वितीय, आरजू (नगर क्षेत्र सदर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मूक बधिर बच्चो की बालको की म्यूजिकल कुर्सी दौड प्रतियोगिता मे मन्नू (बघरा) ने प्रथम, नवनीत (सदर) ने द्वितीय, तथा अर्पण (शाहपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मूक बधिर बच्चो की बालिकाओ की म्यूजिकल कुर्सी दौड प्रतियोगिता मे डॉली (जानसठ) ने प्रथम, परी (जानसठ) ने द्वितीय, तथा योगिता (सदर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दृष्टिहीन बच्चो की छू कर पहचानो प्रतियोगिता में अलफिजा (जानसठ) ने प्रथम, वंश (खतौली) ने द्वितीय, तथा कुनाल (मोरना) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता मे हर्ष (सदर) ने प्रथम, अर्णव (सदर) ने द्वितीय ने तथा सूरज (जानसठ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख प्रतियोगिता मे वंशिका (सदर) पे प्रथम बुलबुल (सदर) ने द्वितीय तथा प्रिन्स (जानसठ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शारीरिक रूप से दिव्यांग बालकों की दौड प्रतियोगितामें मंयक(सदर) ने प्रथम, अक्षपाल (चरथावल) ने द्वितीय तथा डॉली ने (सदर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, मूक बधिर बालिकाओ में अर्पिता(मोरना) ने प्रथम, अलीशा(जानसठ) ने द्वितीय तथा आरजू(बुढाना) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विकास खण्डो के लगभग 200 विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा बच्चो को पुरस्कार वितरण कर किया। संदीप कुमार द्वारा अपनें सम्बोधन में बच्चों के अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को समान रूप से पर्याप्त अवसर देना चाहिए जिससें कि वे भी सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी सके। कार्यक्रम का संच. ालन जिला समन्वयक सुशील कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ब्लॉक मे कार्यरत स्पेशल एजूकेटर आदित्य प्रकाश, रेनू, धर्मेन्द्र स्वरूप जैन, पूनम, अंनगपाल, रामनिवास, इरशाद, राहित शर्मा, प्रमिता, धर्मेन्द्र तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन बबीता रहे।



मुजफ्फरनगर: खेलकूद प्रतियोगिता के दिव्यांग बच्चों को सम्मानित करती चेयरमैन।

# महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास पुलिस ने दो को भेजा जेल



**बुढ़ाना।** महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा ने आज फुर्ती दिखाकर एक महिला के साथ साथ अपनी भी जान बचा ली। बुढाना पुलिस ने इस मामले में एक महिला और एक पुरुष को जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पश्चिमी पछाला निवासी इरम पत्नी सुहैल द्वारा अपने ससुरालियों के विरूद्ध दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें फरमान पुत्र यामीन निवासी ईदगाह कालोनी थानाभवन जिला शामली उक्त मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करवाने को बुढ़ाना महिला पुलिस पर गलत तरीके से दबाव बना रहा था। वह पीड़िता इरम को ये कहकर उकसा रहा था कि बुढाना पुलिस आरोपियों के खिलाफ तब कार्यवाही करेगी जब तुम अपने उपर मिटी का तेल झिड़ककर आग लगा लोगी। बीते दिन फरमान के उकसाने पर इरम द्वारा अपने घर के अन्दर अपने आपको बंद कर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का प्रयास किया गया था लेकिन वो सफल नहीं हो सकी थी।

आज बुधवार को बुढाना महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि फरमान इरम को मिटी का तेल डालकर घर में आग लगाने को उकसा रहा है। सूचना पर महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा मय पुलिस बल मौके पर पहुंची तो इरम ने अपने मकान मे भारी मात्रा में मिटी का तेल फैला रखा था तथा अपने उपर भी मिटी का तेल छिडक रखा था। पुलिस टीम को देख इरम ने आग लगा ली। पुलिस टीम ने अदम्य साहस का परिचय देकर इरम को बचा लिया। इस दौरान इरम व फरमान द्वारा एक राय होकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से मिटी का तेल डाल दिया गया। जिसमें पुलिस टीम द्वारा बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचायी गयी। पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को मौहल्ला पश्चिमी पछाला से गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# फायर करने वाली आधा दर्जन बुलट सीज

**शााह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे में पटाका साइलेंसर से पैदा होने वाले तेज धमाके और बढ़ती शिकायतों को देखते हुए खतौली पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान चलाकर आधा दर्जन पटाखा बुलेटों को पकड़ लिया। चार दिनों से चल रहे अभियान में कुल 1,05,707 का भारी चालान किया गया, जबकि सभी बाइकें सीज कर दी गईं।

कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के निर्देशन में जीटी रोड सहित कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में गहन चेकिंग की गई। पुलिस को कई बुलेट सवार पटाखा छोड़ने वाले प्रतिबंधित साइलेंसर के साथ मिले। बुधवार को जिशान पुत्र ताहिर, निवासी खोकनी बुलेट UP12AS 2237, 22,500 जुर्माना, वाहन सीज, मो. जीशान सैफी पुत्र मो. याकूब, निवासी मोहल्ला काजीयन बुलेट UP12BC4370, 16,500 जुर्माना लगाकर बुलेट सीज की। और पूर्व में पुलिस पहले ही 66,707 के चालान काट चुकी है। सोमवार को अंतवाड़ा निवासी दीपांशु पुत्र मनवीर की बुलेट DL 7 SC E 1261 तेज धमाका करती पाई गई।

बाइक सीज कर 20,707 का चालान किया गया। मंगलवार को जानसठ तिराहे पर UP15 CV 9717 बुलेट पकड़ी गई। चालक आशुतोष पुत्र जितेंद्र निवासी बुआड़ा का वाहन सीज कर 16,000 का चालान हुआ कोतवाल बघेल ने बताया कि तेज आवाज वाली बुलेटें न सिर्फ शोर प्रदूषण बढ़ाती हैं।

बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बनती हैं। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत साइलेंसर लगाने वालों पर अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा पकड़े जाने पर वाहन का रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दिया जाएगा। पुलिस की इस सख्ती के बाद कस्बे में चर्चा है कि पटाका साइलेंसर वालों पर अब और कड़ा शि. कंजा कसने वाला है। लोग इसे शांति और सुरक्षा के लिए स्वागतयोग्य कदम बता रहे हैं। पुलिस का अभियान बुधवार को भी जारी रहा।

# मोबाइल हैक कर महिला के खाते से 99 हजार रुपये निकाले

**बुढ़ाना।** अज्ञात ठगों ने एक युवक के मोबाइल को हैक करते हुए उसकी पत्नि के बैंक के खाते में से एक ही दिन में अलग अलग समयों में तीन बार 99 हजार रुपये की नगदी साफ कर दी। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर देकर अज्ञात ठगों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात ठगों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक ताहिर हसन पुत्र जान मौहम्मद निवासी मौहल्ला पूर्वी खाकरोबान बुढाना ने स्थानीय पुलिस को एक तहरीर के आधार पर बतलाया कि मेरी पत्नि फिरदोस के नाम पर एक खाता यूनियन बैंक ऑफ बुढ़ाना की शाखा में खुला हुआ है। खाते मे मेरा मोबाईल नंबर दर्ज है। मेरी पत्नी फिरदोस के खाते में से किसी अज्ञात व्यकित ने 99 हजार रूपये निकाल लिये। जिनमें से 50 हजार रूपये डाक्टर संजना और 25 हजार रुपये, साढ़े 19 हजार रुपये और साढ़े 04 हजार रुपये डाक्टर गोपी के नंबर से बीती 25 नवम्बर को निकाले गये। उसको सुबह में मोबाईल मे मैसेज आने पर ही पता चला कि उसकी पत्नि के खाते से किसी ने 99 हजार रूपये साफ कर दिए। उसे अंदेशा है कि उसकी पत्नी के खाते से 99 हजार रुपये उसका मोबाईल हैक करके निकाले गये। उसको उसकी पत्नी के खाते से रुपये निकाले जाने के कारण आर्थिक नुकसान पहुंचा है। पीड़ित ने पुलिस से अपने रूपये दिलाए जाने की गुहार लगाई है। उधर दूसरी और बुढाना पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

# भोपा अस्पताल परिसर में लगी आग,दो एम्बुलेंस जलकर स्वाह

**भोपा।** भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर मे खड़ी दो एम्बुलेंस मे भयानक आग लग गयी। अस्पताल मे मौजूद स्टाफ द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक दोनों एम्बुलेंस जलकर स्वाह हो गयी।भोपा मे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर मे उठते काले धुएं को देख समस्त स्थाफ सहित ग्रामीण उधर दौड़े जहाँ पानी की टंकी के नीचे खड़ी एक एम्बलेंस मे आग लगी देख हड़कंप मच गया।स्टाफ व ग्रामीण आग बुझाने मे जुट गये किन्तु अस्पताल मे मौजूद आग बुझाने की सभी सुविधाएं नाकाम साबित होती रही कुछ ही देर मे आग ने भयावह रूप धारण कर लिया और बराबर मे खड़ी दूसरी एम्बुलेंस भी आग की चपेट मे आ गयी। समस्त स्टाफ आग बुझाने मे जुटा रहा काफ़ी समय की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।आग लगने के दौरान अस्पताल मे मौजूद मरीज भारी दहशत मे दिखाई पड़े। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार तीसरी एम्बुलेंस अस्पताल की दीवार से सटी हुई खड़ी थी गनिमत रही की तीसरी एम्बुलेंस आग लगने से बच गयी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। अस्पताल मे लगी आग से फायर कोशन सिस्टम की पोल खुल गयी है।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने बताया की अस्पताल के परिसर मे एक ओर निस प्रायोजित (कंडम) एम्बुलेंस खड़ी हुई थी अज्ञात कारणों से आग लग गयी जिसमे दोनों एम्बुलेंस जल गयी हैं।

## संगठन के नाम पर मकान बनवाने के बहाने बीस हजार ठगे

**मोरना।** राजनितिक संगठन की ओर से मकान बनवाने के लिए पर एक युवक ने दूसरे युवक से बीस हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना भोपा क्षेत्र के तिस्सा गांव निवासी रोमी कुमार ने थाना ककरौली में तहरीर देकर बताया कि करीब दो माह पहले ककरौली निवासी एक युवक ने उसे राज. नितिक संगठन की ओर से मकान बनवाने का लालच दिया। उसके बदले आरोपी ने पीड़ित से बीस हजार रुपए की मांग की। आरोपी के बहकावे में आकर पीड़ित ने उसे बीस हजार रुपये व आधार कार्ड आदि कागज दे दिए। पीड़ित का कहना है कि आरोपी युवक ने न तो मकान बनवाया और न ही अब उसके रुपये लौट रहा है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# दूसरा निकाह रचाने वाले शौहर ने पहली बीवी को दी तीन बच्चों सहित नीले ड्रम में भरने की धमकी

**मुजफ्फरनगर।** बिना अनुम. ति, बिना कारण पति द्वारा किए गए कथित दूसरे निकाह के मामले ने शहर में तनाव और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है।

अम्बा विहार निवासी तरन्नुम नामक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका निकाह वर्ष 2015 में हुआ था और उसके तीन बच्चे हैं, लेकिन हाल ही में उसके पति ने मौलवियों के बहक. ावे में आकर उसकी सहमति के बिना दूसरा निकाह कर लिया। तरन्नुम के अनुसार पति दो महीनों तक घर नहीं लौटा और पूछने पर उसने दूसरी शादी स्वीकार भी कर ली। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर तीनों बच्चों सहित काटकर ड्रम में भरने की धमकी दी गई।बुधवार को पीड़िता शिव चौक पहुंची और अपनी व्यथा राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष व समाजसेवी मनीष चौधरी को सुनाई। मनीष चौधरी ने मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए पीड़िता को न्याय का भरोसा दिलाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर कथित फर्जी निकाह निरस्त नहीं कराया गया और पीड़िता का घर नहीं बसाया गया, तो संस्था के कार्यकर्ता मस्जिद के बाहर सभी समुदायों के जिम्मेदार लोगों के साथ मिलकर पंचायत करेंगे जरूरत पड़ी तो शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे।

तरन्नुम ने आरोप लगाया कि बुढ़ाना क्षेत्र की बिलाल मस्जिद से जुड़े कुछ मौलवी युवकों को बहक. ाकर झूठे गवाह, पैसों और लालच के सहारे दूसरी शादी करवा रहे हैं, जिससे अनेक परिवार उजड़ रहे हैं। इस दौरान भारत लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद सलीम, मोहम्मद आरिफ समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# उज्जवल मामले में बोले छात्र नेता वीशू मलिक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह के मामले में छात्र नेता वीशू मलिक ने डाक बंगले पर प्रेस वार्ता में पुलिस, प्रशासन व उन नेताओं पर जमकर भड़ास निकाली जिन्होंने आंदोलन के दिन उनकी सभी 10 मांगों को मान लेने का आश्वासन दिया था मगर बड़े शर्म की बात कि अब तक उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि छात्र उज्जवल कांड को एक माह हो जाएगा मगर प्रशासन चुप है। मुख्य आरोपी अब तक फरार हैं। अगर हमारी सभी 10 मांगे 7 दिसम्बर तक पूरी नही हुई तो 8 दिसम्बर को डीएवी डिग्री कालेज के गेट पर बड़ा आंदोलन कर प्रशासन व नेताओं से जवाब मांगा जाएगा। उन्होंने अपनी मांगों को दोहराते हुए बताया कि फरार आरोपी गिरफ्तार किए जाएं और इस पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाए। उकत कालेज की मैनेजमेंट कमेटी भंग की जाए। कालेज की वित्तीय जांच हो और रिपोर्ट प्रतिनिधिमंडल को सौंपी जाए। सभी आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज हो। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। कालेज परिसर में छात्र उज्जवल राणा की प्रतिमा स्थापित की जाए और उसके नाम पर किसी भी सार्वजनिक स्थान का नामकरण हो और फीस के अभाव में किसी भी छात्र को परीक्षा देने से न रोका जाए। वार्ता में मोनू मलिक, वसीम राणा, अंकुश राठी, कुलदीप बागडी, कुलदीप बालियान, पुनीत आदि थे।

समन वास्ते करार वाद, उमर तनकी तलब (आदेश 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**
मूलवाद सं0-1041 सन् 2024
1. नूर हसन व शकील पुत्रगण स्व0 इलियास निवासीगण ग्राम कसेरवा, परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। ....**वादीगण**
**बनाम**
1. आमिर व लुकमान पुत्रगण शेर मौहम्मद 2. गय्यूर व नौशाद पुत्रगण सुलतान 3. मेहरबान पुत्र रिसाला 4. इदरीश पुत्र सम्मू 5. जब्बार व जाबिद पुत्रगण घसीटू 6. आरिफ, सय्यूब, दानिश व शाहरूख पुत्रगण आबिद 7. नसीम, काला, फरमान, नौशाद व साद्दा पुत्रगण नूरदीन 8. कमरू व कवल पुत्रगण सैना। समस्त निवासीगण ग्राम कसेरवा, परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर।
......**प्रतिवादीगण**
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 12 जनवरी सन् 2026 को प्रात: 10:00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्तािल्लका मुकदमा/वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा/वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 20 नवम्बर सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
नियत दिनांक 12.01.2026
**आज्ञा से**
**सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

# पिता-पुत्री को पीटने वाले घराती व बरातियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने आधा दर्जन से भी अधिक कुछ घराती बरातियों पर अपनी पुत्री के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के व्यकित ने बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 02 दिसम्बर की दोपहर करीब डेढ़ बजे वह अपनी पुत्री को लेकर मोटर साईकिल से बुढाना से अपने गांव आ रहा था। जैसे ही वह गांव अलीपुर अटेरना में खतौली रोड पर स्थित शिव मन्दिर के समीप आया तो पहले से ही बारात मे जाने के लिए सडक पर खडे साईब पुत्र शाईद, शाहिद पुत्र शमशाद, तौसीन पुत्र यासीन, कासिम पुत्र तौसीन, रिजवान पुत्र सलीम, तसलीम पुत्र सलीम, शोयब पुत्र ताहिर और इनके कुछ अज्ञात रिश्तेदारो को साईड देने के लिए कहा तो इन लोगों व इनके रिश्तेदारों ने उसकी पुत्री को अश्लील शब्द कहने शुरू कर दिये। जब उसने इसका विरोध किया तो समस्त लोगो ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से उसको और उसकी पुत्री को नीचे गिराकर गंदी गंदी गालियां देते हुए लात घूंसो से मारपीट करनी शुरू कर दी। जिसमें वो और उसकी पुत्री को अंदरूनी चोटें आयी। शोर शराबा सुनकर गांव के लोग मौके पर आये। जिन्होनें उसे व उसकी पुत्री को बचाया। पीड़ित ने पुलिस से सब आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। वहीं बुढाना पुलिस ने भी गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिया अद्भुत कल्पनाशक्ति का परिचय



**मीरापुर।** फुगाना स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में एक भव्य जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 16 विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत कल्पनाशकित, रंगों के सुंदर संयोजन और रचनात्मक सोच का शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय की छात्रा जोया तोमर ने अपनी उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली कलाकृति से सभी का ध्यान आकर्षित किया और द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जोया की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतिभा को निखारने में कला शिक्षक अमित कुमार का विशेष योगदान रहा, जिनके कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपनी कला को नया आयाम दिया। वहीं, प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं विभिन्न विद्यालयों को एक मंच पर लाने में शिक्षिका सोनी गर्ग की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने छात्रा जोया तोमर को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनकी छिपी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

वहीं विद्यालय के डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने भी छात्रा, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में विद्यालय के अन्य छात्र शंकर, नैतिक सहाय एवं छात्रा पूजा ने भी प्रतिभाग किया, जिनके उत्साहवर्धन हेतु आयोजकों की ओर से उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जोया तोमर की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला, पीड़ित पक्ष ने दी तहरीर

**मीरापुर।** ग्राम खेड़ी सराय में कबूतरबाजी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामले ने मारपीट का रूप ले लिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने मामले की तहरीर थाना मीरापुर में देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना के अनुसार ग्राम खेड़ी सराय निवासी तुराब पुत्र बु) कबूतरबाजी करता है और अक्सर दूसरों की छतों पर चढ़कर कबूतर उड़ाता है। इसको लेकर पड़ोसियों द्वारा उसे कई बार मना किया गया। आरोप है कि मना किए जाने के बाद तुराब ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर लाठी, डंडों और धारदार हथियारों के साथ पीड़ित के घर में घुसकर हमला कर दिया। हमलावरों ने गाली, गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान पीड़ित की पुत्री आसिफा ने विरोध किया तो उसे भी बुरी तरह पीटा गया। वहीं, पीड़ित की पत्नी रहीसा ने विरोध करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मां व बेटी दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित कुर्बान पुत्र हाफिज निवासी खेड़ी सराय ने थाने में तहरीर देकर सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नागरिकों ने नगर पंचायत ईओ को दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के कुछेक नागरिकों ने बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव को आज बुधवार के दिन एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बुढ़ाना नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत लुहसाना रोड पर वार्ड नंबर 13 और वार्ड नंबर 14 में आरसी सडक रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। अवगत हुआ है कि सडक निर्माण पहले से ऊंचाई पर हो रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**
मैने अपना नाम SHAHJAHAN BEGUM से बदलकर SHAHAJAHAN BEGUM रख लिया है। भविष्य में मुझे SHAHAJAHAN BEGUM W/o JAVVAD HASAN के नाम से जाना व पहचाना जाए।
DADHERUKALAN, PO: DEDHERU KALAN, DIST: MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH- 251001

# साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने को छात्र-छात्राओं ने दिखाया उत्साह




**मीरापुर।** बीआईटी में इंटरनेशनल कंप्यूटर सिक्योरिटी डे का सफल एवं भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्यूशंस के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत साइबर सोसाइटी क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। विभिन्न विभागों के छात्रों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का संचालन क्लब कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी पंवार एवं को-कोऑर्डिनेटर इंजीनियर शुभम सेनवाल ने किया। दोनों के संयोजन में पूरा कार्यक्रम अनुशासित और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्विज, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन और पोस्टर प्रेजेंटेशन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपनी रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। परिणाम इस प्रकार रहे। पोस्टर प्रेजेंटेशन में मुस्कान बी.ए.एम.एस. प्रथम रहीं। क्विज प्रतियोगिता में बी.टेक तृतीय वर्ष के ऋषभ शर्मा, छवि राठी और खुशबू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में बी.टेक प्रथम वर्ष की छात्रा निदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षाविदों और अधिकारियों ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इनमें डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल निदेशक, डॉ. पुष्पनील वर्मा सहायक निदेशक, डॉ. आदित्य शर्मा डिप्टी रजिस्ट्रार, एवं डॉ. अजय सिंह डीन, बीआईटी शामिल रहे। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. विजय डी. प्राचार्य, नर्सिंग, डॉ. सचिन सिंगल प्राचार्य, फार्मेसी, डॉ. कावेन्द्र विभागाध्यक्ष, एजुकेशन एवं श्री ब्रह्मपाल डी.सी.ई. द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंजीनियर वैभव, इंजी. नियर सुमित, इंजीनियर नीरज मलिक, इंजीनियर सावन, इंजीनियर हिमांशु गौतम, इंजीनियर आंचल, इंजीनियर मोनिका, आशीष एवं संजीव सैनी ने तकनीकी और प्रबंधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। अंत में आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यकत किया।

# सांसद चन्द्रशेखर आजाद से मिलने छुटमुलपुर पहुंचे एडवोकेट काजी शिबली

**मुजफ्फरनगर।** एडवोकेट काजी शिबली और अन्य साथियो द्वार भारतीय राजनीति के उभरते हुए सितारे हम सबके प्रिय नेता आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भीम आर्मी चीफ और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद जी के जन्मदिन के अवसर पर आज उनके निजी आवास छुटमलपुर सहारनपुर पहुंच कर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।



# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दर्शकों का दिल, बच्चों के प्रदर्शन पर जमकर बजी तालियां



**मीरांपुर।** ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक रोहित कुमार, साक्षी सिंह, प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान, इंचार्ज लीना शर्मा तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई।

खेल प्रतियोगिताओं में नन्हें बच्चों ने फ्लैग रेस, लेमन रेस, सैक रेस, 50 मीटर और 100 मीटर दौड़, बटरफ्लाई रेस, हूला-हूप रेस, रोल द बॉल सहित कई स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन ने मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों को प्रभावित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी समारोह में आकर्षण बढ़ाया, जिनमें विद्यार्थियों ने नृत्य, डंबल शो, मोबाइल ऐक्ट, मैशप डांस, रिबन ड्रिल आदि प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मारिया आलम, मोहम्मद अरीब, आरवी, हार्दिक चौधरी, अशर, युग, आयुष प्रजापति, सविका सिंह, जिकरा, हमजा, श्रेया, अली, कबीर, कृष गोयल, अवि वर्मा और गुरनूर कौर सहित कई विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को समय देने और निरंतर प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मुदित कुमार, जुमाना, दबीर रजा, ओजस्वी सिंघल और ;षित चौधरी ने किया, जबकि वंशिका, विदिशा, कनन और संभव ने कमेंटेटर की भूमिका निभाई।

अंत में निदेशक रोहित कुमार ने अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों का आभार व्यकत करते हुए कहा कि अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय समर्पण के साथ जिम्मेदारियां निभाएं, तभी बच्चों का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम को सफल बनाने में लीना शर्मा, रितु आनंद, आयुषी धीमान, मनस्वी धीमान, लक्ष्मी गंगपुरी, सुगंध भट, स्मिता गोयल, नरेंदर कौर, हैप्पी चौहान, साहिल वशिष्ठ सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# राष्ट्रपति से मिलने पर काशिफ सम्मानित

**मुज़फ्फरनगर।** चरथावल विधानसभा के ग्राम सुजडू में पहुंचे एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शाहरुल त्यागी एडवोकेट ने राष्ट्रपति से मिले काशिफ राणा को संविधान की बुक देकर सम्मानित किया। शाहरुल त्यागी एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक है, उनसे मिलने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने इस आशय से संविधान बुक उन्हें सौंपी कि वह इसे पढ़कर समझकर देश के अधिकारों के लिए बड़ा होकर लड़ सके।

एआईएमआईएम पश्चिम प्रदेश सचिव हाजी दीन मोहम्मद ने कहा कि संविधान देकर हमने इसलिए सम्मानित किया। इस दौरान काशिफ तलत, चौधरी जफरयाब मौजूद रहे।



**सम्बन्ध विच्छेद**
मैं अरूण कुमार पुत्र निर्मल सिंह निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां तहसील व थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र हिमांशु पुत्र अरूण कुमार निवासी हुसैनपुर कलां थाना और तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर मेरे कहने सुनने में नही है। इसलिए मैं अपने पुत्र हिमांशु से अपने परिवारिक रिश्ते समाप्त करते हुए उसे अपनी चल व अचल संपति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे लडके हिमांशु द्वारा किये गये दीवानी, फौजदारी या अन्य किसी भी प्रकार के गलत या सही कृत्य के लिए वह खुद ही जिम्मेदार होगा। मेरी या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई भी जिम्मेदारी नही होगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम इकबाल अहमद से बदलकर मौ. इकबाल रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मौ.इकबाल के नाम से जाना व पहचाना जाये।
**मौ.इकबाल पुत्र मौ.इलयास**
**693, मल्हूपुरा, गली नम्बर-10 मुजफ्फरनगर**
**मौ.न-9012558267**

# बड़ौदा के मंदिर में हुई हजारों की नकदी चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक मंदिर में चोरी कर सनसनी फैला दी है। इस मामले में बुढाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा में स्थित देवी मंदिर में अज्ञात चोरों ने मंदिर के अंदर रखा दान पात्र तोडकर उसमें रखी लगभग बीस हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। यह घटना मंदिर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें एक युवक चोरी की घटना को अंजाम देता हुआ नजर आ रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि वे आज बुधवार की सुबह लगभग चार बजे पूजा के लिए मंदिर में पहुंचे थे। वहां उन्हें मंदिर का ताला टूटा हुआ पाया। अंदर रखी हुई दान पेटी टूटी पड़ी थी और उसमें रखी हुई 20 हजार रुपये की नगदी गायब थी। मंदिर के पुजारी ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज में एक अज्ञात व्यकित मंदिर का ताला तोड़ते हुए और दान पेटी तोड़ते हुए और चोरी करने से पहले कैमरे पर कपड़ा रखते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। गांव वालों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यकत की। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है की जब इस मंदिर में चोरी हुई है। इससे पहले भी इस मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है। घटना की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का



दौरा कर पुजारी को जल्द ही चोरी की घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। चोरी की घटना की तहरीर ग्रामीण अश्वनी कुमार पुत्र सुनील निवासी गांव बड़ौदा के द्वारा बुढ़ाना पुलिस को दी गयी है।

### स्वामी यशवीर ने की चोरी के खुलासे की मांग

**बुढ़ाना।** गांव बड़ौदा के मंदिर में हुई चोरी की घटना के संबंध में बघरा के स्वामी यशवीर महाराज ने बुढ़ाना पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि वे इस चोरी का खुलासा जल्द से जल्द करते हुए चोर को गिरफ्तार करें। उन्होंने इसी मंदिर में पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा न होने पर भी चिंता जताई। उधर बुढ़ाना सीओ ने बताया कि उकत मामले के खुलासे के लिए एक टीम गठित कर दी गयी है। जल्दी ही चोरी की इस घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### घटना को लेकर ग्रामीणों में है रोष

**बुढ़ाना।** देवी मंदिर में हुई चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों के अनुसार आठा नवमी के अवसर पर मंदिर में मेला लगता है। जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं और दान भी अर्पित करते हैं। इससे पहले भी बड़ौदा गांव के इसी मंदिर में दो बार चोरी की घटना हो चुकी है। जिनका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। ग्रामीणों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर असंतोष व्याप्त है।

## घराती-बारातियों संग मारपीट करने वाले हुए नामजद

**बुढ़ाना।** घराती व बारातियों के साथ मारपीट करने वाले 22 नामजद और 50 ग्रामीणों के विरुद्ध बुढ़ाना पुलिस के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। मिली जानकारी के अनुसार शाहिद पुत्र यूनुस गांव रसूलपुर दभेडी ने बताया कि उसकी 2 पुत्रियों गुलजफा व इरम की शादी 2 दिसम्बर की थी। गांव के हसरत पुत्र फरमूद को बारात की भीड से धक्का लग गया था। बस इस बात को लेकर हसरत, हसमत, अजमत, साजिद, माजिद, फरमूद अली, चांदूर, खालिद, मौहम्मद, सुहैल, रिजवान, फुरकान, शोएब, जुनैद, अहसान, मुरसलीन, जानआलम, शादाब, नदीम, सालिम, तालिम, कलवा व 50 अज्ञात लोगों ने मेरे घर में लगे टैंट में बाराती व घराती के साथ मारपीट करते हुए पूरा खाना, टैंट में तोडफोड कर 3 लाख रूपये के खाने का नुकसान कर सब कुछ तहस नहस कर उसके घर पहुंच गये और लाठी, डंडो, फरसों से मारपीट शुरू कर दी। सबने गाली गलोचकर अधाधुंध मारपीट की। जिसमें जाहिद निवासी सोंटा रसूलपुर शामली, बिलाल, दुल्हे इशा व मूसा निवासी जोगियाखेडा, मेहमान और उसके पुत्र इकरार को काफी चोटे आयी और दोनो दुल्हों की एक एक लाख रूपये वाली नोटो की माला टूटकर गिर गयी। दूल्हे इसा का दांत टूट गया। महिलाओं संग छेडखानी की। किसी ने 112 नम्बर पर काल की तो पुलिस ने मौके पर आकर बड़ी मुश्किल से उसे व उसके रिश्तेदारों को हमलावरों के चंगुल से बचाया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**संक्षिप्त समाचार**

## छात्र उज्ज्वल के परिजनों को सौंपे 5 लाख रुपये



**बुढ़ाना।** मृतक छात्र उज्जवल राणा के आवास पर आज बुधवार की देर रात चरथावल विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक पंकज मलिक पहुंचे। जहां पर उन्होंने मृतक छात्र उज्जवल राणा की बहन सलोनी को वायदे के मुताबिक सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव की और से भेजे गये नगद पांच लाख रुपये सौंपे और अखिलेश यादव का सांत्वना पत्र भी सौंपा। विधायक पंकज मलिक ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इस घटना से बहुत दुखी हैं। उन्होंने पार्टी की तरफ से पांच लाख रूपये नगद भेजे हैं। उन्होंने बीते दिनों हुई महापंचायत में पांच लाख रुपये समाजवादी पार्टी की और से देने की जो घोषणा की थी वह पूरी कर दी गयी है। पीड़ित परिवार ने विधायक पंकज मलिक को बताया कि अभी तक मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है। जिस पर विधायक पंकज मलिक ने बताया कि वे आप लोगों के साथ अगले हफ्ते एसएसपी से मिलेंगे और अपनी मांग उनके सामने रखेंगे। यहां सपा नेता राकेश शर्मा, समाजवादी पार्टी बुढाना के नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार व जमियत उलेमा ए हिंद के जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने कहा कि वे हर कदम पर पीड़ित परिवार के साथ हैं। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए अधिकारियों से बात की जाएगी। इस दौरान सलोनी और परिवार के जगमोहन राणा भडल ने अखिलेश यादव के साथ विधायक पंकज मलिक और साथ में आए सब नेताओं का आभार जताया और कहा सपा की कथनी करनी में कोई अंतर नही। उल्लेखनीय है कि बीते 8 अक्टूबर को कक्कलेज के छात्र उज्जवल द्वारा अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगा ली थी। उसके बाद कक्कलेज के सामने पंचायत हुई। जिसमें सपा विधायक पंकज मलिक ने पार्टी की तरफ से पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### धर्मशाला के बाहर साइन बोर्ड लगाने की मांग

**बुढाना।** कस्बा बुढ़ाना के मंडी मौहल्ला में स्थित वैश्य समाज की धर्मशाला काफी वर्षो से बनी हुई है। जिसमें वैश्य समाज के सैंकड़ों लोगों ने विगत वर्ष चन्दा देकर इसका जीर्णोद्धार कराया था और एक कमेटी भी सभी की सहमति से बनाई थी। यह बातें आने वाली पीढी को भी मालूम होनी चाहिए कि बुढाना में सनातन धर्म की ये धर्मशाला है। इसलिए जनहित में वैश्य धर्मशाला मंडी मौहल्ला के बाहर समाज के लोग धर्मशाला का बड़ा साइन बोर्ड लगवाएं। यह मांग अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड बुढ़ाना के अध्यक्ष संजीव कुमार संगत, संरक्षक सुरेंद्र सिंघल नंगला, आयुष गर्ग, राजपाल कंसल, शिवम कंसल, हिमांशु आदि लोगों ने उठाई है।

### लाल दयाल पब्लिक स्कूल में रंग-रंग जादूगर का धमाकेदार शो, बच्चों ने जमकर लिया मज़ा



**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को रंग रंग जादूगर का रोमांचक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध जादूगर आमिर मलिक ने अपने एक से बढ़कर एक जादुई करतबों और आश्चर्यजनक भ्रमट्रिक्स से बच्चों और अभिभावकों का मन मोह लिया। शो की शुरुआत होते ही जादूगर आमिर मलिक ने मंच पर ऐसे हैरतअंगेज कारनामे पेश किए कि बच्चे तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत करते रहे। हवा में उड़ते इंसान, पालक के पत्ते जैसी सामान्य चीज़ों का पलभर में गायब हो जाना, और दूर से नियंत्रित होने वाली भ्रम कलाएँ कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। हर ट्रिक के साथ बच्चों में रोमांच और उत्सुकता बढ़ती चली गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रांगण में आश्चर्य, मनोरंजन और हँसी का माहौल बना रहा। बच्चे ही नहीं बल्कि अध्यापक और मौजूद अभिभावक भी जादू के अनोखे खेलों को देखकर दंग रह गए।नइस भव्य जादू शो का आयोजन स्कूल के अध्यक्ष कर्मवीर सिंह तथा प्रधानाचार्य शिल्पी कुमार अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की कल्पनाशकित को बढ़ाते हैं और सीखते सीखते मनोरंजन का अवसर भी प्रदान करते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी अध्यापकों एवं गैर शिक्षण स्टाफ ने पूर्ण सहयोग दिया। अंत में बच्चों ने जादूगर आमिर मलिक के साथ फोटो खिंचवाकर यादगार लम्हों को संजोया।

## वूशु खिलाड़ी शाहवेज को मिला 41 हजार रुपये का चेक



**बुढ़ाना।** मां शाकुम्भरी ब्विवद्यालय सहारनपुर ने स्थापना दिवस समारोह के मौके पर मोहम्मद शाहवेज को सम्मानित किया ओर 41 हजार रुपये का नगद ईनाम दिया। जिसमें मोहम्मद शाहवेज ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्ख्रष्ट उपलब्धियां हासिल की। आल इंडिया यूनिवर्सिटी वूशु प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर ब्विव. विद्यालय को शीर्ष स्थान दिलाया था। सहारनपुर में माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय ने अपना चौथा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर ब्विवद्यालय परिसर में हवन-यज्ञ, रक्तदान शिविर, पौधारोपण और इनोवेशन मेले सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ विधि-विधान के साथ यज्ञ से हुआ। विश्वविद्यालय की कुलपति ने मुख्य यजमान के रूप में इसमें भाग लिया। हवन के बाद रक्तदान शिविर का उद्घाटन महापौर डाक्टर अजय कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रक्तदान को मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम बताया। शिविर में ब्विवद्यालय के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कुलसचिव कमल ख्रष्ण और उपकुलसचिव अनुप कुमार सहित कुल 35 लोगों ने रक्तदान किया। बुढ़ाना के वूशु खिलाड़ी शाहवेज कुरैशी कोघ41 हजार रुपये का नगद इनाम देकर हौंसला बढ़ाया गया।

## मुजफ्फरनगर से अग्रोहाधाम तक बस चलनी चाहिए : संजय मित्तल

**मुजफ्फरनगर।** सयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा का एक प्रतिनिधि मंडल जिसमे पूर्व विधायक एवं संरक्षक श्री अशोक कंसल संरक्षक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंघल अध्यक्ष संजय मित्तल महामंत्री अनिल तायल एवं सदस्य पवन बंसल आदि क्षेत्र प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मुजफ्फरनगर प्रभात कुमार सिन्हा से मिलकर वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी अग्रोहा धाम के लिए दो बसें व एक बस खाटू श्याम जी के लिए और एक बस सिद्धबली कोटद्वार के लिए बस चलाने की मांग की तथा इस मांग का ज्ञापन भी उनको दिया।

सिन्हा ने कहा कि आपकी मांग आरएम से अनुमति लेकर जल्दी ही उक्त स्थान को बस चलाने का प्रयास करेंगे।



## एसपी देहात ने किया शाहपुर थाने का निरीक्षण



**शाहपुर।** गत रात्रि को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा थाना शाहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र, थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, कम्प्यूटर कक्ष, बैरक आदि का निरीक्षण करते हुए थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया गया। अपराधियों की लगातार निगरानी एवं अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तदोपरांत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थानाक्षेत्र में शातिर अपराधियों/हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने, आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने, महिला सम्बन्धी अपराधों की जाँचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने व थानाक्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को मेस की साफ सफाई संतोषजनक मिली साथ ही मेस में भोजन की गुणवत्ता बढाने तथा प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण भोजन देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आकस्मिक निरीक्षण उपरान्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग भी की गयी इस दौरान शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी और कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार समस्त स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

### ऐतिहासिक होगी सनातन धर्म संसदः चौहान

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म संसद के जनसंपर्क के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष चौहान ने हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार साधु एवं अरुण प्रताप सिंह और साथ लेकर चरथावल विधानसभा के विभिन्न गांव में धुआंधार जनसंपर्क किया। भाजपा नेता सुभाष चौहान ने बताया की सनातन धर्म संसद के आयोजन को लेकर समस्त उत्तर प्रदेश में सभी सनातनी भाइयों में जबरदस्त उत्साह है और ऐसा ही उत्साह आज मुजफ्फरनगर के चरथावल विधानसभा के विभिन्न गांव में देखने को मिला है ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि हजारों की संख्या में इस सनातन धर्म संसद में शुक्रताल में रविवार के दिन सनातनी हनुमत धाम में जुड़ेंगे।

## खबर का असरः पाँच दिन बाद भूड़ रजवाहा की पटरी दुरुस्त

**खतौली।** लगातार शिकायतों, ग्रामीणों के आक्रोश और शाहटाइम्स में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर हुआ है। लाप. रवाही की नींद में सोए सिंचाई विभाग ने आखिरकार पाँच दिन बाद भूड़ रजवाहा की टूटी हुई पटरी की मरम्मत कराई। उल्लेखनीय है कि पिछले 14 दिनों में यह चौथी बार था जब रजवाहा का किनारा ध्वस्त हुआ, जिससे बस्ती के लोगों की परेशानी बढ़ती गई। विगत शुक्रवार देर रात हुए ताज़ा टूटने के बाद हालात भयावह हो गए थे। पानी कॉलोनी में घुस आया और दर्जनों घरों में भारी जलभराव हो गया। कई परिवारों का सामान भीगकर खराब हो गया और लोगों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। महिलाओं और बच्चों के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि रजवाहा सफाई के दौरान जेसीबी का लापरवाही से इस्तेमाल किया जाता है, जिससे सीमेंटेड पटरी कई जगहों से कमजोर होकर टूट जाती है। परिणामस्वरूप मिटी रिसाव बढ़ता है और कुछ ही दिनों में पूरी दीवार ढह जाती है। लगातार जलभराव से घरों की नींव कमजोर हो रही है और दीवारों में दरारें पड़ चुकी थी, जिससे मकानों के गिरने का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने बताया कि विभाग को कई बार सूचित किया गया, मगर चार दिन तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचा। इससे उनके गुस्से में और इजाफा हुआ। जलभराव से दुकानों और घरों में हुआ नुकसान कई परिवारों पर आर्थिक बोझ बन गया। मंगलवार को खलील, नाज़िम, वाजिद, मेहताब, छोटन, शकील, रियासत, साबू, मोहम्मद अली, सलीम, बिट्टू, इमरान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि टूटे हिस्से की तत्काल मरम्मत नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों और भाकियू नेताओं की लगातार मांग थी कि पटरी की केवल खानापूरी नहीं, बल्कि मजबूत और स्थायी मरम्मत की जाए। शाहटाइम्स द्वारा लगातार मुद्दे को उठाए जाने के बाद आखिरकार विभाग हरकत में आया और बुधवार को रजवाहे का टूटा हिस्सा दुरुस्त कराया गया। पटरी ठीक होते ही कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली और उम्मीद जताई कि विभाग अब स्थायी समाधान की दिशा में भी ठोस कदम उठाएगा।

# खतौली का कुख्यात ब्लैकमेलर किक्की जैन गिरफ्तार

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली में लंबे समय से अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग का पर्याय बन चुका विनय उर्फ किक्की जैन आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गया। बुधवार को सीओ राम आशीष यादव के निर्देशन और कोतवाल दिनेश चन्द्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोज सिंह, कॉन्स्टेबल अजीत सिंह व गुलशन ने उसे ढाबा के सामने फ्लाईओवर के पास से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार, किक्की जैन के खिलाफ धमक. ाकर रंगदारी वसूली, झूठी शिकायतों के जरिए लोगों को फंसाने और पुनः-पुनः धमकाकर पैसे ऐंठने जैसी गंभीर शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी आधार पर उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 433/25, धारा 308(5), 318(4), 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अब पुलिस उसके पूरे नेटवर्क की पहचान कर गैंग से जुड़े अन्य आरोपियों पर भी शिकंजा कसने में जुटी है।

**कैसे चलता था ब्लैकमेलिंग का खेल?**

सूत्रों के मुताबिक, किक्की जैन और उसका गिरोह व्यापारियों, स्कूल संचालकों, प्रॉपर्टी डीलरों व निर्माणकर्ताओं को झूठी शिकायतों और विभागीय कार्रवाई का डर दिखाकर मोटी रकम वसूलता था। एमडीए सहित कई विभागों में शिकायत दाखिल कर नोटिस जारी करवाना, फिर उसी नोटिस को आधार बनाकर समझौते के नाम पर भारी रकम मांगना, और छह माह बाद दोबारा शिकायत कर फिर वसूली करना यही उसका पुराना तरीका था।

कई कारोबारी वर्षों तक आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना झेलते रहे। एक प्रसिद्ध मिठाई व्यापारी को तो लगातार शिकायतों के चलते दुकान का हिस्सा तुड़वाने तक की नौबत आ गई, जबकि लाखों रुपये देकर भी मामला शांत नहीं हुआ। इसी प्रकार, एमडीए के एक जेई राजीव कोहली ने भी किक्की जैन के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके खिलाफ अनेक व्यापारियों, स्कूल संच. ालकों और प्रॉपर्टी कारोबारियों ने कई बार प्रदर्शन तक मुक. दमा दर्ज कराया था।

**गिरफ्तारी से नगर में खुशी की लहर, कठोर सजा की मांग**

किक्की जैन की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही कस्बे के व्यापारियों और आम जनता में राहत और खुशी की लहर दौड़ गई। वर्षों से सक्रिय यह ब्लैकमेलिंग सिंडिकेट सैकड़ों



लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ था। नगरवासियों ने कहा कि किक्की जैन खतौली की शांति व्यवस्था और व्यापार जगत के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका था। लोगों ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए मांग की है कि आरोपी को कठोरतम सजा दी जाए और उसके पूरे गैंग को जल्द गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाए।

## किशोरी के अपहरण में कई नामजद

**चरथावल।** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी 13 वर्षीय भतीजी के अपहरण का मामला दर्ज कराते हुए पांच लोगों को नामजद किया है। शिकायतकर्ता ने तहरीर देकर बताया कि उसकी भतीजी की उम्र 13-14 वर्ष है। जब वह 22 नवम्बर की रात अपने घर में सो रही थी तो रौनी हरजीपुर निवासी कासिम और नाजिम पुत्र आसमौहम्मद उसे बहला फुसलाकर घर से ले गये जब वह अन्य परिजन उनके घर गये तो वहां नफीस, रिफाकत और कय्यूम आदि ने परिवार के साथ गाली-गलौच और मारपीट की तथा लडकी को वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चरथावल क्षेत्र में बार-बार दिख रहा है तेन्दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल क्षेत्र के कई गांवो में तेन्दुए की दहशत बनी हुई है। आज बिरालसी और रौनी हरजीपुर गांव के साथ-साथ कनाहेडी के ग्रामीणों ने भी फोटो वायरल कर क्षेत्र में तेन्दुआं दिखाई देने का दावा किया और कहा कि तेन्दुएं की चहलकदमी के कारण किसान खेतों में काम करने से डर रहे हैं।

दूसरी और डीएफओ मुजफ्फरनगर का कहना है कि 22 नवम्बर के बाद विभाग ने बिरालसी गांव में दो स्थानों पर तेन्दुएं को पकड़ने हेतु पिंजरा लगवाया हुआ है, लेकिन उसके बाद से क्षेत्र में तेन्दुएं के पैरो के निशान नही मिले, लगता है कि वह आस-पास के अन्य गांव में माईग्रेड कर गया है। कल(आज)फिर से वन विभाग की टीम तेन्दुआं प्रभावित क्षेत्रों में गशत करेगी तथा तेन्दुएं के निशान मिलने पर उसे पकड़ने की कार्यवाही भी करेगी। अन्य जनपदों से प्रशिक्षित स्टाफ भी बुलाने के लिए पत्र लिखा गया है। गौरतलब है कि कई वर्ष पूर्व कुटेसरा के रजवाहे की पुलिया के पास तेन्दुएं का शव पड़ा मिला था तब भी यह आरोप लगा था कि वन विभाग ने उसे समय रहते पकड़ने का प्रयास नही किया जिस कारण ग्रामीणों ने उसे मारकर लावारिस डाल दिया था तब विभाग ने सच्चाई तक पहुं. चने के लिए कोई कार्य नही किया था।

## बिन मां की किशोरी के साथ नशेडी चाचा ने किया बलात्कार

**छपार।** अपने चाचा के पास रही एक किशोरी के नशेडी चाचा ने जबरन बलात्कार किया उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। पडोसन पीड़िता को लेकर थाने पहुंची ओर आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। क्षेत्र के एक निवासी 14 वर्षीय किशोरी की मां की मौत हो चुकी है और पिता का किसी को पता नहीं वह कहां चला गया। किशोरी वर्षो से अपने चाचा के घर पर ही रह रही थी। उसका नशेड़ी चाचा सतीश सोमवार की रात्रि में शराब के नशे में घर पहुचा ओर किशोरी के साथ जबरन बलात्कार किया विरोध करने पर उसकी पिटाई भी की। सुबह होने पर एक पड़ोसन को घटना की जानक. ारी दी वह उसे लेकर थाने पहुंची ओर आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज कर उसे डाक्टरी परीक्षण के जिला चिकित्सालय भेज दिया ओर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

# वर्षों से बंद पड़े बैंक खातों में अब लौटेगी जान

### 5 दिसंबर को विकास भवन में लगेगा ऐतिहासिक मेगा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के हजारों खाताधारकों के लिए राहत भरी खबर है। ऐसे बैंक खाते जो वर्षों से निष्क्रिय पड़े हैं या जिन्हें तकनीकी भाषा में डिपोजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड की श्रेणी में डाल दिया गया है, उन्हें दोबारा सक्रिय करने के लिए प्रशासन ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है। एसएलआरसी के सख्त आदेशों के अनुपालन में आगामी 5 दिसंबर को विकास भवन में एक भव्य मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान की गंभीरता को देखते हुए लीड बैंक मैनेजर कार्यालय में एक उच्च स्तरीय आपात बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता एलडीएम मुजफ्फरनगर अनिल सिंह ने की। इस दौरान जिले में संचालित सभी सरकारी और निजी बैंकों के जिला समन्वयकों व मनीवाइज़ वित्तीय साक्षरता केंद्र की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही।

बैठक में एलडीएम अनिल सिंह ने स्पष्ट किया कि श्डीईएएफश खातों को सक्रिय करना और ग्राहकों को उनका जमा पैसा वापस सुलभ कराना प्राथमिकता है। इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई, जिसके तहत हर बैंक को अपने पेंडिंग मामलों की सूची के साथ कैंप में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। एलडीएम अनिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्सर जानकारी के अभाव में कई खाताधारक अपने खातों में 10 साल या उससे अधिक समय तक कोई लेनदेन नहीं करते। नियमानुसार, ऐसे खातों की राशि आरबीआई के श्डीईएएफ फंडश में ट्रांसफर हो जाती है और खाता पूरी तरह फीज हो जाता है। आम ग्राहक को इसे दोबारा चालू कराने के लिए बैंक के कई चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन 5 दिसंबर को लगने वाले इस मेगा कैंप में एसबीआई, पीएनबी से लेकर ग्रामीण बैंकों तक, सभी बैंकों के स्टॉल विकास भवन में लगेंगे। इस कैंप में ग्राहक केवल अपनी केवाईसी और पासबुक लेकर आएं, उनकी समस्या का समाधान मौके पर ही करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा जिसमें पीएमएसबीवाई, पीएमजे जेबीवाई, एपीवाई आदि से भी लाभांवित किया जाएगा। एलडीएम ने बैठक में सभी डीसी को निर्देशित किया कि वे अपनी शाखाओं को अलर्ट मोड पर रखें। कैंप के दिन ग्राहकों को फॉर्म भरने से लेकर डॉक्यूमेंट जमा करने तक, हर कदम पर सहायता प्रदान की जाए। लक्ष्य यह है कि इस एक दिन के भीतर अधिकतम डीईएएफ खातों को क्लेम सेटलमेंट या एक्टिवेशन की प्रक्रिया में लाया जाए।लीड बैंक प्रबंधन ने जनपदवा. सियों से अपील की है कि यदि उनका या उनके परिवार में किसी का पुराना बैंक खाता निष्क्रिय पड़ा है, तो वे 5 दिसंबर को विकास भवन पहुँचकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। बैठक में क्रिसिल फाउंडेशन की कैपिसिटी बिल्डिंग ऑफिसर शीजा खानम,एफएलसी हेमंत कुमार त्यागी, मैनेजर संजय शर्मा, अरविंद के अलावा सभी बैंकों के डीसी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# थाने के सामने बार्बर की दुकान में दो लाख की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली के बिलकुल सामने बदमाशों ने बेखौफ होकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बघरा निवासी रिहान की बार्बर की दुकान से नकाबपोश चोर दो लाख रूपए की नकदी उड़ा ले गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।पीड़ित रिहान की कोतवाली के सामने मार्केट में बार्बर की दुकान है। उसके अनुसार, वह रोज की तरह रात करीब साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर पास ही स्थित अपने गोदाम पर कुछ काम करने चला गया था। करीब पौने बारह बजे जब वह वापस लौटा तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखी दो लाख रूपए की रकम गायब थी।

रिहान ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई।रिहान ने बताया कि बुधवार को साप्ताहिक बंदी होने के कारण उसे सामान लेने दिल्ली जाना था और यह राशि दिल्ली निवासी लाला को देनी थी। कोतवाली गेट के ठीक सामने हुई इस वारदात ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है।सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, चोर बेहद शातिर था। दुकान में घुसते ही उसने सबसे पहले कैमरों को बंद किया, इसके बाद पूरी वारदात को अंजाम दिया। उसके चेहरे पर नकाब लगा हुआ था। हालांकि वारदात से पहले और बाद की गतिविधियां दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई हैं, जिसमें चोर बेखौफ दिखाई दे रहा है। पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि घटना संज्ञान में है, जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# दूसरे राउंड मे टीम ने पकड़े 25 खूंखार बंदर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा खूंखार बंदरों को पकडने हेतु 2 सदस्य टीम ने दूसरे राउंड का अभियान चलाते हुए पिछले दो दिनों में 25 खूंखार बंदरो को पकडा गया है। नगर पालिका परिषद कैराना के सफाई विभाग में कार्यरत लिपिक मोहम्मद असलम ने जानकारी देते हुए बताया कि पालि. काध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी व अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप के निर्देशन में खूंखार बंदरो को पकडने के लिए शफीक अहमद के नेतृत्व में 2 सदस्य टीम को बुलाया गया है। पिछले दो दिनों में टीम ने नगर के मौहल्ला आलखुर्द व मौहल्ला पीपलोतला क्षेत्र व जलकल परिसर नलकूप नंबर 1 पर बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। टीम ने बंदरों को पकड़ने के लिए पिंजरे में केले व चने डाले। जिसके बाद 25 बंदरों को पकड़ लिया गया। बाद में पिंजरे से निकाल कर इन खूंखार बंदरों को बड़े पिंजरे में बंद किया गया। तत्पश्चात रात्रि के समय पकड़े के खूंखार बंदरो को कैराना नगर से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जंगलों में ले जाकर छोड़ा गया।

# तेजाब फेंककर हत्या के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दहेज उत्पीड़न, मारपीट, तेजाब फेंककर हत्या का प्रयास और तीन तलाक देने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। कैराना क्षेत्र की रहने वाली सहरीन नामक महिला ने अपने पति मुजाहिर पुत्र जाहिद और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर गैंगबंदी कर गंभीर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए महिला थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता सहरीन का कहना है कि उसकी शादी वर्ष 2012 में मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। मायके वालों ने लगभग 15 लाख रूपए, प्लेटिना बाइक, सोने-चांदी के आभूषण और घरेलू सामान दहेज में दिया था, लेकिन इसके बावजूद उसके पति मुजाहिर, सास सजीला, ससुर जाहिद और जेठ शाहिद दहेज से खुश नहीं थे और शादी के बाद से ही एक चारपहिया वाहन तथा एक प्लॉट की अतिरिक्त मांग करते रहे। आरोप है कि उत्पीड़न बढ़ता गया और मजबूरी में उसके भाई ने उसके पति को 50 हजार रूपए फोनपे से तथा 6 लाख रूपए नकद दिए, जिसके बाद पति ने कैराना में एक प्लॉट खरीदा। इसके बावजूद ससुरालीजन की दहेज मांगें नहीं रुकीं और फिर से गाड़ी की मांग शुरू कर दी गई। सहरीन का आरोप है कि 11 जुलाई 2025 की सुबह 8 बजे ससुराल पक्ष के सभी आरोपियों ने दहेज न लाने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसी दौरान पति मुजाहिर ने उस पर तेजाब की शीशी फेंक दी, जिससे वह कई स्थानों पर झुलस गई। किसी तरह वह कमरे में बंद होकर अपनी जान बचा सकी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### नाबालिग को भगाकर ले जाने का आरोप मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ग्राम पटनी प्रतापपुर की एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पटनी प्रतापपुर निवासी आसमा पत्नी रियासत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को ग्राम जमालपुर का युवक शेखर बहला-फुसलाकर घर से ले गया। आरा. प है कि शेखर उसकी बेटी के साथ घर से सोने और चांदी के जेवरात तथा डेढ़ लाख रूपए भी ले गया है। महिला के अनुसार सभी जेवरात और रूपए दूसरी लड़की की शादी के लिए रखे गए थे। वही नकुल पुत्र विजेंदर निवासी रजाक नगर ने थाने में तेहरीर देते हुए बताया कि उसकी छोटी बहन जिसकी आयु लगभग 17 वर्ष है को गांव का ही मीनू उर्फ विक्रांत पुत्र महक सिंह जबरदस्ती भगा कर ले गया है जो जाते हुए एक सोने की अंगूठी मंगलसूत्र चांदी की पाजेब वह 12500 नगद भी अपने साथ ले गई है।दोनों घटना एक दिसम्बर की देर रात की बताई गई है।

### दो अभियुक्तों को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करते हुए 2 मामलों में 2 अभियुक्तों को न्यायालय के माध्यम से सजा तथा कुल 2,500/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। 1. वर्ष 2022 में अभियुक्त भारत पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम यारपुर थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली के विरुद्ध थाना गढ़ीपुख्ता पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई, जिसके परिणामस्वरूप आज दिनांक 3.12.2025 को न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा एवं 2,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 07 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2011 में अभियुक्त सत्यपाल सिंह पुत्र बृजपाल निवासी ग्राम नाला थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी किए जाने पर आज दिनांक 3.12.2025 को माननीय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा एवं 500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में 9 दिसंबर को रक्षा लेखा नियंत्रण (पेंशन संवितरण) मेरठ के सहयोग से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 एवं स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अपर प्रा. जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह विशेष एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। ऐसे सभी स्पर्श पेंशनभोगी एवं पारिवारिक पेंशनभोगी, जिनकी वार्षिक पहचान आवश्यक है या जिन्हें पेंशन संबंधी कोई समस्या या शिकायत है, वे इस आउटरीच कैंप में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

### दिव्यांगों को व्हीलचेयर का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को विकास भवन प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने शारीरिक रूप से दिव्यांग 16 व्यक्तियों को व्हीलचेयर प्रदान की। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, ताकि उन्हें दैनिक जीवन में सुविधा मिल सके। इसी दौरान कक्षा 9 और 10 में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने दिव्यांग व्यक्तियों के आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क पर अतिक्रमण करने का आरोप

**कांधला।** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण फरहत हुसैन ने बताया कि गांव के उसके पड़ोसी आजम अली ने रास्ते पर सामान डालकर व अपने घर के बाहर सीढ़ियां बनाकर अतिक्रमण कर रखा है। रास्ते पर अतिक्रमण हो जाने से पीड़ित सहित आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि जब कोई ग्रामीण व पीड़ित विरोध करता है तो आरोपी उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी करता है। दूसरी और दूसरे पक्ष के आजम अली ने भी अपने पड़ोसी फरहत हुसैन पर चबूतरा बनाकर अतिक्रमण करने सहित कई गंभीर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों पक्षों ने अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाकर तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में,यासीन,यासिन,व लिलू को हिरासत में लेकर चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है।

# बराला के जंगल में मिला युवक का गोली लगा शव

## मृतक की पहचान परवेज पुत्र हाशिम निवासी राणामाजरा ( पानीपत ) के रूप में हुई, हत्या या आत्महत्या पुलिस जुटी जांच में





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव बराला के जंगल में ईख के खेत से एक युवक का गोली लगा शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर कैराना पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान परवेज पुत्र हाशिम निवासी गांव राणामाजरा, जिला पानीपत (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस हत्या या आत्महत्या, सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।मृतक के भाई ने दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

बुधवार सुबह गांव भूरा-बराला रोड पर ईंट भट्टे के पास किसान पवन शर्मा अपने ईख के खेत में खाद डालने के लिए गया था। इस दौरान उसे एक युवक का रक्तरंजित शव पड़ा दिखाई दिया। किसान के चीखने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही कोतवाल समय पाल अत्री पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला भी फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। शव के पास से 315 बोर का तमंचा, कारतूस, आधार कार्ड,आरसी और अन्य कागजात बरामद हुए हैं।मौके से बरामद तमंचे में खोखा कारतूस भी फंसा हुआ था। प्रथम . ष्टया पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, लेकिन अधिकारी सभी एंगल से जांच कर रहे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि मृतक ने संभवत: सीने में सटाकर खुद को गोली मारी है।

युवक गांव भूरा-बराला के जंगल में क्यों और कैसे पहुंचा? इसके कारणों की भी जांच की जा रही है। सूत्र बताते है कि करीब दस दिन पूर्व करनाल के घरौंडा क्षेत्र में लकड़ी व्यापारी से तीन लाख रूपए की लूट हुई थी, जिसमें मृतक परवेज का नाम सामने आया था।पुलिस उसके आपरा. धिक रिकॉर्ड को भी खंगाल रही है।

पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक चार भाई-बहनों में तीसरे नम्बर का है और अविवाहित था। मृतक के छोटे भाई अरमान ने कोतवाली पर तहरीर देकर बताया कि लगभग पांच दिन पूर्व आसिफ व शोयब दो अज्ञात लोगों के साथ मेरे भाई को घर से बुलाकर ले गए थे, तभी से वह लापता था।

आज प्रात:सुबह सात बजे आसिफ के भाई ने पूछने पर बताया था कि गांव गढ़ी बेसिक में रात्रि के समय परवेज को आसिफ,शोयब व दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ देखा था। आज सुबह गांव भूरा-बराला के जंगल में लेजाकर उक्त लोगों ने मेरे भाई की हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।





# देश के फौजी का सम्मान राष्ट्र का सम्मान: पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** देश की एकता अखंडता में भारतीय सेना का सर्वोत्तम योगदान है समय-समय पर भारतीय सेना के पराक्रम के सामने दुश्मनों ने मात खाई है फौजी का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है देश की जनता को भारतीय सेना पर गर्व है

उक्त उद्गार पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने नगर निवासी सेवानिवृत्त फौजी रविंद्र सैनी के सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह में बोलते हुए व्यक्त किए उन्होंने कहा भारत की सेना का शानदार इतिहास रहा है दूसरे देश भी भारतीय सेना की ताकत को अच्छी तरह समझते हैं सेना के जवानों के पराक्रम त्याग व बलिदान के चलते आज देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित है देश में पूरी तरह अमन चौन का माहौल है देश की एकता अखंडता बनाए रखने में सेना का अमूल्य व सर्वोत्तम योगदान है । समय-समय पर देश पर बुरी नजर रखने वालों को भारतीय सेना ने कड़ा सबक सिखाया है। देश की जनता को भारतीय सेना पर गर्व है हम सभी भारतीयों का कर्तव्य बनता है कि हम फौजियों का सम्मान करें क्योंकि फौजियों का सम्मान ही राष्ट्र का सम्मान है उन्होंने कहा रविंद्र सैनी ने 28 साल देश की सेवा की है इसके लिए नगर व क्षेत्र की जनता उनके व उनके परिवार की आभारी है हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं सेवानिवृत्त फौजी रविंद्र सैनी ने कहा 13 नवंबर 1997 को उन्होंने भारतीय सेवा ज्वाइन की थी 28 वर्ष देश की सेवा के बाद में अपने गृह नगर थाना भवन आया हू उनका सेवा का कार्य भविष्य में भी जारी रहेगा रविंद्र सैनी ने भारतीय सेना में रहते हुए अपने अनुभव उपस्थित लोगों के बीच साझा किए उन्होंने अपने परि. जनों शुभचिंतको मित्रों नगर व क्षेत्र वासियों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। नगर चौयरमैन प्रतिनिधि हाजी राव जमशेद ने रविंद्र सैनी का स्वागत करते हुए उनके द्वारा सुझाए गए जनहित के कार्यों के लिए उन्हें पूरा सहयोग दिया जाएगा कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष पंडित पवन गौतम राधेश्याम दीवान जी जगमाल सैनी चौयरमैन जयसिंह सैनी पूर्व सभासद ऋषिपाल सैनी पूर्व प्रधान अजब सिंह सैनी पूर्व प्रधान वेदपाल गहलोत आदि ने भी विचार व्यक्त किए है संजय सैनी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सिल्वर पल्स पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया रविंद्र सैनी के परिवार की ओर से नगर व क्षेत्र के पूर्व फौजियों ठाकुर राम भुल ,रतन सिंह, सोनू प्रजापति, नकुल ढाका, चौधरी कालूराम, ठाकुर रविंद्र, ठाकुर नैन सिंह,का माल्यार्पण कर व पटका भेट कर स्वागत किया। रविंद्र सैनी के परिवार की ओर से रविंद्र सैनी को पगड़ी भेंट की गई दोपहर बाद स्थानीय दशहरा मैदान से बैंड बाजो ढोल नगाड़ो देश भक्ति के नारों लहराते तिरंगो के बीच जलुश के रूप में रविंद्र सैनी को कार्यक्रम स्थल टंकी चौक पर लाया गया जहां पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा भाजपा मंडल अध्यक्ष पंडित पवन गौतम संघ चेयरमैन महेश गोयल चौयरमैन प्रति. निधि हजी राव जमशेद प्रधान नीटू सैनी। राहुल सैनी ।केपी सैनी सुनिता सैनी पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा। विहिप नगर अध्यक्ष संजय कश्यप। जगमाल सैनी। अरुण शर्मा अर्जुन सैनी ।पूर्व सभासद ऋषिपाल सैनी ।राजेंद्र सैनी प्रधानाचार्य इंद्रपाल सैनी। धर्म सिंह सैनी। पाल सैनी। पूर्व सभासद उमेश सैनी। नीरज गोयल सभासद पूर्व सभासद रामपाल सैनी ।राहुल पाराशर। मास्टर धर्मपाल सैनी ।राजेंद्र फौजी। पूर्ण सैनी ।धर्म सिंह सैनी। राममेहर ठेकेदार। पाल सैनी। राजेश सैनी। डॉक्टर महावीर तोमर सुरेश शर्मा। रविंद्र शर्मा ।अर्जुन सैनी। ओम प्रकाश सैनी ।विकास सैनी। गौरव सैनी। आदि लोगों ने भारत माता की जयकारो के बीच रविंद्र सैनी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र से आए सैकड़ो लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन पर पूर्व सभासद ऋषिपाल सैनी। फौजी रविंद्र सैनी। अर्जुन सैनी। ओम प्रकाश सैनी फौजी। व उनके परिवार के सदस्यों ने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

# छापेमारी कर उपभोक्ताओं को गलत नोटिस भेज रहा विद्युत विभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली से उपभोक्ता पीड़ित है विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी कर उपभोक्ताओं को गलत नोटिस दिए जा रहे हैं।

इस संबंध में जन उत्थान सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा तथा विद्युत विभाग के अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली से कस्बे के उपभोक्ता पीड़ित है आरोप है कि विद्युत विभाग की टीम द्वारा मोहल्ला रविदास पुरी के सभासद सुशील कुमार के घर पर छापा मारा था जिसमें विद्युत चोरी दर्शाते हुए 145765 रूपए का नोटिस भेजा गया है जिसमें उपभोक्ता द्वारा समरसेबल व फ्जि दोनों का लोड दर्शाया गया है जबकि उपभोक्ता के पास न तो कोई समरसेबल है न हीं फ्जि है उक्त नोटिस के जवाब में जन उत्थान सेवा समिति के कार्यकर्ता विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता प्रथम से मिले तथा प्रकरण की जांच कर गलत नोटिस भेजने वाले अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की लेकिन विभाग द्वारा कोई जांच नहीं करवाई गई। बुधवार को जन उत्थान सेवा समिति के कार्यकर्ता तहसील कार्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को ज्ञापन सोपा जिसमें प्रकरण की जांच कर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है कार्रवाई न होने पर 11 दिसंबर से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी गई है।ज्ञापन देने वालों में भास्कर चौधरी, सुरेंद्र सिंह, सुभाष, सचिन, अमित आदि शामिल रहे।

# ग्रामीण की बाइक चोरी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक ग्रामीण की मैरिज होम के बाहर से चोरों ने बाइक चोरी कर ली पीड़ित ग्रामीण ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण करण सिंह ने बताया कि वह गांव के ही राधा कृष्ण मैरिज होम में दावत खाने के लिए गया था और अपनी बाइक मैरिज होम के बाहर खड़ी कर रखी थी। पीड़ित का आरोप है की तभी किसी चोर ने मौका पाकर उसकी बाइक चोरी कर ली। जब पीड़ित खाना खाकर वापस लौटा तो मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं थी।खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित ग्रामीण ने बुधवार को थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर अपनी बाइक को बरामद करने की गुहार लगाई है पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है।

# महिला पर हमला, पाइपलाइन तोड़ी

**चौसाना।** क्षेत्र के टोडा में खेत पर कृषि कार्य कर रही महिला के साथ मारपीट व अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़िता ममता पत्नी संदीप ने बताया कि वह बुधवार को अपने खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान गांव के दो लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए खेत की लगी पाइपलाइन उखाड़ दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर और खेत में मौजूद मजदूर रोहित पर डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों के सिर फट गए।

आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर पास में ही काम कर रही मंजू मौके पर पहुंची और बीच-बचाव करते हुए दोनों को बचाया। ममता का कहना है कि पाइपलाइन तोड़े जाने से उसकी तैयार फसल खराब होने का खतरा है।

ममता ने आरोप लगाया कि घटना के बाद वह तहरीर लेकर चौसाना चौकी पहुंची, लेकिन चौकी प्रभारी ने उसकी तहरीर नहीं ली। पीड़िता का कहना है कि उसने बार-बार लिखित शिकायत देनी चाही, लेकिन चौकी पर उससे कोई कार्रवाई नहीं की गई। चौकी प्रभारी संदीप कुमार का कहना है कि उन्हें पीड़िता की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि महिला से केवल इतना कहा था कि जो भी घायल है उसे पहले चौकी पर लेकर आएं, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना में बुधवार को टीका उत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। यह विशेष टीकाकरण अभियान 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा, जिसके तहत क्षेत्र में शत.प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित टीका उत्सव कार्यक्रम में उद्घाटन के पश्चात अपने संबोधन में भाजपा नेता अनिल चौहान ने कहा कि शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को टीकाकरण बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय पर लगने वाले ए टीके बच्चों को कई गंभीर और जानलेवा बीमा. रियों से बचाते हैं।

इसलिए हर माता.पिता को अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से भी अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आ]वान किया।कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ। शैलेंद्र चौरसिया, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अतुल गर्ग सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य टीम ने लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक भी किया।

टीका उत्सव के दौरान पूरे महीने गांव-गांव और मोहल्लों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को टीका लगाने तथा छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर उन्हें कवर करने की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि इस अभियान से क्षेत्र में टीकाकरण कवरेज में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

**सूचना**

मैं AAYAN S/O KHURSHEED AHMAD पता H.N0. 57 KHAIL KALAN KAIRANA PO/PS KAIRANA, DISTT SHAMLI, UTTAR PRADESH-247774 INDIA मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम AYAN अंकित है, जबकि मेरा सही नाम AAYAN है। मुझे AAYAN के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाता है।

# एसआईआर फार्म पर किए फर्जी हस्ताक्षर, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नकुड विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक सरसावा के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्राम चौराकलां में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान सऊदी अरब में नौकरी कर रहे मतदाता के फर्जी हस्ताक्षर किये जाने पर पुलिस ने परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी नकुड़ संजय डबराल द्वारा बूथ संख्या 91 पर पुनरीक्षण कार्य की जांच के दौरान तीन साल से सऊदी अरब में काम कर रहे मतदाता के फर्जी हस्ताक्षर पाये गये। जांच टीम जब प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र शमीम अहमद के साथ घर घर सत्यापन करने पहुँची तो मतदाता

**■ एसआईआर के दौरान सऊदी अरब में नौकरी कर रहा है भाई**

समनू के घर पर उनके भाई अकरम मिले। पूछताछ में अकरम ने बताया कि समनू लगभग तीन वर्ष से सऊदी अरब में नौकरी कर रहे हैं, और लंबी अवधि से गाँव में नहीं आये हैं। इसके बावजूद समनू के नाम से गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर पाए गए। भारतीय निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर केवल मतदाता स्वयं या उसके परिवार का कोई अन्य सदस्य कर सकता है। लेकिन जांच में पाया गया कि समनू के भाई अकरम द्वारा समनू के फर्जी हस्ताक्षर कर गणना प्रपत्र जमा किया गया है। जबकि समनू विदेश में रह रहा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी नकुड़ द्वारा इस फर्जीवाड़े को गंभीर मानते हुए मामले की रिपोर्ट तैयार कर थाना चिलकाना के प्रभारी विनोद कुमार को कार्यवाही हेतु दी गयी है। जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के अंतर्गत अकरम व अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किये जाने की मांग की गई है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि फर्जी हस्ताक्षर प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी नकुड व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय डबराल द्वारा दी गयी तहरीर पर गांव चौंराकला निवासी अकरम व अन्य परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# दो सैन्ट्रो कार के टायर चोरी




**नकुड़।** कस्बे के मैन बाजार तिराहे पर लगातार पुलिस ड्यूटी होने के बावजूद चोरों ने बीती रात पीर के मैदान में खड़ी दो सेंट्रो कारों के पाँच टायर उखाड़ कर पुलिस गश्त की पोल खोल दी।

मोहल्ला सादलगंज स्थित पीर के मैदान में खड़ी अब्दुल रहमान की सेंट्रो कार से चोर तीन टायर उतार ले गए। पीड़ित ने बताया कि रात में कार बिल्कुल सुरक्षित खड़ी थी, पर सुबह सूचना मिली तो देखा कि चोरों ने पूरी तैयारी के साथ टायर उखाड़ लिए थे। इसी मैदान में खड़ी प्रतिष्ठित व्यापारी एवं भाजपा नेता सोहित मित्तल की सेंट्रो कार भी चोरों के निशाने से नहीं बच सकी। चोर उसके दो टायर भी खोलकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस मैदान में अक्सर गाड़ियाँ खड़ी रहती हैं, लेकिन पुलिस चौकसी के बीच इस तरह की चोरी पहले कभी नहीं हुई।

मोहल्लेवासियों ने कहा कि घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर मैन बाजार तिराहे पर रात-दिन पुलिस तैनात रहती है और रात्रि गश्त का दावा भी किया जाता है, बावजूद इसके चोरों का इतना निर्भीक होकर वारदात को अंजाम देना पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पीड़ितों ने चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग की है, वहीं क्षेत्रवासियों ने रात्रि गश्त को और अधिक सख्त और सक्रिय करने की जरूरत बताई है।

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** तीन दिन पहले एक विवाहिता द्वारा के फंदे पर लटका शव मिलने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की माँग को लेकर मृतका के परिजनों सहित ग्रामीणों ने थाने में धरना दिया।



गौरतलब है कि सोमवार को खुराना काम्प्लेक्स कालोनी में एक विवाहिता दीपांशी पुत्री चरण सिंह उर्फ सोनू का शव फंदे पर लटका हुआ मिला था। तत्काल सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था। जबकि मृतका के पिता चरण सिंह सहित मायके वालों ने कोतवाली में तहरीर देकर पति विशाल पुत्र राजेंद्र, ससुर राजेंद्र पुत्र मूलसिंह व सास कमलेश पत्नी राजेंद्र को नामजद करते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न व हत्या का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

इस मामले में बुधवार की शाम को पीड़ित पिता चरण सिंह व परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीण कोतवाली में पहुंचे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की माँग को लेकर वार्ता की। इस सम्बंध में नवागत कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने आश्वासन देते हुए कहा कि अभी मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है वह मामले की विस्तार से जानकारी लेकर कार्यवाही के लिए टीम गठित कर शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# भाजपा सरकार हर वर्ग के साथ खड़ी: गुंबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर नवजात शिशु के टीकाकरण अभियान के तहत छूटे बच्चों के टीकाकरण अभियान को पूर्ण किए जाने के लिए आज से प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे उत्सव टीकाकरण अभियान का आज शुभारंभ किया गया।

नगर विधायक राजीव गुंबर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। आज नेहरू मार्केट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज नगर विधायक राजीव गुंबर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने उत्सव टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विधायक राजीव कुमार ने



कहा कि प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के प्रत्येक वर्ग का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है जिसके चलते संचारी रोग की रोकथाम को विशेष अभियान चलाया गया है और नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य में व्यापक सुधार करने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उसके बावजूद भी सरकार कार्य की समीक्षा कर रही है जिसमें जिन बच्चों टीका नहीं लगा है, उसके लिए उत्सव टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इस कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य कर्मियों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में कोई भी बच्चा टीका लगने से वंचित न रह पाए यह विशेष रूप से ध्यान रखें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है और दिसंबर माह यह अभियान चलेगा जिसके अंतर्गत सभी नवजात शिशुओं को टीके लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो बच्चे टीका लगने से वंचित है उनको चिन्हित कर लिया गया है, उनका टीकाकरण किया जाएगा।

इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद मुकेश गखक्ड़, अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ रामानंद, नोडल अधिकारी नगरीय डा.अजेन्द्र मलिक, एसीएमओ डॉक्टर कामिल, डॉ अवंतिका, टीवी कार्यक्रम मुकेश कुमार, देवेंद्र बंसल, डॉ मुकेश समेत विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के मुकुंद लाल पब्लिक स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाईड शिविर का समापन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया।

कस्बा पठेड के समीप ग्राम दौलतपुर में मुकंद लाल पब्लिक स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाईड शिविर का समापन बड़ी धूमधाम के किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सतीश शर्मा, प्रधानाचार्य सेठपाल सैनी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सतीश शर्मा ने कहा कि स्काउट गाईड शिविर में सभी बच्चों ने शूटिंग करना, तीर कमान चलाना, नदी को पार करना, मैडिकल फर्स्ट एड उपचार देना, जंगल में तंबू बनाना



आदि कार्य सीखे। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद व अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान देना चाहिए। किसान नेता ऋतु सैनी, बबलू प्रधान, ताहिर चौधरी आदि ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी और स्काउट गाईड शिविर लगाने वाले दिनेश कुमार गौतम व अंकित कुमार शर्मा का भी धन्यवाद किया, कि उन्होंने बच्चों को कठिन समय में कैसे लड़ा जाए वो सब कार्य सिखाए है। इस दौरान श्री वास्तव, पूर्व सभासद यूनिश कुरैशी, ताहिर चौधरी, पूर्व प्रधान बबलू सैनी, चौ. मुकर्रम, अफसर राव, बिजेंद्र कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## गीता महोत्सव के तीसरे दिन प्रेरणादायी संदेश

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में गीता महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणादायी संदेशों से सराबोर रहा। तृतीय दिन ज्ञान योग सही सोच, सही दिशा एवं आत्मज्ञान ही सच्ची शक्ति का रहा। जिसके माध्यम से छात्रों ने जीवन में सकारात्मक विचारों और आत्मबोध के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में आराध्या और दिव्या द्वारा दी गई। जिन्होंने ज्ञान योग के मूल सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया एवं उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सही सोच और सही दिशा जीवन को उन्नति के मार्ग पर ले जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि आत्मज्ञान ही वह शक्ति है जो मनुष्य को दृढ़, संयमी और सफल बनाती है। सत्र का संचालन आचार्या विजयलक्ष्मी शर्मा और मोनिका सूद ने किया।

# भूमि पूजन यज्ञ के साथ सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शांति कुंज के तत्वाधान ओर गायत्री परिवार के बैनर तले गांव बाबैल बुजुर्ग में 10 से 12 दिसंबर को प्रस्तावित 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्स्व के लिए भूमि पूजन यज्ञ के साथ संपन्न हो गया।

बता दे कि तीन दिवसीय 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्स्व का आयोजन बाबैल बुजुर्ग गांव के बैंक के सामने राणा फार्म में 10 से 12 दिसंबर तक होना है। इसके लिए आज भूमि पूजन पांच कुण्डीय यज्ञ के साथ विधिवत रूप से किया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन मास्टर त्रिपाल सिंह एवं सुरेश रुहेला ने गायत्री ओर यज्ञ की महिमा को विस्तार से बताया। इस दौरान प्रस्तावित कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रचार पर जोर दिया गया ओर विशेष आहुतिया दी गईं। तीन दिवसीय कार्यक्रम स्थल के भूमि पूजन के दौरान मुख्य रूप से मास्टर त्रिपाल सिंह, रूप सिंह,सत्यपाल सिंह, सुरेश रुहेला, डॉ अक्षय यादव, सुधीर राणा , डॉ चंद्र शेखर शर्मा, रमन शर्मा , नीरज राणा, मनोज राणा, अशोक गुप्ता,दिनेश राणा,नीरज काम्बोज, संजय, प्रमोद, अरुण यादव प्रदीप ,अर्जुन चौहान, जंगशेर राणा, नाहर सिंह, ललित, नितिन शर्मा, अखिलेश कौशिश एड., अंकित, सौरभ, अशोक शर्मा,चरण सिंह, कुलदीप, बिट्टू, अमित, राजकुमार प्रधान, मुकेश गुप्ता, शिवकुमार रमेश, महिपाल, बबली शर्मा, बबिता, पम्मी आदि मौजूद रहे।

# कथा शुभारंभ पर निकाली मंगल कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** श्रीमद्भा गवत कथा शुभारंभ करने के लिए बुधवार को मंगल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के समापन पर कलशों को व्यास पीठ पर स्थापित कर दिया गया।

गंगोह में बुधवार को श्रीमद् भागवत सप्ताह का शुभारंभ हो गया है। कथा शुभारंभ होने से पूर्व कथा स्थल मोहल्ला कानून गोयन स्थित महादेव मंदिर निकट आर्य कन्या इंटर कॉलेज से मंगल कलश यात्रा आरंभ की गई। इससे पूर्व रोबिन गोयल व पंडित सुधीर शर्मा ने पूजन कराया। उसके बाद अतिथि ने यात्रा का आरंभ कराया तथा वह अंत तक यात्रा के साथ रहे। कलश यात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा चल रही थी तथा उसके बाद धार्मिक गीत वातावरण को भक्ति मय बना रहे थे। यात्रा में सैंकड़ों महिलाओं ने कलश सिर पर उठा रखे थे। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापिस कथा स्थल पर ही पहुंची जहां कथा आयोजकों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। महिलाओं द्वारा उठाए गए कलशों को व्यास पीठ पर स्थापित कर दिया गया। यहां एक सप्ताह तक आचार्य सुधीर शर्मा श्रीमद् भागवत पर प्रवचन देंगे। यात्रा में चारु सिंघल, आकाश, राखी गुप्ता, नितिन, आरती, राजेश मौजूद रहे।

❑ **गंगोह।** कथा व्यास आचार्य सुधीर शर्मा ने कहा कि माता-पिता को दुख देने वाला पुत्र जीवन में कभी भी सुखी नहीं रह सकता।

# लम्बी सेवा देने वाले कर्मचारी सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लम्बे सेवा तक अपनी सेवा देने वाले पुराने कर्मचारियों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया गया।

अम्बाला रोड स्थित चावला इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी स्थापना की 38वीं वर्षगांठ मनाते हुए कर्मचारियों को यह सम्मान दिया। सम्मानित किये गये तीनो कर्मचारी पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से अपनी सेवा लगातार दे रहे हैं। इससे पूर्व सुबह सब कर्मचारियों ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में जाकर माथा टेका व वाहेगुरु जी का आशीर्वाद लिया।दोपहर को संस्थान के सभी स्टाफ ने प्रभु जी की रसोई में लंगर वितरण भी किया। इस दौरान व्यापारी नेता विवेक मनोचा, रविन्द्र मिगलानी, राजेन्द्र सिंह कोहली, सुनील भगत, हेमंत अरोड़ा, अंकित, सरजीत सिंह, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे। अंत में प्रो. बीएस चावला व बिजनेस हेड करणदीप सिंह चावला ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# 150 विद्युत उपभोक्ताओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सरकार की "बिजली बिल राहत योजना 2025" का विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों मे छूट को लेकर बुधवार को शिविर लगाया गया जिस में 150 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराए गए।

विद्युत उपखंड बेहट कार्यालय पर एस डी ओ बृज मोहन की अध्यक्षता में सरकार द्वारा बिजली बिल राहत योजना 3025 का उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने के लिय शिविर लगाया गया जिस में विद्युत बिलों के बकाया दार उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया गया। शिविर में 150 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर लाभ उठाया गया। शिविर मे




उपखंड अधिकारी बृज मोहन जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देना तथा विद्युत बिलों का समय से निस्तारण करना है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए 1 दिसंबर से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए है।उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे योजना की शर्तों को ध्यानपूर्वक समझें और सब से पहले रजिस्ट्रेशन कराए उस के बाद योजना का लाभ मिलेगा उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही छूट और राहत का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता समय रहते अपना रजिस्ट्रेशन करा ले और अपने बिलों का किश्तों में भुगतान करें,। उन्होंने विद्युत बकायादार उपभोक्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे किसी भी दलाल के झांसे में न आए शिविर में पहुंचकर पहले रजिस्ट्रेशन कराए। शिविर में जेई बेहट जितेंद्र भटनागर, सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति को भेंट की हरमन की पुस्तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से उनके आवास पर शिष्टाचार भेट की। कुलाधिपति ने श्रद्धा स्वरूप सिद्धार्थ (नोबल विजेता हरमन हेस्से द्वारा लिखित) पुस्तक भेंट की।

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शिक्षा, मूल्यों और विश्वविद्यालयों की उस महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा किए जो देश के युवाओं में जिम्मेदारी और आत्मविश्वास विकसित करती है। यह उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष राम नाथ कोविंद अपने परिवार सहित शोभित विश्वविद्यालय गंगोह आए थे। उन्होंने परिसर में रात्रि विश्राम किया और



छात्रों, शिक्षकों तथा अन्य हितधारकों से आत्मीय संवाद किया। ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका पर उनके मार्गदर्शन का गहरा प्रभाव संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार पर पड़ा।

कुलाधिपति ने पूर्व राष्ट्रपति के निरंतर आशीर्वाद और प्रोत्साहन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की सरलता, दूरदृष्टि और सामाजिक सौहार्द के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, विश्वविद्यालय के उद्देश्यपूर्ण शिक्षा मिशन को लगातार प्रेरित करती है।

## जाम से हलकान

**गंगोह।** नगर में चारों तरफ सड़को पर अतिक्रमण होने से हर कोई हलकान है। जिससे रोज नगर में जाम की स्थिति बन जाती है। इसको लेकर सर्वजन कल्याण सेवा समिति द्वारा नगर कोतवाली में एक शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

संस्था के सदस्य जयचंद, आशु बजाज, निकुंज गोयल, हरपाल सिंह कपूर, संजय ललित आदि ने कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित को शिकायत पत्र देकर कहा कि शिवचौक, पैठ बाजार, शोभित यूनिवर्सिटी, नानौता चौक आदि पर सड़को पर अतिक्रमण से नगर व बाईपास मार्ग पर लंबे-लंबे जाम लगते हैं। जिससे आम दुकानदार को भी परेशानी बनती है। वही पर जाम में आगे निकलने की होड़ में झगड़ा भी होने की आशंका बनी रहती हैं।

# सफाई कर्मी पर लाठी डंडों से हमला, पुलिस को दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर के मोहल्ला गुहा में बुधवार सुबह सफाई कार्य के दौरान एक सफाईकर्मी पर हमला होने का मामला सामने आया है।

सफाईकर्मी विकास कुमार बाल्मीकि मोहल्ले में नियमित सफाई कर रहे थे, तभी मोहल्ले के ही रहने वाले युवक उस्मान पुत्र असलम ने अपनी छत से नीचे कूड़ा फेंकना शुरू कर दिया। विकास कुमार ने जब उस्मान से नीचे आकर कूड़ा डालने को कहा तो दोनों में तीखी बहस हो गई। गुस्साए उस्मान ने लाठी से विकास कुमार पर हमला कर दिया, जिसमें उनकी टांग पर गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में सफाईकर्मी रवि कुमार, सुनील कुमार, अंकित कुमार, विजय कुमार, सुमित कुमार मौके पर पहुंचे और घायल साथी को लेकर स्थानीय पुलिस चौकी पहुंचे। सफाईकर्मियों ने चौकी प्रभारी को प्रार्थना-पत्र देकर आरोपी उस्मान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस ने प्रार्थना-पत्र ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर।**

पत्रांक:- 2783/जि.पं./2025-2026 दिनांक:-03-12-25

**सामान्य / ई-निविदा सूचना**

जिला पंचायत के पंजीकृत समस्त ठेकेदारों एवं उ.प्र. शासकीय गजट नोटिफिकेशन संख्या 1425/23-2-2020-80जी-2000 दिनांक 14:07 2020 के अनुपालन में राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सहारनपुर को प्राप्त 15 वीं वित्त आयोग (टाईड फण्ड) अनुदान वर्ष 2025-2026 के अन्तर्गत कुल 22 निर्माण कायों (अंकन 10.00 लाख रूपये तक) की प्रथम-बार सामान्य निविदायें दिनांक 29.12.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो तद्दिनांक को अपरान्ह 04:00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत सहारनपुर में खोली जाएगी व निविदा फार्म दिनाँक 27.12.2025 को कार्यालय जिला पंचायत सहारनपुर में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकेगें।

जिला पंचायत सहारनपुर को प्राप्त 15 वीं वित्त आयोग (टाईड फण्ड) अनुदान वर्ष 2025-2026 के अन्तर्गत कुल 27 निर्माण कार्यों (अंकन 10.00 लाख रूपये से अधिक धनराशि) की प्रथम बार ई-निविदा दिनांक 29.12.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे से गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदाए ई-टैण्डरिंग व्यवस्था से डाउनलोड व अपलोड की जायेगी। प्रत्येक सामान्य निविदा/ई-निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर.व टेण्डर मूल्य का डी.डी. जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सहारनपुर के पदनाम पर बन्धक होगी संलग्न करनी होगी। निमार्ण कार्य से सम्बन्धित शर्ते किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 12.12.2025 के उपरान्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जनपद की वेबसाईट www.saharanpur.nic.in से डाउन लोड कर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/मा. अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत सहारनपुर में निहित होगा।

**(मुकेश कुमार)** अभियन्ता, जिला पंचायत, सहारनपुर

**(चन्द्रवीर सिंह)** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सहारनपुर

**(मांगेराम चौधरी)** अध्यक्ष, जिला पंचायत, सहारनपुर

**कार्यालय नगर पंचायत तीतरो जनपद सहारनपुर।**

पत्रांक: 300/ न.प.ती./2025-26 दिनांक:-03.12.2025

**-: अल्पकालीन कुटेशन सूचना:-**

सर्व साधारण व फर्म/एजेन्सी व उक्त कार्य करने वालें व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तीतरो जनपद, सहारनपुर, निम्न कार्य कुटेशन के आधार पर कराना चहाती है, जिसके लिये कुटेशन दरें प्राप्त करना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 13.12.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक कार्य की दरें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक सांय 4:00 बजें, अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित कोटेशन दाताओं के समक्ष खोली जायेगी सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/ ऐजेन्सी अपनी-अपनी कोटेशन कार्यालय नगर पंचायत तीतरों में रखे कोटेशन बॉक्स में डाल सकते है, किसी भी स्वीकृत / अस्वीकृत कुटेशन को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा कोई भी प्रतिबन्धित कोटेशन दर स्वीकार नही की जायेगी समयावधि के पश्चात प्राप्त कुटेशन दरों पर कोई विचार नही किया जायेगा। आवश्यकतानुसार लकडी आपूर्ति करनी होगी नियम व शर्ते किसी भी कार्यशील दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क.सं. | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 01 | नगर के सार्वजनिक स्थानों पर शीत ऋतु से बचाव हेतु अलाव जलाये जाने हेतु सूखा लकडी की क्रयदारी। |

**(लोकेन्द्र सिह)** अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तीतरों सहारनपुर।

**(तैमूर खॉ)** अध्यक्ष नगर पंचायत तीतरों सहारनपुर।

# विनियमित क्षेत्र कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप

## नक्शानवीसों ने की अधिकारी के स्थानांतरण की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विनियमित क्षेत्र देवबंद कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नक्शानवीसों ने स्थानीय अधिकारी के स्थानांतरण की मांग की। साथ ही चेतावनी दी की अधिकारी का स्थानांतरण नहीं किये जाने पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

रेलवे रोड स्थित एक सभागार में आयोजित बैठक में नक्शानवीस फरीद सिद्दीकी ने कहा कि लम्बे समय से विभाग में अनुशासन विरोधी गतिविधियों, अशोभनीय व्यवहार और अनियमित्ताओं की शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से विनियमित क्षेत्र अधिकारी का स्थानांतरण कराए जाने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि ऐसा न हुआ तो नगर क्षेत्र के सभी नक्शानवीस कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। बैठक में इंजीनियर विकास, अनिल उपाध्याय, सद्दाम, नदीम, दिलशाद, राजेश गुप्ता, उस्मान, परवीन, सुरेंद्र, नौशाद, मनोज आदि शामिल रहे।



# अदालत ने उपचार में लापरवाही बरतने के मामले में चिकित्सक के खिलाफ जांच के दिए आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एक व्यक्ति के उपचार में लापरवाही बरतने के मामले में अदालत ने देवबंद पुलिस को एक निजी स्पताल के चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए है।

नगर निवासी अमरेज ने अदालत में वाद दायर कर बताया था कि 27 दिसंबर 2024 को सडक हादसे का शिकार हुए अपने पिता मेहदी हसन को उसने मजनूवाला रोड स्थित किसान हास्पिटल में भर्ती कराया था। अस्पताल के चिकित्सक डा. उमर फारूक ने स्वयं को हड्डी रोग विशेषज्ञ बताते हुए कूल्हे की हड्डी टूटी होने की बात कही और आपरेशन के लिए एक लाख 80 हजार रुपये का खर्च बताया। आपरेशन के दो दिन बाद जख्म से खून बहने के चलते उसके पिता का दोबारा आपरेशन किया गया, लेकिन उन्हें फिर भी आराम नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें पहले मुजफ्फरनगर और फिर बेगरा. जपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। सुनवाई के दौरान यह मामला सीएमओ कार्यालय सहारनपुर तक पहुंचा और वहां से जांच रिपोर्ट मांगी गई। जांच में भी पूरी तरह स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई। इतना ही नहीं डा. उमर ने अदालत में अपनी एमएस (मास्टर आफ सर्जरी) की डिग्री के बजाय बीयूएमएस की डिग्री दिखाई। बुधवार को एसीजेएम परविंदर सिंह ने चिकित्सक की शैक्षणिक योग्यता पर संदेह जताते हुए मामले में पुलिस को डा. उमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने मीट की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर में मीट की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर गंदगी देख उन्होंने व्यापारियों को साफ सफाई के लिए चेतवानी दी। साथ ही जरूरी दिशा निर्देश दिए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में टीम सबसे पहले शाहबुखारी स्थित मीट की दुकानों पर पहुंचे और उनके लाइसेंस आदि चेक किए। कई दुकानों पर गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और व्यापारियों से साफ सफाई के विशेष प्रबंध करने को कहा। वहीं, दुकानदारों से मीट को ढक कर रखने और दुकान के बाहर शीशे आदि लगाने तथा डीप फ्रीज अवश्य रखने की हिदायत दी।

इसके बाद टीम मुहल्ला पठानपुरा स्थित मीट की दुकानों पर पहुंची और चेकिंग की। चेकिंग अभियान के दौरान कई स्थानों पर व्यापारी अपनी दुकानों के शटर बंद कर इधर उधर हो लिए। महेश कुमार वर्मा ने बताया कि मीट व्यापारियों के लाइसेंस चेक करने के साथ ही उन्हें जरूरी हिदायतें दी गई है। उनके विशेष तौर पर अपनी दुकानों में डीप फ्रीज रखने और साफ सफाई रखने को कहा गया है।



# व्यापारियों की समस्याओं पर किया विचार विमर्श

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की आयोजित बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि संगठन का मुख्य कार्यालय बनाए जाने के लिए व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल पालि. काध्यक्ष विपिन गर्ग से मिलकर कार्यालय बनाए जाने की मांग करेगा। अनाज मंडी स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रमों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष दीपक गर्ग ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है। यही वजह है कि संगठन में लगातार व्यापारी जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापार भवन की स्थापना को लेकर अध्यक्ष दीपक गर्ग ने कहा कि नगर में संगठन के मुख्य कार्यालय के लिए शीघ्र ही व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग से मुलाकात करेगा। युवा इकाई के अध्यक्ष अश्विनी गर्ग व श्रम प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलशाद चार्ली ने संयुक्त रुप से कहा कि जल्द ही अभियान चलाकर व्यापारियों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। कोर कमेटी ने हाथ उठाकर उनके निर्णय का स्वागत किया। अध्यक्षता दीपक गर्ग व संचालन मनमोहन गर्ग ने किया। इस मौके पर मनमोहन गर्ग, अजय जैन, गोपाल माहेश्वरी, सरफराज, मकबूल, सुलेमान फारुकी, शाकिर, अजय जैन, सुनील कुमार, परवेज खान, लक्की गोयल, मुस्तफा सलमानी, सोनू भटनागर आदि शामिल रहे।



# देवस्थान को खंडित किए जाने को लेकर किया हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सैनी समाज की भूमि में बने देवस्थान को खंडित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इससे गुस्साए समाज के लोगों ने हंगामा कर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इसमें एक प्रतिष्ठित घराने से जुड़े व्यक्ति पर मानचित्र पास कराए बिना कॉलोनी काटे जाने का आरोप भी लगाया गया है। पुलिस प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुट गया है।

कासिमपुरा मार्ग स्थित अरुण सैनी की भूमि में बने देवस्थान बुधवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने खंडित कर दिए। सैनी समाज को जब इसकी जानकारी हुई तो काफी संख्या में लोग वहां पहुंचे और हंगामा करना शुरु कर दिया। इस दौरान मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। अरुण सैनी ने बताया कि वर्ष 2023 में उसने अपनी छह बीघा भूमि नगर में एक प्रतिष्ठित घराने से जुड़े व्यक्ति को बेची थी। इसमें नोटरी के जरिए 50 लाख रुपये दिए गए थे, इसके बाद उन्हें कोई रकम नहीं दी गई। भूमि विक्रेताओं ने चारों और बाउंड्री भी करा दी। आरोप लगाया कि जिन लोगों ने जमीन खरीदी है बिना नक्शा पास कराए कॉलोनी काट रहे हैं और वहां बने देवस्थान को हटाने का लगातार दबाव बना रहे थे। लेकिन पूरी रकम न मिलने के चलते उन्होंने देवस्थान नहीं हटाए। आरोप है कि मंगलवार की रात अज्ञात लोगों ने देवस्थान को खंडित कर दिए। बताया कि मामले में पुलिस को तहरीर दी।

> शिकायतकर्ता ने एक व्यक्ति को जमीन बेची थी। इसमें 50 लाख रुपये दिए गए थे, जबकि शेष रकम अप्रैल माह में देनी थी। भूमि में देवस्थान बने हैं, आरोप है कि शरारती तत्वों ने उन्हें खंडित किया है, पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। अभिषेत सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी देवबंद।



# भगवान हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं भगवान के अनेकों अवतार इसका प्रमाण हैं: महाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री गीता प्रचार समिति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास मनोज महाराज ने भगवान के 10 अवतारों का वर्णन किया।

श्री गीता भवन में कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा कि भगवान हमेशा अपनी भक्तों की रक्षा करते हैं। भगवान के अनेकों अवतार इसका प्रमाण हैं। भक्त प्रहलाद के लिए नारायण ने नरसिंह रूप धारण किया। गजेंद्र मोक्ष की कथा हमें भगवान के दीनबंधु स्वभाव का दर्शन कराती है। राजा बलि के द्वार पर भगवान ने वामन रूप में दर्शन देकर सभी का कल्याण किया। कथा के दौरान महाराज ने गोमाता की महत्ता समझाते हुए बताया कि गोमता का दर्शन करने से सभी देवताओं के दर्शन का फल मिलता है। जहां गोमाता रहती है वहां गोपालजी रहते हैं। कथा पूजन पंडित विनय प्रकाश तिवारी ने कराया। आज के यजमान धीरज गर्ग व उमा गर्ग रहे जबकि प्रसाद वितरण सतीश सिंघल द्वारा किया गया। इस दौरान भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे।



# व्यापारी जुटान कार्यक्रम का आयोजन

**बिजनौर।** वर्तमान समय में व्यापार में स्वदेशी दृष्टि रखना और व्यापारी समाज का संगठित होकर देश पर लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों टेरिफ आदि का संगठित होकर मुकाबला करना आवश्यक हो गया है। व्यापारी संगठन व्यापारियों की लड़ाई मजबूती से लड़ते हैं। संगठनों की आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते राष्ट्र हित के विषयों पर भी एक मंच पर आकर संघर्ष नहीं करते उन सभी को स्वदेशी के माध्यम से जोड़ने के लिए देश भर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा व्यापारी जुटान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इनका शुभारंभ दो माह पूर्व नागपुर में एक बड़ा सम्मेलन कर किया गया है। इसी क्रम में बिजनौर जैन धर्मशाला में एक भव्य व्यापारी जुटान का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त व्यापारी संगठनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कश्मीरी लाल अखिल भारतीय संगठक स्वदेशी जागरण मंच रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में छोटी-छोटी कहानियों से बीबा, ओयो, जोहो कारपोरेशन की सफलता की कहानियां सुना व्यवसायियों में उत्साह भरने का काम किया। उनका मानना था कि हमारे परिवारों के युवाओं ने बड़ा सोचना बंद कर दिया है। अपनी दुकान या फैक्ट्री पर न जाकर नौकरी का प्रयास करते है। जबकि पहले समय में दुकानों पर ही पढ़ाई से बचे समय में खाली होते कारोबार पर जाने से उनकी इंटर्नशिप हो जाती थी और अपने व्यवसाय के साथ-साथ पूर्वजों की भामाशाह परंपरानुसार समाजसेवा स्वयं करने लगते थे। सभी दुकानदारों से उन्होंने अपने प्रतिष्ठान पर यहां स्वदेशी सामान बिकता है का बोर्ड लगाने का भी अनुरोध किया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक प्रशान्त महर्षि के संचालन में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी धीर सिंह ने की और डॉ. राजीव कुमार अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख, कुलदीप सिंह, व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के मुकुल अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। वरिष्ठ व्यापारी नेता कन्हैयालाल कपूर, बीएस राजपूत (उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल), संजीव अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल जिलाध्यक्ष, अभिषेक गोयल, अंकुर गौतम, संजीव चौधरी, विदुर ब्रांड से श्रीमती जूली देवी, वासुदेव आदि ने अपने संगठनों के व्यापारियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अजय वत्स, सह जिला संयोजक सतीश त्यागी, जिला संपर्क प्रमुख कौशल किशोर शर्मा ने सभी व्यापारी और रीता शर्मा ने बहिनों का स्वागत किया। नगर संयोजक दीपक अरोड़ा, आशीष शंकर, सरदार परमजीत सिंह का सहयोग रहा।




# दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा

## एसआईआर कार्य को गति प्रदान कराने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विधानसभा के इतिहास में पहली बार गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग बिजनौर के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2025-26 के अंतर्गत मा. विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा क्षेत्र -23 चांदपुर का दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में 2 दिसंबर को वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी की प्रतियोगिताओं का एवं 3 दिसंबर को जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

खेल स्पर्धा का शुभारंभ विधायक स्वामी ओमवेश एवं गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज के आजीवन अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। विधायक ने स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया। खेल स्पर्धा में सब-जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग में मानपुर की टीम जबकि सीनियर कबड्डी बालक वर्ग में अभिषेक लंबा की टीम प्रथम रही। वॉलीबॉल सीनियर बालक वर्ग में यश कुमार की टीम प्रथम रही। बैडमिंटन एकल सब जूनियर बालक वर्ग में तनिष्क कौशिक प्रथम रहे। सब जूनियर 100 मीटर दौड़ में बालक में शौर्य एवं बालिका में शिवानी प्रथम रही। इस स्पर्धा में चांदपुर उप-जिलाधिकारी नितिन तेवतिया एवं चांदपुर तहसीलदार आलोक कटियार द्वारा विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

कबड्डी के विजयी खिलाड़ियों को डा. साधना प्राचार्य गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज, डा. अशोक कुमार शारीरिक शिक्षा विभाग से एवं कार्यक्रम प्रभारी रजनी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया। गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज के समस्त स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका चांदपुर एवं पीआरडी द्वारा स्पर्धा को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रजनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर स्पर्धा के समापन की घोषणा की गई। आज चांदपुर विधान सभा क्षेत्र में गतिमान विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण के कार्य को गति प्रदान कराने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नितिन तेवतिया उपजिलाधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चांदपुर के निर्देशानुसार गजेन्द्र सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में रैली का आयोजन कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्याऊ बालक के छात्रों जनजागरुकता हेतु नारे बोलते हुए क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों से निकाल रहे थे और हाथों में तख्तियां लिए हुए गतिमान की प्रक्रिया से जुड़े निर्देश तथा महत्व को रेखांकित करती हुई पट्टिकायें तथा बैनर्स व हैंडबिल आदि भी सात में लिए थे। रैली में मौहम्मद राशिद, विनय कुमार, संगीता कौशिक, लक्ष्मी भाटिया व सारिता आदि सहित सभी स्कूली स्टॉफ व छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंगों से प्रतिभाग किया रैली के उपरान्त बिस्किट्स आदि का भी वितरण कराया गया।



# बाइक सवार का छह हजार का चालान काटने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास चैकिंग के दौरान एक बाइक सवार का छह हजार रूपए का चालान काटने का बाइक सवार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड व बिना हेलमेट का चालान काटा गया, जिसमे ओवर स्पीड का चालान सरासर गलत काटा गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार दोपहर हल्दौर निवासी फिरोज आलम बाइक से धामपुर जा रहे थे। ट्रैफिक पुलिस ने नहटौर के धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास चैकिंग के दौरान उनकी बाइक का ओवर स्पीड व बिना हेलमेट का छह हजार रूपए का चालान काट दिया गया। फिरोज आलम ने ओवर स्पीड का चालान गलत काटने की बात कहते हुए कहा कि धामपुर मार्ग क्षतिग्रस्त हालत में है। इस मार्ग पर ओवर स्पीड कैसे की जा सकती है। जबकि इनके पास ओवर स्पीड मापक यंत्र भी नहीं है। फिरोज आलम के गलत चालान काटने का विरोध करने का एक वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



## पुलिया निर्माण की मांग

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक सहकारी समिति के प्रांगण में अब्दुल मजीद की अध्यक्षता एवं बृजेश कुमार के संच. ालन में संपन्न हुई। बैठक में पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरूकी अंडरपास का निर्माण मानकों के विपरीत होने की शिकायत की गई तथा नहर के दोनों और आश्वासन के अनुसार पुलिया निर्माण शीघ्र करने की मांग की गई। बैठक में नजीबाबाद के सरवनपुर से झालू तक नहर की पटरी को जनहित में नवीनीकरण करने की मांग की गई।

## पुराने विवाद के चलते दो गुटों में जमकर मारपीट, 14 वर्षीय किशोरी घायल

**अंबेहटा (सहारनपुर)।** नकुड़ कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटमपुर में बुधवार की देर रात एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच पुराना विवाद फिर भड़क उठा। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। मारपीट में 14 वर्षीय एक किशोरी को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी नीरज कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को काबू में किया और घायल किशोरी को तत्काल उपचार के लिए नकुड़ साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच काफी समय से किसी पुरानी बात को लेकर रंजिश चल रही थी, जो किसी छोटी-सी बात पर फिर उभर आई और देखते ही देखते मारपीट तक जा पहुंची। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।



**सूचना**

मैंने अपना नाम ATAURRA-HAMAN से बदलकर ATAU-RRHMAN रख लिया है भविष्य मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए।

ATAURRHMAN
S/O MURSALIN VILL-NASRULLAPUR POST & PS DEOBAND DISTT SAHARANPUR-UP

**कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द (सहारनपुर)**

संख्याः- 1194 / ई-निविदा/2025-26 दिनांकः 03.12.2025

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, देवबन्द, जनपद सहारनपुर की ओर से 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत कुड़े का निस्तारण हेतु ई-निविदा वर्ष 2025-26 पालिका में पंजीकृत या देश के किसी भी राजकीय / शासकीय /सार्वजनिक उधम इत्यादि विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से उनके पंजीकरण की सीमान्तर्गत दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 01:00 बजे तक वैबसाईट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टेक्निकल/ फाईनेन्शल) ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, टैण्डर मूल्य अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवबन्द के पक्ष में पालिका के खाता संख्या-0134000100199057 आई0एफ0एस0सी0 कोड-PUNB0013400 पंजाब नैशनल बैंक शाखा देवबन्द में नेट बेन्किंग /डी0डी0 निविदा के साथ डालना होगा एवं जमानत धनराशि 02 प्रतिशत एफ0डी0आर0/ डी0डी0/ एन0एस0सी0 बिड के साथ अपलोड एवं कार्य स्वीकृत उपरांत शेष 08 प्रतिशत एफ0डी0आर/डी0डी0/एन0एस0सी के रूप में, जो अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक, शपथ पत्र की मूलप्रति एवं पेन नम्बर, जी0एस0टी0 आदि की छायाप्रति, निविदा में उल्लेखित शर्तो मे मांगे गये समस्त प्रपत्र स्वयं प्रमाणित निविदादाता को ऑनलाईन टेक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा एंव अपलोड किये गये समस्त प्रपत्र की मूल प्रति दिनांक 23.12.2025 को कार्यालय में साय: 04:00 बजे तक पालिका कार्यालय में जमा करने अनिवार्य होंगे। ऑनलाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 24.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे अपर जिलाधिकारी (स्था0नि0) महोदय सहारनपुर एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष वैबसाईट www.etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। टैक्निकल निविदा में क्वालीफाई करने वालें निविदाताओं की ही फाईनैनशियल बिड खोली जायेगी। नियम व शर्ते विवरण एंव निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है एवं पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| Publish Date and time for RFP | 04.12.2025 साय 4:00 बजे से |
| Last date & time for Submission of E-Bids | 23.12.2025 दोपहर 01:00 बजे तक |
| Date and time of opening E-Bids | 24.12.2025 प्रातः 11:00 बजें |
| Palace of opening of E-bids | कार्यालय जिलाधिकारी /अपर जिलाधिकारी(प्र0) महोदय सहारनपुर एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द। |
| E-Bids Security of E-bids | 10% Security of Tender Value |
| E-Tender Document Processing fee | As Per Tender Value |

नोटः- बिना अग्रिम जमानत धनराशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

**(राजपति बैस)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद देवबन्द**

**(विपिन कुमार)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद देवबन्द**

# कोहली वनडे रैंकिंग में नंबर-4 पर



### विराट ने पहले वनडे में 120 गेदों में 135 रन बनाए थे, रेटिंग में सुधार करते हुए 751 पाइंट कर लिए

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जिताने वाली सेंचुरी के बाद आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग्स में वनडे बैटर्स की ताजा रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस इनिग ने भारत को एक अहम जीत दिलाने में मदद की और कोहली को दुनिया के टॉप वनडे बैट्समैन में टॉप स्पॉट के करीब पहुंचा दिया। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, कोहली, जिन्होंने पहले वनडे में 120 गेंदों पर शानदार 135 रन बनाए, ने अपनी रेटिग में सुधार करते हुए 751 पॉइंट्स कर लिए, जिससे वह टॉप रैंक वाले रोहित शर्मा से सिर्फ 32 पॉइंट्स पीछे हैं। 37 साल के कोहली ने टीम के साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़कर नंबर 1 रैंकिंग की अपनी कोशिश जारी रखी, जो उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2021 में हासिल की थी, इससे पहले पाकिस्तान के बाबर आजम ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। रोहित ने दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल और तीसरे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान के इब्राहिम जाद. रान पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है, जबकि कोहली टीम के साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं, जिससे उन्होंने टॉप पर मौजूद भारत के पूर्व कप्तान को पीछे छोड़ दिया है। भारत को बॉलिंग चार्ट में भी बढ़त मिली है, क्योंकि लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव वनडे बॉलर्स में एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गए हैं। टी 20 में, पाकिस्तान के सैम अयूब ने श्रीलंका के खिलाफ ट्राई-सीरीज फाइनल में अपने ऑलराउंड परफॉर्मेंस के बाद ऑलराउंडर्स की नंबर 1 रैंकिंग फिर से हासिल कर ली है। अयूब ने 36 रन बनाए और एक अहम विकेट लेकर जिम्बाब्वे के सिकंदर को पीछे छोड़ दिया। पाक के अबरार (चार स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर) और मोहम्मद नवाज (दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर) ने भी टी20 बॉलिग रैंकिंग में बढ़त हासिल की है, नवाज प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद ऑलराउंडर्स में चौथे नंबर पर आ गए हैं। श्रीलंका के कामिल ने टी20 बैटिंग लिस्ट में सबसे बड़ी छलांग लगाई, ट्राई-सीरीज में 169 रन बनाने के बाद टॉप 100 से बाहर से 18वें नंबर पर आ गए। बांग्लादेश के परवेज हुसैन (21 पायदान ऊपर चढ़कर 38वें नंबर पर), तौहीद (42वें नंबर पर), और मुस्तफिजुर (गेंदबाजों में आठवें नंबर पर) ने भी आयरलैंड पर अपनी घरेलू सीरीज जीत के बाद सुधार किया। भारत पर 2-0 से सीरीज जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट रैंकिंग अपडेट में अपना दबदबा बनाया। बाएं हाथ के सीमर मार्को यानसन टेस्ट गें. दबाजों में करियर के बेस्ट पांचवें नंबर पर पांच पायदान ऊपर और ऑलराउंडरों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए।



# कैमरून ग्रीन 18 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, वार्ता।** पहले भी आईपीएल मिनी ऑक्शन में विद. ेशी खिलाड़ियों को रिकॉर्ड पैसे मिले हैं, और कैमरून ग्रीन 16 दिसम्बर को इस ट्रेंड को आगे बढ़ा सकते हैं। ग्रीन के आने वाले आईपीएल ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), जिनके पास सबसे ज्यादा पैसे हैं (क्रमशः 64-3 करोड़ और 43-4 करोड़ रुपये ), दोनों से इस ऑलराउंडर के लिए जोरदार बोली लगाने की उम्मीद है। 2023 में, मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24-75 करोड़ रुपये में खरीदा था , इसके कुछ ही मिनट पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने पैट कमिस को 20-5 करोड़ में खरीदा, जिससे वह आईपीएल ऑक्शन में 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इन खिलाड़ियों ने 18-5 करोड़ रुपये को पीछे छोड़ दिया, पंजाब किग्स ने 2023 में पिछले मिनी ऑक्शन में सैम करन के लिए बोली लगाई थी। 2023 के ऑक्शन में, ग्रीन दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें ₹17-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुम्बई ने एक साल बाद ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को उसी कीमत पर ट्रेड कर दिया। अपने अब तक के दो आईपीएल सीजन, 2023 और 2024 में, ग्रीन ने 29 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 153-70 के स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने लेटेस्ट ऑक्शन के लिए खुद को 2 करोड़ रुपये के मैक्सिमम बेस प्राइस पर लिस्ट किया है। हालांकि वह फिर से करोड़पति बन सकते हैं, लेकिन यह 20 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं होगा, क्योंकि मैक्सिमम फीस 18 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं हो सकती। यह तब भी लागू होगा जब बोली उस नंबर से ज्यादा हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि आईपीएल पिछले साल नया ष्मैक्सिमम फीसष रूल लाया था ताकि फ्रेंचाइजी की इस चिता को दूर किया जा सके कि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए खास तौर पर मिनी ऑक्शन में रजिस्टर कर रहे थे। इसलिए, आईपीएल ने मैक्सिमम-फीस रूल लागू किया, जिसके तहत विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपये से ज्यादा पेमेंट नहीं किया।

# राणा को मिला एक डिमेरिट अंक

**● हर्षित राणा ने द. अफ्रीका के बल्लेबाज ब्रेविस के आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया था, जिसके चलते आईसीसी ने उन्हें फटकार लगाई**

**रांची, वार्ता।** रांची वनडे के दौरान आईसीसी की आचार सं. हता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा के खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस के आउट होने के बाद ड्रेसिग रूम की ओर इशारा किया था जिसके चलते राणा के खलिाफ यह अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए आईसीसी ने उन्हें फटकार लगाई है। आईसीसी द्वारा जारी मीडिया रिलीज में कहा गया है कि राणा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों से संबंधित आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। जो किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, कार्य या हावभाव का प्रयोग करने या बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर के दौरान हुई थी जब राणा ने ब्रेविस का शिकार किया था। राणा ने मैच रेफरी रिची रिचर्ड्सन द्वारा प्रस्तावित दण्ड को स्वीकार कर लिया जिसके परिणामस्वरूप इस मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह 24 महीने की अवधि में राणा का यह पहला अपराध था इसलिए उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। लेवल 1 का उल्लंघन करने पर न्यूनतम सजा के रूप में औपचारिक फटकार लगाने का प्रावधान है जबकि इसमें अधिकतम सजा के रूप में मैच फीस में 50 फीसदी कटौती के साथ खाते में एक या दो डिमेरिट अंक जोड़ा जा सकता है। इस समय भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज जारी है, जिसमें भारत 1-0 से आगे है।

# विराट-गायकवाड़ के शतक

**● विराट को ने 102 और ऋतुराज गायकवाड ने 105 रनों की शानदार पारी खेली व भारत ने बनाए 358 का स्कोर किया**

**रायपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (102) के लगातार दूसरे शतक और ऋतुराज गायकवाड़ (105) के पहले शतक की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में बुधवार को 50 ओवर में पांच विकेट पर 358 रन का विशाल स्कोर बना लिया।

विराट ने रांची की अपनी शतकीय पारी को आगे बढ़ाते हुए 93 गेंदों पर 102 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए जबकि गायकवाष्ट ने वनडे में अपना पहला शतक बनाते हुए 83 गेंदों पर 105 रन में 12 चौके और दो छक्के लगाए। केएल राहुल ने भी अपनी फॉर्म बरकरार रखते हुए लगातार दूसरा अर्द्धशतक बनाया। राहुल ने 43 गेंदों पर नाबाद 66 रन में छह चौके और दो छक्के लगाए। भारत की इनिग्स पहले वनडे जैसी ही थी, टॉप पर एक मजबूत बेस, आखिर में राहुल और रवींद्र जडेजा के कैमियो। रोहित शर्मा (14)जल्दी आउट हो गए, जबकि यशस्वी जायसवाल (22)ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का इशारा दिया, वह इसे किसी बड़ी चीज में नहीं बदल सके। लेकिन एक आदमी जिंसने अपने मौके का पूरा इस्तेमाल किया, वह थे ऋतुराज गायकवाड़। 62/2 पर आते ही, उन्होंने मार्को यानसन की शॉर्ट. बॉल चाल का सामना किया, अपना समय लिया और फिर खुलकर खेले।

विराट कोहली ने एक परफेक्ट सीनियर पार्टनर की भूमिका निभाई, उन्हें गाइड किया और जल्द ही दोनों एक.दूसरे का स्ट्रोक दर स्ट्रोक मैच कर रहे थे। विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। तेज, तेज और लगातार, इसने एक शानदार 195 रन की पार्टनरशिप को मजबूत किया। गायकवाड़ ने अपना पहला वनडे शतक लगाया, जबकि को. हली ने लगातार मैचों में शतक बनाए। लेकिन कोहली के आउट होते ही, बाउंड्री सूख गई। राहुल और जडेजा ने मिलकर 50 रन की अच्छी साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी फेज में स्कोरिंग रेट को शानदार तरीके से वापस खींचा। एकसमय पर ऐसा लग रहा था कि भारत आसानी से 380 के स्कोर को पार कर जाएगा। लेकिन अंतिम 10 ओवरों में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी वापसी की। हालांकि आखिरी ओवर में 18 रन बटोर कर भारत ने खुद को 358 तक पहुंचा दिया है। जडेजा 27 गेंदों में दो चौकों की मदद से 24 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से यानसन ने 63 रन पर दो विकेट लिए जबकि नांद्रे बर्गर और लुंगी एन्गिडी को एक-एक विकेट मिला।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोहित राजपाल फिर से भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) ने आजरोहित राजपाल को कैप्टन और आशुतोष सिंह को 31 दिसम्बर, 2026 तक भारतीय डेविस कप टीम का कोच फिर से बनाने की घोषणा की। आईटीएफ द्वारा घोषित ड्रॉ के अनुसार, भारत फरवरी 2026 में डेविस कप 2026 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला 6-7 फरवरी या 7-8 फरवरी 2026 को खेला जाएगा, और जगह और सरफेस की पुष्टि समय पर की जाएगी। राजपाल पिछले कई मुकाबलों के लिए भारतीय डेविस कप सेट-अप का हिस्सा रहे हैं, और अपने कार्यकाल के दौरान दूसरे डेविस कप कमिटमेंट्स के साथ, इस महत्वपूर्ण घरेलू मैच में एक बार फिर टीम को लीड करेंगे।

### योगी ने हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उनके समर्पण और राष्ट्र गौरव की लौ हमेशा खिलाड़ियों को प्रज्वलित करती रहेगी। सीएम योगी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि, हॉकी के जादूगर, अनुशासन और अद्भुत खेल कौशल के प्रतीक, 'पद्म भूषण' मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा है कि आपकी प्रतिभा ने भारतीय हॉकी को स्वर्णिम पहचान दिलाई और आपकी विरासत हर खिलाड़ी में समर्पण और राष्ट्र गौरव की लौ प्रज्वलित करती रहेगी।

# स्विट्जरलैंड को हरा भारत क्वार्टर फाइनल में



**मदुरै, वार्ता।** भारत ने मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के अपने आखिरी पूल बी मैच में स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर अपना अपराजित क्रम जारी रखा और क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मनमीत सिंह (2', 11') और शारदा नंद तिवारी (13', 54') दोनों ने दो-दो गोल किए, जबकि अर्शदीप सिंह (28') ने भारत के लिए अन्य गोल किया।

स्विट्जरलैंड पर जीत के साथ भारत तीन मैचों में नौ पॉइंट्स के साथ पूल बी में टॉप पर रहा। उन्होंने अपने पहले दो मैचों में चिली को 7-0 और ओमान को 17-0 से हराया था और टूर्नामेंट में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। भारत का गोल रश दूसरे मिनट में शुरू हुआ, जब बर्थडे बॉय मनमीत सिंह ने होम टीम को गेम की शुरुआत में ही बढ़त दिलाई। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल करके लीड डबल कर दी, जबकि शारदा नंद तिवारी ने 13वें मिनट में अपने अच्छे पेनल्टी कॉर्नर से स्कोर 3-0 कर दिया। अर्शदीप सिंह, जिन्होंने ओमान के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी, ने 28वें मिनट में भारतीय हॉकी टीम का चौथा गोल किया।

इस बीच, गोलकीपर प्रिस दीप सिंह ने स्विट्जरलैंड को दूर रखने के लिए कुछ शानदार सेव किए। भारत का परफॉर्मेंस क्लिनिकल था और इसने पक्का किया कि वे चौथे क्वार्टर में भी मोमेंटम बनाए रखें। शारदा नंद, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, ने 54वें मिनट में अपना दूसरा और भारत का पांचवां गोल किया। भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार को चेन्नई में अपने क्वार्टर-फाइनल मैच में बेल्जियम से खेलेगी।

# द. अफ्रीका टीम-20 सीरीज को भारतीय टीम घोषित



### गिल और हार्दिक की वापसी, वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च

**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। जसप्रीत बुमराह को वनडे से आराम देकर टी-20 में शामिल किया गया। हार्दिक पांड्या और शुभमन गिल की भी टीम में वापसी हुई। टी-20 सीरीज 9 दिसम्बर से शुरू होगी। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। बुधवार को ही रायपुर में बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए जर्सी भी लॉन्च की। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। उपकप्तान शुभमन गिल करीब दो हफ्ते बाद वापसी करेंगे। हालांकि, फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही वे मैच खेल पाएंगे। कोलकाता टेस्ट में उन्हें चोट लगी थी। हार्दिक पांड्या भी 73 दिन बाद टीम में लौट रहे हैं। वे एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर। रिंकू और रेड्डी को मौका नहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा रहे रिंकू सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी को स्क्वाड में मौका नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रिंकू को एक ही मुकाबला खिलाया गया, लेकिन उनकी बैटिंग नहीं आ सकी। वे फिलहाल मुश्ताक अली टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के लिए टी-20 खेल रहे हैं। रायपुर में वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च बीसीसीआई ने 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी भी लॉन्च कर दी। रायपुर में बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च हुई। इस दौरान टी-20 टीम के तिलक वर्मा और टूर्नामेंट के ब्रांड एम्बेसडर रोहित शर्मा भी मौजूद रहे। आलराउंडर हार्दिक एशिया कप में चोटिल हो गए थे। सुपर-4 स्टेज के मैच में लगी चोट की वजह से वे 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल नहीं खेल सके। इसके बावजूद टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। हार्दिक ने अब घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में फिफ्टी लगाकर वापसी की। उन्होंने बड़ौदा से खेलते हुए 77 रन बनाए।

# कमिंस को लेकर स्मिथ ने कहा: हम इंतजार करेंगे और देखेंगे

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ब्रिस्बेन में पिंक-बॉल एशेज टेस्ट से एक दिन पहले अपने पत्ते नहीं खोल रहा है। पैट कमिस को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि वह पीठ की चोट से उबर रहे हैं, लेकिन इस हफ्ते उनके जबरदस्त स्पैल और नेट्स में लंबे समय तक बैटिंग करने से देर से ट्विस्ट की बात बढ़ गई है।

जब कमिस सबप्लॉट ने जोर पकड़ा, तो स्टैंड-इन कप्तान स्टीव स्मिथ ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर इस मामले को और गहरा कर दिया। उन्होंने कन्फर्म किया कि अगर कमिस फिट होते हैं तो वह लीड करेंगे। स्मिथ ने कहा कि बहुत सारी चीजें टेबल पर हैं--- मैं अभी आपको बहुत कुछ नहीं बता सकता, मुझे माफ करना। स्मिथ ने आगे कहा कि जिस तरह से उन्होंने नेट्स में बॉलिग की है, वह मुझे काफी अच्छा लग रहा है। जाहिर है, गेम में इंटेंसिटी तो अलग होती है, लेकिन वह बहुत अच्छी तरह से ट्रैक कर रहे हैं। वह अपने शरीर को अच्छी तरह जानते हैं और हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। स्मिथ ने कमिस व एंड्रयू मैकडोनाल्ड द्वारा शुरू की गई फ्लेक्सिबल बैटिंग-ऑर्डर की बहस पर भी अपनी राय दी और हेड ने भी इसे हवा दी, जिन्होंने पर्थ में रन-चेज में ओपनिग करते हुए अपनी ऐतिहासिक सफलता के बाद बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड कहा था। स्मिथ ने ज्यादा जमीनी राय दी। उन्होंने कहा, पिंक बॉल, कुछ भी मुमकिन है। हम पहले भी दो नाइटवॉचमैन रखने और ऐसी चीजों को लेकर काफी खुले रहे हैं। यह पूरी तरह से अलग गेम है। आपको किसी भी स्टेज पर वही खेलना होता है जो आपके सामने हो। लेकिन मुझे पक्का नहीं है कि मैं उन दोनों (कमिंस व हेड) से पूरी तरह सहमत हूं कि बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड माना जाता है। एक जैसे रोल में रहना और बार-बार उस रोल की आदत डालना अच्छा लगता है। यह गेम में बदल सकता है, और शायद यही आगे का रास्ता है। लेकिन एक इनिग के लिए कुछ खास जगहें और दूसरी इनिग के लिए दूसरी जगहें, मुझे पक्का नहीं पता। एक ही रोल होना अच्छा है और जितना हो सके उसकी आदत डालने की को. शिश करें। स्मिथ ने गाबा के लिए एक छोटे लेकिन दिलचस्प बदलाव की भी पुष्टि की।

## क्या पिंक बॉल की चुनौती से निपट पाएगा इंग्लैंड

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज का दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। यह एक डे-नाईट मुक़ाबला होगा। यह मुक़ाबला भारतीय समयानुसार 4 दिसम्बर को सुबह 9-30 बजे शुरू होगा। विल जैक्स को इंग्लैंड के एकादश में शामिल किया गया है, वहीं उस्मान ख्वाजा अभी तक चोट से नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में इस समय 1-0 से आगे है और उन्होंने पर्थ में दो दिन में समाप्त हुए टेस्ट मैच में इंग्लैंड को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। टीम न्यूज और संभावित इलेविन खवाजा अब तक पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं इसलिए वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ख्वाजा की अनुपस्थिति में ट्रैविस हेड एक बार फिर पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में तूफानी शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं पैट कमिंस को लेकर स्पष्टता नहीं है। उन्होंने मंगलवार को बल्लेबाजी का अभ्यास किया था।

# जैकब के पंजे से कीवियों को 96 रनों की बढ़त



**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** जैकब डफी ने पहली बार पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में बढ़त बना ली। डफी ने वेस्टइंडीज के निचले क्रम को संभाला, जबकि मैट हेनरी ने तीन अहम विकेट लिए, जिससे मेहमान टीम 67 रन पर आठ विकेट खोकर 167 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने फिर पहली पारी की बढ़त को 96 रन तक पहुंचाया और दिन के आखिर में सात ओवर के स्पेल में बिना किसी नुकसान के बाहर निकले। दिन का दूसरा हॉफ जिस तरह खत्म हुआ, उसके ठीक उलट, पहले हॉफ में वेस्टइंडीज ने बाजी मारी। उन्होंने आखिरी बचा हुआ विकेट लेने में सिर्फ तीन गेंदें लीं, जिससे न्यूजीलैंड अपने रात के स्कोर 231 पर ढेर हो गया। सुबह बैटिंग के लिए हालात मुश्किल बने रहे, जैसा कि जकारी फाउल्केस और हेनरी ने जॉन कैंपबेल और एलिक अथानाजे को कुछ ही देर में आउट कर दिया, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर लगभग 11 ओवर की मुश्किल बैटिंग में 2 विकेट पर 10 रन हो गया। लेकिन इसके बाद चीजें आसान हो गईं, कुछ हद तक न्यूजीलैंड की अच्छी फील्डिग की वजह से। तेजनारायण चंद्रपॉल को लेग गली में दो बार जीवनदान दिया गया, दोनों बार डेवोन कॉनवे ने। इसके बाद बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने होप के साथ एक मजबूत पार्टनरशिप की, जो आंख में इन्फेक्शन के कारण सन ग्लासेस पहनकर बैटिंग कर रहे थे। पारी की पहली बाउंड्री 23वें ओवर के आखिर में आई जब होप ने डफी को कवर्स की तरफ ड्राइव किया। 5 और 24 रन पर जीवनदान पाने के बाद, चंद्रपॉल अपनी पारी में बेहतर हुए और अपने डिफेंस को लेकर ज्यादा कॉन्फिडेंट थे। लंच के तुरंत बाद होप ने अपनी हॉफ सेंचुरी पूरी की, जब वह न्यूजीलैंड की शॉर्ट-बॉल चाल से परेशान हो रहे थे।

# संचार साथी ऐप का होगा विरोध: रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि केंद्र सरकार संचार ऐप को जासूसी के लिये लाँच कर रही है। हम इसका संसद से सड़क पर विरोध करेंगे, क्योंकि संचार एप आम आदमी की स्वतंत्रता पर पहरा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह बात देहरादून से इकबालपुर जाते समय छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा देश को हिंदू मुस्लिम और वर्गों में बाँटकर देश की किसानी और जवानी को उद्योगपतियों के हवाले कर देना चाहती है। हमारी जमीनों को हमारी धरोहर को समाप्त करने में जुटी हुई है जब से देश में भाजपा आयी है देश की जनता को लगातार उलझाने में लगी हुई है। अपने आप को उलझाने से बचाने के लिये देश में भाजपा एसआईआर लायी है। आज रुपये की मार्केट वेल्यू सब से निचले पायदान पर पहुँच गई है ये ही भाजपा का विकास है रुपया डॉलर के मुकघबले गिर कर 90.14 के निम्नतम स्कोर पर पहुँच गया है



श्री रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार के पास आम आदमी के विकास के लिये नो साल में बताने के लिये कोई उपलब्धि नहीं है केवल भ्रष्टाचार, अवैध खनन, पेपर लीक ये उत्तराखण्ड भाजपा की उपलब्धि ना कोई मेडिकल कॉलेज बना ना नई उद्योग नीति आयी। कांग्रेस के समय लगाई गई फेक्ट्री बंद हो रही है। उत्तराखण्ड में सविंदा कर्मचारी, आशा और अन्य कर्मचारी लगातार लंबे समय से हड़ताल पर है।

कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट है अबकी बार कांग्रेस पचास से अधिक सीटे लेकर एक मजबूत सरकार बनायेगी जो किसान मजदूर युवा और कर्मचारियों के हित में काम करेगी और दस साल में उत्तराखंड को जितना पीछे भाजपा ले गई है कांग्रेस सरकार आते ही सड़क पुल फसलो के सही मूल्य देगी।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, नासिर सेफी, कारी आबिद, अरशद मलिक, नासिर प्रधान, राव यूसुप, राव आरिफ, अजीम मलिक, फेसल मिर्जा, आजम मलिक, महबूब तलहेड़ी, परवेज सलीम, इस्लाम आदि मोजूद रहे।

## पुलिस ने गांव ताजपुरा से पकड़ा तमंचा समेत युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय पुलिस ने गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के गांव ताजपुर के निकट तंमचा सहित एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि मंगलवार की शाम पुलिस टीम ताजपुर रोड पर गश्त कर रही थी। हाइवे अंडरपास के निकट उसने एक युवक को संदिग्ध हालत मे देखा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विशू उर्फ कर्ण पुत्र दुष्यंत निवासी रेलवे रोड नागल बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी तमंचा बरामद हुआ।

थाना लाये जाने पर उसने पूछताछ मे बताया कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे था। पुलिस ने संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर पकडे गये युवक को जेल भेज दिया है।

# दिव्यांग भी समाज का हिस्सा: डा. अजय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बी.डी. बाजोरिया इंटर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय शैक्षिक, सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय कुमार, कुमारी कोमल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र भूषण प्रबंधक बी.डी. बाजोरिया इंटर कॉलेज समेत अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। डा. अजय ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी समाज का महत्वपूर्ण अंग है। दिव्यांग विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल ने बताया गया कि जिले में नामांकित 4317 दिव्यांग छात्रों में से 311 को उपकरण, 191 को लर्निंग मटेरियल किट व 325 बालिकाओं को रुपये 2000 स्टाइपेंड उपलब्ध कराया गया है। गंभीर दिव्यांग छात्रों को रुपए 6000 एस्कॉर्ट एलाउंस भी भेजा गया, प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल, ट्रॉफी, शिक्षण सामग्री व व्हीलचेयर प्रदान की गई।

अधिकारियों ने कहा कि दिव्यांग छात्र आज अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गोपाल शर्मा व श्रद्धा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी नगर योगेश कुमार शर्मा जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह एवं बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और छात्र मौजूद रहे।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों एवं वारंटियों की धपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने न्यायालय से गैरहाजिर चल रहें दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिए हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के दो लोग विभिन्न मामलों में न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे थे। कोर्ट से उनके वारंट निर्गत हो जाने पर उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई मगर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। आज मुखबिर की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापामार कार्रवाई करते सतीश पुत्र दौलत निवासी गांव मीरगपुर पांजूवाला थाना बेहट जिला सहारनपुर, रवि पुत्र हरिराम निवासी गांव फतेहपुर कला को गिरफ्तार किया।

# एसडीएम ने की एसआईआर की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में उप जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने पहुंचकर एस आई आर की गहनता से जांच कर, सभी बीएलओ को निर्देशित किया।

उन्होंने सभी बीएलओ को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी बीएलओ अपनी जिम्मेदारी को देखते हुए शेष बचे हुए बूथों पर गणना फार्म को 100 प्रति शत कराने का काम करे इस दौरान उप जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों को सक्रिय करें, ताकि शेष /मतदाताओं से फॉर्म शीघ्र जमा कराए उन्होंने कहा कि कहा कि एसआईआर अभियान के लिए अब कुछ दिन शेष हैं। सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वे फॉर्म तुरंत जमा करें, ताकि समय से डिजिटाइजेशन हो सके। उन्होंने कहा कि चुनाव सूची को सही और सटीक बनाने में सभी नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित सेन, अभियान संयोजक, मंजू शर्मा एड्वोकेट नगर पंचायत अधिकारी कमल कान्त राजवंशी, नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार एबीएसे वीरेंद्र कुमार, लेखपाल अभिषेक, सभासद ममता शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, सभासद किरण पाल राणा, शिक्षिका अंजली आर्य, बीएले 2 बूथ अध्यक्ष बी ऐले 1 मौजूद रहे।

# खनन का डम्पर पुल से टकराया, चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेडी/छुटमलपुर।** मात्र पाँच दिन पहले सात जिंदगियाँ निगल चुका सैयद माजरा फ्लाईओवर का नीचे वाला पुराना पुल एक बार फिर खौफनाक हादसे का गवाह बना। बुधवार सुबह 6 बजे खनन से भरा तेज रफ्तार डम्पर अनियंत्रित होकर पुल की दीवार तोड़ते हुए पल की दीवार के अंदर जा घुसा डम्पर के परखच्चे उड़ गए और चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुतबिक मृतक चालक की पहचान। मोहसिन पुत्र शकील निवासी मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर परिचालक साजिद पुत्र मतलूब 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे के बाद डम्पर में भरी रेत-बजरी दूर तक बिखर गई और पुल का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्र निवासियों के अनुसार नया हाईवे खुलने के बावजूद रात में खनन माफिया पुराने पुल के नीचे से भारी डम्पर दौड़ाते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।



गौरतलब है कि 27 नवंबर की रात इसी जगह तेज रफ्तार ट्रक ने कार को कुचलकर सात लोगों की जान ले ली थी। उस हादसे की गूँज अभी थमी भी नहीं थी कि फिर वही जगह, वही लापरवाही और फिर मौत। ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब ऊपर का हाईवे चालू है तो नीचे से ओवरलोड डम्पर कैसे गुजर रहे? रात में खनन और परिवहन पर रोक के बावजूद पुलिस-प्रशासन की खामोशी क्या इशारा कर रही? हादसे के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। क्रेन की मदद से डम्पर को हटाया गया। पुल को फिलहाल एक तरफ से बंद कर दिया गया है। एनएचएआई और खनन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुँच गए हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक नहीं लगी तो वे हाईवे जाम कर देंगे। यह हादसा एक और बड़ी त्रासदी की आहट है। प्रशासन अब भी नहीं चेता तो अगला नंबर किसी मासूम परिवार का हो सकता है।

# ताहिर पहलवान ने किया सड़क का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** रहना मे कांग्रेस पार्टी के जिला पंचायत सदस्य ताहिर पहलवान ने जिला पंचायत निधि से सीसी सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया है। और कहा की क्षेत्र मे बिना भेदभाव विकास कार्य कराना ही मकसद है स

बतादे की क्षेत्र के गांव रहना मे ग्रामीणों की मांग पर वार्ड नंबर 8 से जिला पंचायत सदस्त ने बुधवार को करीब 8 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 150 मीटर सीसी सड़क निर्माण का फीता काटकर शुभारम्भ किया और कहा की बिना भेदभाव कार्य कराना ही मकसद है।

जिला पंचायत सदस्य ने बताया की अब तक विधानसभा क्षेत्र मे करोड़ो रुपए के विकास कार्य कराये जा चुके हैं और आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे। ताहिर पहलवान ने कहा की यदि जनता उन्हें दोबारा मौका देकर चुनती है स तो इसी तर्ज पर विकास कार्य कराते रहेंगे स और जनता की सेवा करते रहेंगे।

इस दौरान चो हामिद, बबली प्रधान, चो कलीम,अनीस चौधरी, फरीद, मुस्तकीम, अकरम, कादिर, आजम आदि मौजूद रहे।

# बकाया जमा न करने पर पैट्रोल पंप व 3 दुकानें सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने बड़े बकायादारों पर एक बार फिर शि. कंजा कसना शुरु कर दिया है। निगम की राजस्व टीम ने आज बेहट रोड स्थित एक पैट्रोल पम्प व तीन दुकानों को बकाया जमा न करने पर सील कर दिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज बड़े बकायादारों पर कार्रवाई की गयी। कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने टैक्स जमा न करने पर आज अंबाला रोड स्थित तीन दुकानों को सील कर दिया। भवन स्वामी की ओर पिछले कई साल से करीब तीन लाख 43 हजार बकाया चला आ रहा था। इसके अलावा बेहट रोड पर इण्डियन ऑयल का एक पैट्रोल पंप भी सील कर दिया गया। पैट्रोल पंप स्वामी की ओर निगम का करीब तीन लाख रुपये टैक्स बकाया चला आ रहा है। कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त बकायादारों को पहले बिल भेजे गए।

उसके बाद डिमांड नोटिस और फिर रेड कॉर्नर नोटिस भेजे गए लेकिन बकायादारों द्वारा टैक्स जमा नहीं किया गया। अत: नगरायुक्त के निर्देश पर आज उक्त पैट्रोल पंप एवं दुकानों को सील किया गया है। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक मनीष चौहान, टीसी विजय नागपाल व आशीष आदि शामिल रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया अधिवक्ता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता ऐसोसिएसन द्वारा सिविल कोर्ट में अधिवक्ता दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सिविल कोर्ट रजिस्ट्री कम्पाउंड में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त सचिव जमाल साबरी ने अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर न्याय, अधिकार और समाजहित की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी सम्मानित अधिवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की प्रतिबद्धता और निरंतर सेवा ही हमारे न्याय तन्त्र को सुदृढ़ बनाती है। दिनेश चौधरी एड एवं अब्दुल रहमान एड ने कहा कि समाज में अधिवक्ताओं के महत्व को स्वीकार किया जाता है स्वतंत्रता संग्राम में भी वकीलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समाज को न्याय दिलाने में अग्रिम भूमिका में अधिवक्ता ही रहता है।



कार्यक्रम दिनेश चौधरी एड, अब्दुल रहमान एड. शाहजमा एड, सन्दीप पंवार एड, अम्बुज चौधरी एड,आरिफ एड, सादिक एड, मुकेश कुमार एड, रुमन लाम्बा एड, शाबाना मलिक एड, शिवानी टैगोर एड, काजल, साकिब अली एड, विकास एड,फईम एड, गरिमा राणा एड.,राव खालिद एड,साकिर एड. अंकिता एड, नफीस एड, सोनू एड, मौ वाजिद एड, पूजा प्रजापति एड, आयशा एड,अभिषेक एड,वसीम एड, यस एड आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## अन्डर-14 का ट्रायल आयोजित

**सहारनपुर।** अंबाला रोड स्थित ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड पर बुधवार को अंडर-14 जोनल ट्रायल आयोजित किया गया। यूपीसीए के दिशा निर्देशों के तहत सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने इस ट्रायल का आयोजन किया।

ट्रायल में सहारनपुर जोन, मेरठ जोन और मुरादाबाद जोन की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 250 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।चयन प्रक्रिया उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (जूनियर) के चीफ सेलेक्टर कमलकांत कनोजिया की देखरेख में संपन्न हुई। उन्होंने खिलाड़ियों के कौशल और तकनीक को परखते हुए कहा कि चयनित खिलाड़ियों की सूची जल्द जारी की जाएगी। एसडीसीए के चेयरमैन मोहम्मद अकरम ने ट्रायल के दौरान सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनपद के युवा क्रिकेटरों में प्रतिभा की कमी नहीं है और ऐसे ट्रायल उनके खेल को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसडीसीए के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि पूरा आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ और आगे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। ट्रायल के दौरान ग्राउंड पर उत्साहपूर्ण माहौल रहा। बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन में एसडीसीए के सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता, राज कुमार राजू, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, जॉइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, भावना तोमर, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, प्रीति मेहरा,राज शेखर आदि का सहयोग रहा।

# महजबी ने अखिलेश से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान ने दिल्ली मे सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान आगामी जिला पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बुधवार को सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान ने बेहट समेत जनपद के मौजूदा राजनीतिक हालात, संगठन की स्थिति, महिला मोर्चा की सक्रियता और गांव-देहात में पार्टी के प्रति जनता के रुझान की जानकारी अखिलेश यादव को दी। उन्होंने बताया कि महिला सभा लगातार गांव-गांव संपर्क अभियान चला रही है और महिलाओं के मुद्दों को प्रमुखता से उठा रही है। अखिलेश यादव ने इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, महिला कार्यकर्ताओं को अधिक जिम्मेदारियाँ देने और युवतियों तथा पहली बार मतदान करने वाली महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी ही चुनावी सफलता की सबसे मजबूत नींव है। बैठक में क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं जैसे महंगाई, बेरोजगारी, पेयजल, बिजली बिल, सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी चर्चा हुई। महजबी खान ने बताया कि जनता इन मुद्दों को लेकर परेशान है और पार्टी इन समस्याओं को चुनावी अभियान में प्रमुखता से उठाएगी। महजबी खान ने मुलाकात को बेहद सकारात्मक और उपयोगी बताते हुए कहा कि सपा सुप्रीमो की ओर से मिले मार्गदर्शन के बाद महिला सभा अब और अधिक ऊर्जा के साथ आगामी चुनावों की तैयारियों में जुट जाएगी। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में समा. जवादी पार्टी मजबूत प्रदर्शन करेगी और जनता बदलाव का मन बना चुकी है।



इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष जिंदी, वरिष्ठ सपा नेता हाशिम, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी व एसपीओ सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हर त्योहार व शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने पर एसएसपी आशीष तिवारी ने समाजसेवियों व एसपीओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

एसएसपी आशीष तिवारी ने समाजसेवी आरिफ खान व अध्यक्ष सरदार देवेन्द्र सिंह की टीम की सराहना की।सम्मानित होने वालों में समाजसेवी आरिफ खान, सरदार देवेन्द्र सिंह, पवन अग्रवाल, मोहम्मद आलम, विशाल शर्मा, माजिद खान, समीर अंसारी, गोरव शर्मा, नौशाद अंसारी, मोहम्मद रफी, अनवर मलिक, मोहम्मद सरफराज, आसिम खान, मोहम्मद मूसा अली, हस्सान राणा, अनुज अग्रवाल, सचिन पांच. ाल, अब्दुल कलीम मौजूद रहे।

# डीएम का मतदान केंद्रों पर निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2025 कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

निर्वाचन अधिकारी ने प्राप्त गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि यह कार्य समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से संपन्न होना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर बीएलओ का सहयोग करने के निर्देश दिए, ताकि फॉर्म संकलन और डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में किसी प्रकार का विलंब न हो। श्री बंसल ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को बिना देर किए ऑनलाइन दर्ज करते रहें। साथ ही, फॉर्म संग्रह में लगे कर्मचारियों को जनता से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें प्रपत्र जमा करने के लिए प्रेरित करने को कहा, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।



जिला निर्वाचन अधिकारी मनीश बंसल ने जिले के मतदाताओं से विशेष आग्रह किया कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और अपने गणना प्रपत्र स्वयं भरकर जल्द से जल्द संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि समय पर फॉर्म जमा होने से डिजिटाइजेशन और सत्यापन प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूरी की जा सकेगी।

## शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा

**सहारनपुर।** श्रीसाई हरि संकीर्तन परिवार के तत्वाधान में आगामी 16 दिसंबर को आयोजित होने वाली भव्य श्री साई शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर श्री सनातन धर्म मंदिर में बैठक आयोजित की गई।

सुभाष नगर स्थित मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान यात्रा मार्ग, समय, भंडारे एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने हेतु अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। सभा में अमित वत्ता, रमन चावला, नरेंद्र तनेजा, प्रवीण चांदना सहित अन्य सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की। संस्था द्वारा शोभायात्रा के सुचारू संचालन के लिए सभी पदाधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। अध्यक्षता आशु सिंधु द्वारा की गई।

# नेत्रहीन बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेत्रहीन एवं विकलांग कल्याण शिक्षण संस्थान में आज विश्व विकलांग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में नेत्रहीन बालकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत संगीत कंप्यूटर ब्रेल लिपि, शतरंज, चेस आदि का प्रदर्शन किया गया जिसमें पवन, किट्टू शिवम अतुल, मनीष, निरल शौर्य अनुज आशीष अनुज र आदि का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

चंद्र विहार कॉलोनी गंगोह रोड स्थित संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में ड्रीम ग्रुप यमुनानगर से ईशा शर्मामंजू सिंघल, आरती, शिवानी, अनुराधका सुषमा शर्मा, मोहिनी, कमल श्रीवास्तव ने स्वागत कर बच्चो ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है हर नेत्रहीन शिक्षित होकर स्वाबलंबी बने ओर देश के समग्र विकास में अपना योगदान दे, साथ ही समाज में जागृति पैदा करना है। कार्यक्रम में कमल श्रीवास्तव, संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा, सुषमा शर्मा अवनीश शर्मा प्रमोद संजय और मोहिनी हिमांशु सनी आदि के द्वारा अतिथयों का स्वागत किया गया।



इस अवसर पर नेत्रहीन अध्यापक शिवम, कोमल पटेल, सुरेन्द्र आदि को पुरस्कृत किया। तत्पश्चात सभी नेत्रहीन बालको को पुरस्कार दिए गया अध्यापक शिवम, राजिंदर, टीनू को शाल उड़ाकर सम्मानित किया। सभी का संस्थापिका सुषमा शर्मा ने आभार प्रकट किया।

# सम्पादकीय

गुरुवार , 4 दिसम्बर 2025

## साइबर अपराधों का जाल

केंद्र सरकार ने मोबाइल फोन में संचार साथी के प्री-इंस्टालेशन की अनिवार्यता को हटाने की बात कही है। सरकार का कहना है कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टाल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है। संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए अनिवार्य प्री- इंस्टालेशन को हटाने का फैसला लिया था। सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार से आदेश मिलने के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इन्कार कर दिया था। वहीं साइबर अपराधों की बढ़ती जटिलता, डिजिटल अरेस्ट से लेकर गुमनाम व बड़े पैमाने पर सीमा-पार घपलों, ने उनसे तुरंत निपटना जरूरी और कठिन दोनों बना दिया है। साइबर अपराधियों ने उस सुरक्षा खामी का फायदा उठाया है, जिसमें इंस्टैंट मैसेजिंग एप्स पर उपयोगकर्ताओं के खाते संबद्ध सिम कार्ड हटा दिये जाने के बाद भी चालू रहते हैं। इस गुमनामी का इस्तेमाल करते हुए वे सरकार का रूप धर कर धोखाधड़ी करते हैं। फर्जी या छेड़छाड़ किये हुए आईएमईआई नंबरों के धड़ल्ले से इस्तेमाल ने भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए अपराधियों को खोज निकालना लगभग नामुमकिन बना दिया है। ऐसे में, सरकार द्वारा साफ्टवेयर और हार्डवेयर संबंधी इन कमजोरियों के निवारण के लिए ज्यादा धारदार साधनों के इस्तेमाल की कोशिश शायद अपरिहार्य हो गयी है। दूरसंचार विभाग के 28 नवम्बर और 1 दिसम्बर के निर्देश भी यही बताते हैं। पहला निर्देश सिम बाइंडिंग , यह सुनिश्चित करना कि वास्तविक सिम हटाने पर उपयोगकर्ता का खाता ठप हो जाए, को बाध्यकारी बनाता है। दूसरे में, स्मार्टफोन निर्माताओं को मार्च 2026 तक सभी नये यंत्रों ( डिवाइस ) में डिवाइस आथेंटिसिटी के सत्यापन के लिए संचार साथी एप प्री-इंस्टाल करना था। पहला निर्देश एक सुरक्षा पैबंद जो व्हाट्सएप/इंटरनेट मैसेजिंग उपयोगकर्ताओं को असुविधा में डाल सकता है, जबकि दूसरा उस कहावत की याद दिलाता है कि नरक का रास्ता बनने की शुरुआत अक्सर अच्छी मंशा से होती है। जाली हैंडसेट और फर्जी आईएमईआई नंबर की समस्या का यह हल एक ऐसा इलाज है, जो बीमारी से ज्यादा नुकसानदेह हो सकता है। निर्देश में बिल्कुल साफ कहा गया था कि एप पहली बार इस्तेमाल या डिवाइस सेटअप के समय अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए आसानी से नजर आने वाला और सुगम पहुंच वाला हो तथा इसकी कार्यशीलताओं को अक्षम या सीमित नहीं किया जा सके, जिसका मतलब यह हुआ कि इस एप को फोन के आपरेटिंग सिस्टम के भीतर उच्च सुरक्षा मंजूरी दी जाएगी, जिससे इसे कैमरा, फोन या एसएमएस एक्सेस जैसी सुविधाओं तक ज्यादा घुसपैठ वाली पहुंच मिलेगी। राज्य निगरानी ( स्टेट सर्विलांस ) के लिए इस एप के दुरुपयोग और सुरक्षा से समझौते के बाद किसी बदनीयत व्यक्ति या संगठन द्वारा करोड़ों उपयोगकर्ताओं को निशाना बनाये जाने की आशंका साफ तौर पर मौजूद है। केंद्र सरकार ने राजनीतिक विपक्ष, पत्रकारों और एक्टिविस्टों को निशाना बनाने के लिए पेगासस साफ्टवेयर के इस्तेमाल के साथ जो किया है, उसे देखते हुए यह बेबुनियाद डर नहीं है।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता



मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरू से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है, वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है, क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए कि उससे लाखों लोगों के हितों को नजरदअंदाज किया जाए, अरावली पहाड़ियों को लेकर जो नीतियां तैयार की हैं, उसके तहत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन प्रतिबंध लागू नहीं होंगे, गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतीय शृंखला ऐतिहासिक रूप से देश की भूगोलिक और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन अब सरकार की नई नीतियों ने इन पहाड़ियों के लिए रूप से मौत का फरमान जारी कर दिया है। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष ,लोकसभा**

# आत्महत्या करते विश्व गुरु के गुरुजन







**निर्मल रानी**

**शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर सपने जगाना और उन्हें पंख देना है। कलाम साहब का मानना था कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार-मुक्त और सुन्दर मन वाला समाज चाहता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि समाज के तीन सदस्य इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मां, पिता और गुरु। यहां तक कि शिलांग में अपने जीवन के अंतिम क्षणों में दिए गए अपने अंतिम भाषण में भी उन्होंने अपनी एक स्मृति का उल्लेख इन शब्दों में किया था, मुझे याद है मेरे शिक्षक ने कहा था, अगर तुम अच्छे शिक्षक बनो, तो तुम्हारा छात्र तुम्हें पार कर जाएगा। मैंने यही किया और आज मेरा छात्र ( वे IIM शिलांग के छात्रों की ओर इशारा कर रहे थे ) मुझे पार कर जाएगा। यह शिक्षक का सबसे बड़ा इनाम है।**

मतदाता सूची के संशोधन के लिए देश के कई राज्यों में चलाया जा रहा विवादित विशेष गहन संशोधन SIR इन दिनों काफी चर्चा में है। SIR को लेकर कथित तौर पर बरती जा रही अनियमितताएं तो चर्चा में हैं ही साथ ही इस अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ की आत्महत्याओं के मामले भी सुर्खियों में हैं। अलग-अलग रिपोर्ट्स के मुताबिक नवम्बर-दिसम्बर 2025 में कम से कम 12 से 20 बीएलओ ने आत्महत्या की है, जबकि आत्महत्या सहित हार्ट अटैक व स्ट्रोक आदि से 30 से अधिक बीएलओ की मृत्यु होने का समाचार है। आत्महत्या करने वाले कई बी एल ओ ने भले ही अपने सुसाईड नोट या आत्महत्या से पूर्व जारी अपने वी डी ओ सन्देश में स्पष्ट रूप से काम के भारी दबाव व तनाव की बात क्यों न की हो परन्तु चुनाव आयोग इन मौतों को SIR से जोड़ने से इंकार करता है और इन्हें अन्य प्रकार के मामलेष बताता है। आयोग ने इन मौतों को लेकर कुछ विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को राजनी. तिक करार देते हुए कहा है कि ये मौतें SIR प्रक्रिया से सीधे जुड़ी नहीं हैं, और अधिकांश मामलों की जांच चल रही है।

बहरहाल SIR प्रक्रिया व इसी दौरान बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ की आत्महत्याओं के सन्दर्भ में एक सबसे अहम बात यह है कि आत्महत्या करने वाले इन बूथ स्तरीय अधिकारियों में अधिकांशतः शिक्षक ही शामिल हैं? बीएलओ आमतौर पर सरकारी स्कूल शिक्षक ही होते हैं, क्योंकि चुनाव आयोग सरकारी कर्मचारियों, खासकर शिक्षकों को ही इस भूमिका के लिए नियुक्त करता है। तो क्या राष्ट्र निर्माण की धुरी समझे जाने वाले शिक्षक समाज की नौबत अब यहां तक आ पहुंची है कि उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है? वह भी किसी गैर शिक्षण संबंधी कार्य का निर्वहन करते हुए? इन घटनाओं ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या देश के गुरुजनों को ऐसी सरकारी ड्यूटी पर लगाना चाहिए जहां न केवल उन्हें तनावग्रस्त होना पड़े बल्कि उनकी डड्‌टी के दौरान बाधित होने वाले शिक्षण कार्यों से भी देश के छात्रों का भविष्य प्रभावित हो?

भारत सरकार या चुनाव आयोग की नजरों में शिक्षक की अहमियत क्या है यह तो सरकार व चुनाव आयोग की उदासीनता से बखूबी समझा जा सकता है परन्तु भारत रत्न एपी जे अब्दुल कलाम की नजरों में शिक्षक का महत्व क्या है यह विभिन्न अवसरों पर उन्होंने बयान किया है। अब्दुल कलाम शिक्षकों को समाज का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ मानते थे। वे अक्सर कहते रहते थे कि शिक्षक राष्ट्र-निर्माता होते हैं कलाम साहब कहते थे कि शिक्षक वो नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्य ठूंसे, बल्कि एक अच्छा शिक्षक वो है जो छात्र के दिमाग में रचनात्मकता की लौ जलाए। शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर सपने जगाना और उन्हें पंख देना है। कलाम साहब का मानना था कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार-मुक्त और सुन्दर मन वाला समाज चाहता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि समाज के तीन सदस्य इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मां, पिता और गुरु। यहां तक कि शिलांग में अपने जीवन के अंतिम क्षणों में दिए गए अपने अंतिम भाषण में भी उन्होंने अपनी एक स्मृति का उल्लेख इन शब्दों में किया था, मुझे याद है मेरे शिक्षक ने कहा था, अगर तुम अच्छे शिक्षक बनो, तो तुम्हारा छात्र तुम्हें पार कर जाएगा। मैंने यही किया और आज मेरा छात्र (वे IIM शिलांग के छात्रों की ओर इशारा कर रहे थे) मुझे पार कर जाएगा। यह शिक्षक का सबसे बड़ा इनाम है। कलाम साहब के लिए शिक्षक कोई नौकर नहीं, बल्कि वह राष्ट्र की आत्मा को गढ़ने वाले माली के समान है। वे मानते थे कि एक अच्छा शिक्षक पूरे देश के भविष्य को बदल सकता है। शायद यही वजह थी कि वे स्वयं को भारत रत्न,पूर्व राष्ट्रपति या मिसाईल मैन कहलवाना नहीं बल्कि प्रोफेसर कहलाना ज्यादा पसंद करते थे।

इस सन्दर्भ में हरियाणा सरकार के हाल ही में लिए गए उस फैसले की प्रशंसा करना जरूरी है जिसमें राज्य सरकार ने शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य और शिक्षण से जुड़ी गतिविधियों तक ही सीमित रखने का आदेश जारी किया है। यह फैसला शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 27 के तहत लिया गया है जिसमें चुनाव ड्यूटी, सर्वे, डेटा एंट्री जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त कर केवल स्कूलों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। खबर तो यह है कि यह आदेश वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। परन्तु यदि हरियाणा सहित देश के सभी राज्य इस प्रकार के स्थाई आदेश जारी करें तो सम्भवतः चुनाव,प्त या जनगणना जैसे अन्य विभागों के काम के बोझ से दबकर आत्म हत्या किए जाने जैसी खबरों पर जरूर विराम लग सकेगा, परन्तु बड़े आश्चर्य की बात है कि गुरु को लेकर तरह तरह के उपदेश देने व उनके सम्मान का दिखावा करने वाली सरकारों ने आज गुरु को उस अंजाम तक पहुंचा दिया है जहां उन्हें आत्म हत्या करनी पड़ रही है? आज क्यों नहीं याद आती सरकार को संत कबीर दास की वह वाणी जिसमें उन्होंने कहा था कि गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताय। अर्थात गुरु और गोबिंद भगवान एक साथ खड़े हों तो किसे प्रणाम करना चाहिए। गुरु को अथवा गोबिन्द को? ऐसी स्थिति में गुरु के चरणों में शीश झुकाना उत्तम है जिनके कृपा रूपी प्रसाद से गोविन्द का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ या फिर संत कबीर के ही यह वचन कि गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरू बिन मिलै न मोष। गुरु बिन लखै न सत्य को गुरू बिन मिटै न दोष।। अर्थात- हे सांसरिक प्राणियों। बिना गुरु के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बन्धनों मे जकड़ा रहता है जब तक कि गुरू की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष रूपी मार्ग दिखलाने वाले गुरु ही हैं। बिना गुरु के सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता। उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता फिर मोक्ष कैसे प्राप्त होगा? अतः गुरु की शरण में जाओ। गुरु ही सच्ची राह दिखाएंगे। परन्तु कितना दु:खद है कि गुरु पूर्णिमा व शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु सम्मान का दिखावा करने वाली आज की सरकारों के दौर में विश्व गुरु भारत के गुरुजन स्वयं आत्महत्या करते दिखाई दे रहे हैं?

( ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रदूषण ने छीन ली चेहरे की चमक



**शहनाज हुसैन**

**इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है।**

देश में प्रदूषण का स्तर किसी से छिपा नहीं है। पिछले काफी हफ्तों से ज्यादातर शहरों में पी एम लेवल 150 से पार रिकॉर्ड किया जा रहा है जो कोलेजन और इलास्टिसिटी जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को नुकसान पहुंचाता है। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण का असर पर्यावरण के अतिरिक्त त्वचा और आंखों पर दिखाई देता है। इसकी वजह से त्वचा बेजान और बेरुखी नजर आती हैं तथा त्वचा पर एक्ने, एक्जिमा व हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं जिससे आप समय से पहले ही बूढ़े दिखने लगते हैं। प्रदूषण के कारण त्वचा की सुरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इससे त्वचा में नमी की कमी होती है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है।

मेरा यह सुझाव है कि बाहर से आते ही चेहरे को हल्के फेस वाश से जरूर धोएं ताकि त्वचा पर जमी धूल, गंदगी को हटाया जा सके जिससे त्वचा की सुरक्षा परत को सुरक्षित रखा जा सके। सनस्क्रीन का इस्तेमाल सूरज की यूवी किरणों के इलाबा प्रदूषण से भी आपकी स्किन की सुरक्षा करता है। एक व्यापक 30 एसपीएफ या उससे अधिक स्पेक्ट्रम वाली सनस्क्रीन का उपयोग करें। सुबह बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि प्रदूषण और धूप मिलकर नुकसान को कई गुना बढ़ा देते हैं। सप्ताह में दो से तीन बार स्किन की गहराई से सफाई और एक्सफोलिएशन करें, ज्यादातर लोग त्वचा की सामान्य तरीके से क्लींजिंग करते हैं। जबकि बढ़ते प्रदूषण में स्किन को डीप क्लीनिंग करनी होती है। चेहरे को धोने के लिए ऑयल बेस्ड क्लींजर का यूज करें दिन में दो बार फेस वॉश जरूर करें। पूरे दिन त्वचा पर प्रदूषण और गंदगी जमा हो जाती है जिसे साफ करने के लिए सोने से पहले डबल क्लींजिंग करें। इसमें पहले तेल आधारित क्लींजर से अशुद्धियों को पिघलाकर चेहरे को साफ किया जाता है। इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है। त्वचा को डिटॉक्स और हाइड्रेट करने के लिए रोजाना पर्याप्त पानी जूस ,सूप पिएं और अपने भोजन में रोज फल व सब्जियां शामिल करें। इस दौरान एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना भी मददगार साबित हो सकता है। एंटीऑक्सीडेंट ज्यादातर फल और सब्जियों में पाए जाते हैं। फलों में ज्यादातर जामुन, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, अंगूर , संतरे और अनार में पाए जाते हैं ६ सब्जियों में पालक , गाजर और ब्रॉक्ली इसके स्त्रोत हैं। प्रदूषण से जंग जीतने में घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर विटामिन सी युक्त सिरम जरूर लगाएं। इससे स्किन को फ्री रेडिकल से बचाया जा सकता है और त्वचा की रंगत में निखार आता है। एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त क्रीम लगाने से चेहरे के पिगमेंटेशन कम होते हैं और त्वचा को कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। इस दौरान ज्यादा गर्म या ठंडे पानी से नहाने से परहेज करें क्योंकि यह त्वचा को शुष्क बना सकता है इसकी बजाय सामान्य या गुनगुने पानी का इस्तेमाल बेहतर साबित होगा। बार-बार मुंह धोने से त्वचा की सुरक्षा परत कमजोर पड़ सकती है इसलिए दो बार से ज्यादा मुंह न धोएं। अगर आपकी त्वचा में जलन हो रही हो तो कठोर स्क्रब, अल्कोहल। आधारित टोनर और रेटिनॉइड जैसे उत्पादों से परहेज करें क्योंकि ए नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो आपको क्लीजिंग क्रीम तथा जैल का प्रयोग करना चाहिए जबकि तैलीय त्वचा में क्लीनिंग दूध या फेस वाश का उपयोग किया जा सकता है। सौंदर्य पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए चन्दन, यूकेलिप्टस, पुदीना, नीम, तुलसी, घृतकुमारी जैसे पदार्थों का उपयोग कीजिए। इन पदार्थों में विषैले तत्वों से लड़ने की क्षमता तथा बलवर्धक गुणों की वजह से त्वचा में विषैले पदार्थों के जमाव तथा फोड़े, फुन्सियों को साफ करने में मदद मिलती है। वायु प्रदूषण खोपड़ी पर भी जमा हो जाते है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है शं नो वरुणः अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना 4 दिसम्बर 2025 को तिरुवनंतपुरम के



शंगुमुघम बीच पर नौसेना दिवस को भव्य और अद्वितीय ऑपरेशनल प्रदर्शन के रूप में मना रही है। यह आयोजन न केवल 1971 के ऐतिहासिक युद्ध विजय को स्मरण करेगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की उभरती सामरिक शक्ति और बढ़ते समुद्री प्रभाव का भी प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर सतह पोतों, पनडुब्बियों और हवाई युद्धक क्षमताओं का शानदार संगम देखने को मिलेगा, जो नौसेना की बहु-क्षेत्रीय तत्परता और सटीक सैन्य संचालन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। पूरे प्रदर्शन का केंद्रबिंदु आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना होगी। स्वदेशी जहाजों, हथियार प्रणालियों और तकनीकी प्लेटफॉर्म की प्रस्तुति यह स्पष्ट संदेश देगी कि भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया की आत्मा को वास्तविक शक्ति में बदल रही है। यह आयोजन न केवल तकनीकी उत्कृष्टता, संसाधन क्षमता और ऊर्जावान रणनीतिक सोच का परिचायक बनेगा बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में स्थापित करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा। यह भव्य प्रदर्शन उन वीर पुरुषों और महिलाओं को नमन है, जो अनुशासन, साहस और राष्ट्रनिष्ठा के साथ समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। यह भारतीय नौसेना को एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और युद्ध के लिए सदा तत्पर बल के रूप में स्थापित करने का सशक्त घोष है। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ईस्ट इंडिया मरीन से बदलकर बॉम्बे मरीन कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी भारतीय नौसेना कर दिया गया। भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान: 13 साल के बच्चे ने दी मौत की सजा

## स्टेडियम में करीब 80 हजार लोग देखने जुटे, दोषी ने बच्चे के 13 परिजनों की जान ली थी

**काबुल।** अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में एक स्टेडियम में 80 हजार लोगों के सामने एक अपराधी को गोली मार दी गई। अमू न्यूज के मुताबिक गोली चलाने का काम एक 13 साल के लड़के ने किया। जिस आदमी को 13 साल के लड़के ने मारा, उस पर आरोप था कि उसने उसके परिवार के 13 लोगों की हत्या की थी।

इसमें कई बच्चें और महिलाएं भी थीं। फांसी से पहले तालिबान अधिकारियों ने उस 13 साल के बच्चे से पूछा कि क्या वह आरोपी को माफ करना चाहता है। बच्चे ने इंकार कर दिया। इसके बाद अधिकारी ने बच्चे को बंदूक देकर सामने खड़े शख्स पर गोली चलाने को कहा। तालिबान की सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मारा गया आदमी मंगाल खान था। उसने अब्दुल रहमान नाम के शख्स की हत्या की थी। खोस्त पुलिस प्रवक्ता मुस्तगफिर गोरबाज के मुताबिक, मरने और मारने वाले दोनों रिश्तेदार थे। इस मामले में दो और दोषियों को भी मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन उन्हें



अफगान सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मारा गया आदमी मंगाल खान था

फांसी इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि पीड़ितों के कुछ वारिस उस समय मौजूद नहीं थे। इससे एक दिन पहले तालिबान ने आम लोगों को नोटिस जारी कर सार्वजनिक रूप से यह घटना देखने के लिए बुलाया था। इसमें लोगों को खोस्त के सेंट्रल स्टेडियम में जुटने को कहा गया था। मंगला खान को मौत की सजा मिलने के बाद तालिबान के सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस रिलीज कर घटना की जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि सार्वजनिक रूप से किसास (जान के बदले जान) की सजा के तौर पर एक कातिल को मार दिया गया है। अपराधी मंगाल खान मूल रूप से पकतिया प्रांत का था और खोस्त में रह रहा था। उसने खोस्त के ही अब्दुल रहमान, साबित, और अली खान की हत्या की थी। इस मामले की तालिबान की तीन अदालतों (प्राथमिक, अपीलीय और तमीज) ने बहुत बारीकी से जांच की। तीनों अदालतों ने सर्वसम्मति से शकिसासश के आदेश को मंजूरी दी। इस आदेश को अंतिम रूप में मौलवी हिबतुल्लाह अखुंदजादा (तालिबान के सर्वोच्च नेता) को भी भेजा गया था, जिन्होंने अपनी मंजूरी दी। हत्या के दौरान स्टेडियम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, खोस्त के राज्यपाल (गवर्नर), खोस्त अपीलीय कोर्ट के प्रमुख, और अन्य सरकारी अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। 15 अगस्त 2021 को तालि. बान ने दोबारा अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

## इजरायल से सीरिया से बातचीत जारी रखे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में सीरिया की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है तथा इजरायल और सीरिया के बीच मजबूत बातचीत जारी रखने के महत्व पर बल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका सीरिया के विकास में सहयोग के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है तथा उन्होंने देश पर लगे बहुत कड़े एवं कठोर प्रतिबंधों को हटाने के अपने निर्णय की सराहना की। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने मध्य पूर्व में शांति के ऐतिहासिक अवसर पर बल दिया और सीरिया के एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरने की बात की। उन्होंने सीरिया और इजरायल के बीच दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति अल-शरा के प्रयासों की सराहना की।



**चेन्नई। चक्रवात दित्वा के मद्देनजर बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लोगों को बचाते हुए।**

## ट्रम्प ने बाइडन के हस्ताक्षर दस्तावेजों को शून्य घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन के ऑटोपेन हस्ताक्षर युक्त सभी दस्तावेजों को अमान्य, शून्य और आगे से किसी भी कानूनी प्रभाव से रहित घोषित कर दिया। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट किया। जोसेफ आर. बाइडन जूनियर के प्रशासन में अब कुख्यात और अनधिकृत 'ऑटोपेन' हस्ताक्षरित कोई भी दस्तावेज, घोषणाएं, कार्यकारी आदेश, ज्ञापन या अनुबंध अब पूरी तरह अमान्य, शून्य और आगे से किसी भी कानूनी प्रभाव से रहित हैं। उन्होंने आगे लिखा। जिन लोगों को 'माफी', 'सजा में कमी' या कोई अन्य कानूनी दस्तावेज इस तरह से मिला हो, उन्हें सूचित किया जाता है कि वह दस्तावेज पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है और उसका कोई कानूनी प्रभाव नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने ताइवान के मामले पर फिर जापान से नाराजगी जताई

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान पर जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के एक हालिया बयान पर एक बार फिर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि जापान को अपने ऐतिहासिक अपराधों पर विचार करना चाहिए और अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए। ताइवान मामलों के राष्ट्रीय परिषद के प्रवक्ता झांग हान ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जापान को चीन के आंतरिक मामलों में दखल देना बंद कर देना चाहिए। उसे मजबूत कदम उठाते हुए अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं और 'अखंड-चीन' सिद्धांत पर टिके रहना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री अनिका वेल्स ने बुधवार को सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध का पालन करने में विफल रहती हैं तो उन्हें लाखों डॉलर का जुर्माना भरना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश 10 दिसम्बर से प्रभावी हो जाएगा और इससे एक सप्ताह पहले अपने भाषण में सुवेल्स ने स्वीकार किया कि कुछ बच्चे नए प्रतिबंधों से बचने का रास्ता खोज लेंगे।

### ईयू की पूर्व विदेश नीति प्रमुख मोगेरिनी हिरासत में

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की पूर्व विदेश नीति चीफ फेडेरिका मोगेरिनी को बेल्जियम पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले की जांच के लिए हिरासत में लिया है। यूरा.ेपीय संघ की पूर्व उच्च प्रतिनिधि सुमोगेरिनी को धोखाधड़ी-विरोधी जांच के तहत एक पुलिस छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया। इसके बाद पूरे ब्रसेल्स में खलबली मच गई है। सुमोगे. रिनी उन तीन संदिग्धों में से एक हैं जिन्हें मंगलवार सुबह पूछताछ के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका-रूस के बीच शांति समझौते पर हुई बात: उशाकोव

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने यूक्रेन शांति समझौते के लिए अमेरिका की ओर से पेश किए गए दस्तावेज के विशिष्ट बिंद.ुओं पर तो चर्चा नहीं की है, लेकिन मोटे तौर दोनों देशों ने बातचीत कर ली है। पुतिन के सहयोगी युरी उशाकोव ने बुधवार को यह जानकारी दी। उशाकोव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने अपने अमेरिकी समकक्षों से उन दस्तावेजों के कुछ बिंदुओं पर बात की जो अमेरिका ने कुछ समय पहले हमारे सहयोगियों को दिए थे।

# इमरान ने साधा आसिम मुनीर पर निशाना

## पाक के पूर्व पीएम ने कहा: पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवाद के लिए फील्ड मार्शल जनरल जिम्मेदार



**जनरल मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को दरकिनार कर पश्चिमी शक्तियों को खुश करने में लगे हुए हैं: इमरान खान**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने देश के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि जनरल मुनीर की नीतियां न सिर्फ पाकिस्तान के लिए विनाशकारी हैं बल्कि उन्होंने जानबूझकर अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ाया है।

इमरान खान ने यह आरोप अपने ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए, जिसमें उन्होंने बढ़ते आतंकवाद, राजनीतिक दमन और जेल में अपने साथ हो रहे कथित अत्याचार का भी जिक्र किया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि जनरल मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को दरकिनार कर पश्चिमी शक्तियों को खुश करने में लगे हुए हैं। उनके मुताबिक अफगानिस्तान के खिलाफ कठोर रुख, शरणार्थियों की जबरन वापसी और ड्रोन हमलों जैसे कदमों ने देश में आतंकवाद को और भड़काया है। इमरान खान ने आरोप लगाया कि मुनीर खुद को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर 'मुजाहिद' के रूप में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि इसका नुकसान पाकिस्तान उठा रहा है। यह बयान इमरान खान ने तब दिया जब उनकी बहन डाक्टर उज्मा खान ने लगभग एक महीने बाद अदियाला जेल में उनसे मुलाकात की। यह मुलाकात शहबाज शरीफ सरकार की स्पेशल परमिशन के बाद हुई। इमरान ने दावा किया कि बढ़ते आतंकी घटनाओं के लिए वे मुनीर को जिम्मेदार मानते हैं। उन्होंने कहा कि देश में ड्रोन हमले और सैन्य अभियान केवल अस्थिरता बढ़ाते हैं और स्थानीय आबादी में गुस्सा पैदा करते हैं।

खान का कहना है कि मुनीर ने पहले अफगानों को धमकाया, फिर शरणार्थियों को निकालने का आदेश दिया और फिर ड्रोन हमले शुरू किए, जिसके नतीजे आज पाकिस्तान में सामने आ रहे हैं। इमरान खान ने जेल में अपने साथ हो रहे व्यवहार को मानसिक यातना बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें चार सप्ताह से पूरी तरह अकेले एक सेल में बंद रखा गया है, न किसी से मिलने दिया जा रहा है, न किसी तरह की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक साथियों से मिलने पर पहले रोक लगाई गई और अब परिवार व वकीलों तक का एक्सेस खत्म कर दिया गया। खान ने दावा किया कि उनकी पत्नी को झूठे मामलों में फंसाया गया है और उनकी बहन नूरीन नियाजी को सिर्फ मुलाकात मांगने पर सड़क पर घसीटा गया। इमरान खान ने कहा कि देश में कानून और संविधान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने दमन के इस माहौल में समझौते के बजाय प्रतिरोध का रास्ता चुना है। खान ने खैबर पख्तूनख्वा में गवर्नर राज लगाने की धमकियों को चुनौती देते हुए कहा कि अगर ऐसा करने की हिम्मत है तो तुरंत लागू कर देखें, फिर देखेंगे उनके साथ क्या होता है।

### आसिम मुनीर कट्टरपंथी: अलीमा खानुम

**इमरान की बहन बोलीं: इस्लाम न मानने वालों से लड़ते हैं, इमरान ने भारत से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिश की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इस्लामी कट्टरपंथी और रूढ़िवादी बताया। उन्होंने बुधवार को स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुनीर ऐसे लोगों से लड़ना चाहते हैं जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा से जब मई में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीधे तौर पर आसिम मुनीर पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुनीर अपनी कट्टरपंथी सोच की वजह से भारत के साथ युद्ध करना चाहते हैं। अलीमा ने अपने भाई इमरान खान को लिबरल बताया। उन्होंने कहा कि जब इमरान खान सत्ता में आए तो उन्होंने भारत और यहां तक कि बीजेपी से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की। जबकि मुनीर बार्डर पर तनाव और युद्ध का माहौल बनाते हैं, जिससे भारत और उसके सहयोगी प्रभावित होते हैं। अलीमा खानुम का दावा है कि इमरान पाकिस्तान के 90 प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए उन्हें अलग-थलग करके शहबाज शरीफ की सरकार पाकिस्तान के लोगों का दमन कर रही है। अलीमा ने इमरान खान को पाकिस्तान के लिए 'एसेट' बताते हुए पश्चिमी देशों से अपील की है कि वे उनकी रिहाई के लिए मदद बढ़ाएं। इमरान भ्रष्टाचार के मामले में 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। इमरान ने कल अपनी उज्मा खान से मुलाकात की थी। इमरान 27 दिन के बाद परिवार का कोई सदस्य मिले थे। इससे पहले उन्होंने 5 नवम्बर को अपनी बहन नौरीन खान से मुलाकात की थी।

# भारत ने श्रीलंका के पीड़ितों को और मदद भेजी

**पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की, ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सेना की टुकड़ी पहुंची**

**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की है। दरअसल, श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है। भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को इस तबाही से बचने के लिए 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया। भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी बुधवार को श्रीलंका पहुंची।

पड़ोसी देश को मानवीय आपदा राहत (एचएडीआर) अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है, जिससे पड़ोसी देश को सहायता प्रदान की जा सके। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहयोग कर रहा है। भारतीय वायु सेना का एक सी-17 विमान चिकित्सा दल और उपकरण लेकर कोल.ंबो पहुंच गया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पोस्ट कर कहा कि एक भारतीय वायु सेना का सी-17 परिवहन विमान, जिसमें एक स्व-निहित, माडयूलर फील्ड अस्पताल, 70 से ज्यादा चिकित्सा और सहायता कर्मी, और वाहन हैं, कोलंबो पहुंच गया है। भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहायता कर रहा है। इससे पहले, भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने सुनामी, आर्थिक संकट और चक्रवात से हुई तबाही जैसी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्रथम प्रत्युत्तरदाता के रूप में भारत की भूमिका की सराहन की। उच्चायुक्त कोलोन ने कहा कि चक्रवात के कारण श्रीलंका में भारी क्षति हुई है।

400 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हम अभी भी राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। नुकसान का व्यापक आकलन करने मे कुछ समय लगेगा। हम भारत के आभारी हैं कि वह हमेशा की तरह सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है। पहले सुनामी, फिर आर्थिक संकट के दौरान और अब चक्रवात के दौरान भारत हमारी सहायता के लिए सबसे पहले आया। वे राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। जमीन पर मेडिकल टीमें और मोबाइल अस्पताल मौजूद हैं और जब हम बात कर रहे हैं, तब भी वे हमारी मदद कर रहे हैं और श्रीलंका के अधिका.रियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि श्रीलंका इस मुश्किल दौर से गुजर सके।

# पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की सेहत नाजुक

**अचानक अस्पताल पहुंचे बांग्लादेश के तीनों सेना प्रमुख, जल्द ठीक होने की कामना की**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। ऐसे में चौकाने वाला खबर तब सामने आया, जब बांग्लादेश की तीनों सशस्त्र सेवाओं के प्रमुख गंभीर रूप से बीमार पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया से मिलने अस्पताल पहुंचे।

थल सेनाध्यक्ष जनरल वाकर- उज- जमान, नौसेना प्रमुख एडमिरल मोहम्मद नजमुल हसन, और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान मंगलवार को एवरकेयर अस्पताल पहुंचे। यह जानकारी बांग्लादेश की सैन्य मीडिया शाखा आईएसपीआर ने दी। सूत्रों के अनुसार, तीनों सेवा प्रमुखों की गाड़ियां रात करीब नौ बजे अस्पताल के मुख्य द्वार पर दिखाई दीं। उन्होंने अस्पताल में थोड़ी देर रुककर जिया से मुलाकात की और उनके परिवार और मेडिकल टीम से बातचीत की। इसके बाद रात 9:20 बजे के आसपास वे अस्पताल से चले गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो तीनों प्रमुखों ने जिया के जल्दी स्वस्थ होने की दुआ की। इसके बाद जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी 80 वर्षीय जिया से मुलाकात की।

## रूस ने यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय टिप्पणियों की निंदा की

**मास्को।** रूस ने ब्रुसेल्स में अवरुद्ध अपनी संप्रभु निधियों के संभावित उपयोग पर यूरा.ेपीय नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना की है और यूरोप पर युद्धोन्माद एवं चोरी का आरोप लगाया है। रूस ने कहा कि यूरोप मास्को की वित्तीय संपत्तियों को चुराकर उन्हें यूक्रेन को ऋण देने की योजना बना रहा है ताकि कीव अपनी 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित कर सके। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं से कहा कि वे (यूरोपीय) यूरोप में अवरुद्ध रूसी परिसंपत्तियों को चुराने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह 200 अरब डॉलर से अधिक है।

# चीन का पहला रीयूजेबल रॉकेट लॉन्च फेल

## ऑर्बिट तक पहुंचा, लेकिन बूस्टर पृथ्वी पर लौटते समय फटा, केवल अमेरिका के पास ये टेक्नोलॉजी



**अमेरिका अब भी इकलौता देश है, जिसका आर्बिटल क्लास बूस्टर धरती पर सफलतापूर्वक लौटा है**

**बीजिंग।** चीन की लीडिंग प्राइवेट स्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने 3 दिसम्बर को अपना पहला रीयूजेबल राकेट जेडआईक्यू-3 वाई1 लॉन्च किया। राकेट ने सफलतापूर्वक आर्बिट हासिल की, लेकिन फर्स्ट स्टेज बूस्टर की लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई।

यह रिकवरी साइट के ऊपर फट गया। यह चीन का पहला ऐसा प्रयास था जहां रीयूजेबल राकेट को आर्बिट में भेजा गया। अमेरिका अब भी इकलौता देश है, जिसका आर्बिटल क्लास बूस्टर धरती पर सफलतापूर्वक लौटा है। इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने फाल्कन 9 राकेट के जरिए सबसे पहले ऐसा किया था। इसके अलावा, जेफ बोजेस की कंपनी ब्लू ओरिजिन ऐसा कर चुकी है। पिछले महीने न्यू ग्लेन राकेट अपने दूसरे मिशन में बूस्टर को रिकवर करने और रीयूज करने में कामयाब रहा था। इस मिशन का मकसद राकेट को लो-अर्थ आर्बिट (एलईओ) तक ले जाना और फर्स्ट स्टेज को वापस पृथ्वी पर लैंड करना था। हालांकि, आग लगने के कारण वो इसमें कामयब नहीं हो सका। राकेट को दोपहर में चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया। राकेट ने लिफ्टआफ से लेकर आर्बिट इंसर्शन तक का पूरा सफर तय अनुसार किया। लैंडस्पेस के इंजी. नियर्स ने लाइव अपडेट्स में बताया कि टेलीमेट्री डेटा परफेक्ट था। फर्स्ट स्टेज रिटर्न के दौरान किसी गड़बड़ी के कारण हवा में ही इसमें आग लग गई। इसकी वजह राकेट की हीट शील्ड या पैराशूट सिस्टम में कोई गड़बड़ी हो सकती है। जेडआईक्यू-3 वाई1 एक मीडियम-लिफ्ट रीयूजेबल राकेट है, जो मिथेन-पावर्ड इंजन से चलता है। इसे चीन की प्राइवेट कंपनी लैंड स्पेस ने बनाया है। राकेट का डायमीटर 4.5 मीटर है। ऊंचाई 66.1 मीटर है। पूरी तरह फ्यूल भरने पर इसका वजन करीब 570 मीट्रिक टन हो जाता है। लिफ्टआफ थ्रस्ट 750 टन से ज्यादा है। यह सैटेलाइट्स को लो-अर्थ आर्बिट या सन-सिंक्रोनस आर्बिट में ले जा सकता है। रॉकेट के प्रोपेलेंट टैंक स्टेनलेस स्टील के बने हैं, जो मजबूत होते हैं, हाई टेम्परेचर और करोशन को झेल सकते हैं और इनकी लागत भी कम आती है। बूस्टर पर चार ग्रिड फिन और चार लैंडिंग लेग लगे है।

# हम यूरोप से जंग के लिए तैयार: पुतिन

## कहा: अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार



**यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है बल्कि सर्जिकल आपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है: पुतिन**

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार है।

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोप से युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर यूरोप युद्ध शुरू करता है तो मामला इतना जल्दी खत्म होगा कि बात. चीत करने वाला कोई नहीं बचेगा। पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है, बल्कि सर्जिकल आपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप के साथ सीधा युद्ध हुआ तो हालात अलग होंगे और रूस पूरी ताकत से जवाब देगा। यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए चार साल हो चुके हैं। यह सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद बाद यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है। रूस अभी तक पड़ोसी यूक्रेन पर पूरी तरह कब्जा नहीं कर पाया है। यूक्रेन को यूरोपीय देशों और अमेरिका का मजबूत समर्थन मिल रहा है। यूरोपीय देशों और यूक्रेन का कहना है कि अगर पुतिन यूक्रेन युद्ध जीत जाते हैं तो वे किसी नाटो देश पर हमला कर सकते हैं। हालांकि पुतिन इस दावे को बार-बार बकवास बता चुके हैं। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय देशों ने खुद ही रूस से बात. चीत के रास्ते बंद कर लिए हैं। इसलिए अब वे युद्ध के पक्ष में खड़े हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने 25 नवम्बर को दावा किया रूस अगले चार साल में किसी छ।ज्ञ देश पर हमला कर सकता है। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुताबिक रूस 2029 तक नाटो के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है। वेडफुल ने चेतावनी दी है कि रूस की ये नई सैन्य यूनिट्स् यूरोपीय संघ और नाटो को निशाना बना सकती हैं।





